■ वर्ष 31 अंक 194 ■ जबलपुर रविवार 4 जनवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




# वेनेजुएला : आधी रात आसमान से बरसी कयामत

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पत्नी समेत उठा ले गया अमेरिका


काराकस।

शनिवार की सुबह अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति में एक ऐसे भूचाल के साथ हुई, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकस में प्रमुख सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इस गोपनीय और अत्यधिक जोखिम भरे ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करना था। ट्रम्प के दावे के अनुसार, अमेरिकी सेना ने न केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को कथित तौर पर हिरासत में लेकर वहां से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है, जिसे एक एक्सट्रैक्शन ऑपरेशन के रूप में देखा जा रहा है। वेनेजुएला में तैनात अतंर्राष्ट्रीय पत्रकारों को भी उम्मीद न थी कि रात को 2 बजे अमेरिका का ये ऑपरेशन इतना बड़ा होगा। धमाके बिजली कड़कने से भी ज़्यादा तेज थे, इससे उनके घर हिलने लगे। राजधानी काराकास एक घाटी में स्थित है, इसलिए धमाकों की आवाज पूरे शहर में गूंजी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि फुएर्टे ट्यूना के मिलिट्री बेस पर कई हवाई हमले हुए हैं। यह कराकस का मुख्य बेस है, जो वेनेजुएला की राजधानी के दक्षिण में स्थित है। ला कार्लोटा एयर बेस और कराकस में अन्य मिलिट्री ठिकानों, जैसे कुआर्टेल डे ला मोंटाना– जहां ह्यूगो शावेज के अवशेष रखे हैं। साथ ही माराके और ला गुएरा, और सेंट्रल कोस्ट पर हिगुएरोटे एयरपोर्ट पर भी हमलों की पुष्टि हुई है। सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में शहर के ऊपर हेलीकॉप्टर उड़ते हुए भी देखे गए हैं। स्थानीय लोगों के लिए ये कयामत की रात जैसा वाकया था। इसी दौरान अमेरिकी स्पेशल फोर्सेस ने मादुरो और उनकी पत्नी को कैप्चर किया और हेलीकॉप्टर से बाहर निकाल लिया। मादुरो की ताजा लोकेशन अभी तक अज्ञात है। ये पूरा ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म हो गया। इस दौरान ग्राउंड बैटल न के बराबर हुई क्योंकि वेनेजुएला की एयर डिफेंस जल्द ही न्यूट्रलाइज हो गई थी।

### वेनेजुएला सरकार की प्रतिक्रिया

यह सैन्य कार्रवाई अमेरिका और वेनेजुएला के बीच वर्षों से चले आ रहे तनाव का ही एक विस्फोटक परिणाम प्रतीत होती है, जिसकी जड़ें कड़े आर्थिक प्रतिबंधों, विवादित चुनावों और प्रवासी गिरोहों से जुड़ी समस्याओं में गहरी धंसी हुई हैं। इस हमले पर वेनेजुएला सरकार की ओर से तीखी और तत्काल प्रतिक्रिया आई है। मादुरो प्रशासन ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सीधा और घोर उल्लंघन करार दिया है। उनका आरोप है कि अमेरिका का असली मकसद लोकतंत्र की स्थापना नहीं, बल्कि वेनेजुएला के विशाल तेल और खनिज संसाधनों पर कब्जा करना है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक निंदा



इस घटना की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक निंदा शुरू हो गई है। रूस ने वेनेजुएला पर हुए इस हमले को लेकर कहा है कि हम वेनेजुएला के साथ है। रूस की ये प्रतिक्रिया अमेरिका के लिए भी एक संकेत की तरह है। रूस ने अपने बयान में आगे कहा कि है कि हम वेनेजुएला के लोगों के साथ अपनी एकजुटता और इसके बोलिवेरियन नेतृत्व के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करते हैं। रूस का ये बयान उस समय आया है जब अमेरिका की सेना वेनेजुएला में बेहद आक्रामक रूप ले चुकी है। अमेरिकी सैनिक वेनेजुएला के राष्ट्रपति तक को अपने साथ ले जाने का दावा कर रहे हैं।

### मेरे दोस्त को तुरंत रिहा करो वरना...



अमेरिका की ओर से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेने के बाद वैश्विक तनाव तेज हो गया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने मादुरो को अपना दोस्त बताते हुए अमेरिका को विश्व युद्ध की चेतावनी दी और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। किम जोंग उन ने अमेरिका को सीधी धमकी दे डाली है। उत्तर कोरियाई तानाशाह ने कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति को तुरंत रिहा किया जाए। इसके साथ ही अमेरिका को धमकाते हुए किम जोंग ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर गंभीर वैश्विक परिणाम होंगे।

### ट्रंप की घोषणा से चौंक गई दुनिया

इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना द्वारा राजधानी काराकास पर बड़े पैमाने पर हमले के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया है और उन्हें वेनेजुएला से बाहर ले जाया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक जीओपी सीनेटर को बताया कि मादुरो पर अमेरिका में मुकदमा चलेगा। राष्ट्रपति ट्रंप की ये घोषणा अविश्वसनीय थी। ऐसा शायद पहले कभी हुआ न हो जब अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में किसी मुल्क में आक्रमण किए हो और वहां के राष्ट्रपति को ही उठाकर ले गए हों।

## 'घायल हूं इसीलिए घातक हूं'



### टीएमसी के चुनावी कैंपेन में अभिषेक बनर्जी के आक्रामक तेवर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले ही अभी नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक दलों ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भी अपने नए चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की बंगाल यात्रा को लेकर एक नया वीडियो जारी किया गया है, जिसमें फिल्म 'धुरंधर' के डायलॉग और गाने का इस्तेमाल किया गया है। दरअसल, इस वीडियो में अभिषेक बनर्जी का संदेश 'घायल हूं इसीलिए घातक हूं' सामने रखा गया है, जिसे पार्टी के नए कैंपेन की टैगलाइन के तौर पर पेश किया गया है। अभिषेक बनर्जी ने एक महीने तक चलने वाले चुनावी अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के पहले दिन ही टीएमसी ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया। वीडियो के जरिए पार्टी ने आगामी चुनावों से पहले अपनी रणनीति और आक्रामक तेवर दिखाने की कोशिश की है।

## कांग्रेस ने 45 दिन के मनरेगा बचाओ संग्राम का ऐलान किया



**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ एक बड़े राजनीतिक अभियान की घोषणा करते हुए शनिवार को कहा कि वह 45 दिन के देशव्यापी आंदोलन मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत आठ जनवरी से करेगी। यह अभियान 25 फरवरी तक चलेगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हाल में लागू किया गया वीबी-जी राम जी अधिनियम काम के कानूनी अधिकार को चुपचाप खत्म कर देता है। उन्होंने कहा कि यह कानून सत्ता के विनाशकारी केंद्रीकरण का प्रयास है। यह दुनिया की सबसे बड़ी गरीबी उन्मूलन योजना को कमजोर करता है। कांग्रेस नेताओं ने नए कानून के कई प्रावधानों को खतरनाक करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा, अधिकारों का केंद्रीकरण होगा और मजदूरी दबाई जाएगी। कांग्रेस ने कहा कि अभियान के तहत आठ जनवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालयों में तैयारियों की बैठकें होंगी। इसके बाद 10 जनवरी को जिलों में प्रेस वार्ताओं के जरिए आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। गांधी या आंबेडकर प्रतिमाओं के पास 11 जनवरी को एक दिन का उपवास रखा जाएगा। इसके बाद 12 से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर चौपालें होंगी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र ग्राम प्रधानों एवं श्रमिकों को सौंपे जाएंगे। वार्ड और ब्लॉक स्तर पर 30 जनवरी को शांतिपूर्ण धरने, 31 जनवरी से छह फरवरी तक जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धरने और सात से 15 फरवरी तक विधानसभा या राजभवन के बाहर राज्य स्तरीय प्रदर्शन होंगे। इसके बाद 16 से 25 फरवरी के बीच चार बड़े क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित कर अभियान का समापन किया जाएगा।

## देश भर में फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं का जाल बिछाया जायेगा : शाह



**नई दिल्ली (वार्ता)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में देशभर में फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं का जाल बिछाया जायेगा जिसपर 30 हजार करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 तक देश के हर राज्य में फॉरेंसिक विश्वविद्यालय या केन्द्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशाला बनायी जायेगी। शाह ने शनिवार को अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के श्रीविजय पुरम में मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का विषय सेंट्रल फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला था। उन्होंने कहा कि सरकार और राज्य सरकारें देश भर में फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं का जाल बुनने के लिए अगले पांच साल में 30 हजार करोड़ रुपए निवेश किये जायेंगे। साथ ही राष्ट्रव्यापी मापदंडों की कमी को दूर करने के लिए एक वैज्ञानिक तंत्र तैयार किया गया है। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने 2019 से लेकर अब तक संसदीय परामर्शदात्री समिति की 12 बैठकें की हैं जिसके अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का विजन है कि आपराधिक कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद समय पर न्याय मिले। उन्होंने कहा कि सरकार 2029 तक ऐसी व्यवस्था बनायेगी जिसमें तीन साल की अवधि में प्राथमिकी से लेकर उच्चतम न्यायालय तक न्याय की पूरी प्रक्रिया संपन्न हो सकेगी। शाह ने कहा कि अभी देश में 7 सीएफएसएल हैं जबकि 8 नयी प्रयोगशाला बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 तक कोई ऐसा राज्य या केंद्रशासित प्रदेश ऐसा नहीं रहेगा जहां फॉरेंसिक विश्वविद्यालय या केन्द्रीय प्रयोगशाला में से कोई एक संस्था नहीं हो।

## न्याय मशीनों से नहीं, संवेदनशील और सक्षम लोगों से मिलता है: सीजेआई

पटना (वार्ता)।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्याधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्याय मशीनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील और सक्षम लोगों से मिलता है और इसी समझ के साथ न्याय व्यवस्था को एक समावेशी, सक्षम और मानवीय न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में सात अलग अलग भवनों और संरचनाओं का उद्घाटन करने के बाद न्यायधीशों, वकीलों और उच्च अधिकारियों के एक समूह को सबोधित कर रहे थे। सीजेआई ने कहा कि न्याय मशीनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील और सक्षम मनुष्यों से मिलता है और इसी समझ के साथ हमें एक समावेशी, सक्षम और मानवीय न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र की धरती अनुशासन, तर्क और प्रशासनिक विवेक की प्रतीक रही है। यही वह भूमि है जहाँ से आधुनिक प्रशासन, नैतिकता और लोककल्याण की अवधारणाएँ विकसित हुईं। उन्होंने कहा कि पटना उच्च न्यायालय एक संवैधानिक संस्था के रूप में न केवल संविधान के अंगीकरण का साक्षी रहा है, बल्कि अधिकारों और स्वतंत्रताओं के निरंतर विस्तार की यात्रा का भी महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सुदृढ़ और कुशल प्रशासन न्याय प्रणाली की रीढ़ होता है।



फाइलों का सुव्यवस्थित संचालन, अभिलेखों का संरक्षण और न्यायिक निर्णयों का प्रभावी प्रबंधन, ये सभी कार्य सामान्य प्रतीत होते हैं, लेकिन इन्हीं से न्यायिक दक्षता सुनिश्चित होती है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश ने कहा कि न्याय प्रणाली की आत्मा मानव संसाधन है। प्रशिक्षण, क्षमता विकास और निरंतर सीखने की प्रक्रिया से ही न्याय व्यवस्था सशक्त बनती है। न्यायालय परिसर को केवल विवाद निपटारे का स्थान नहीं, बल्कि शिक्षा, संवाद और सहयोग का केंद्र भी बनना चाहिए। साथ ही, यह स्वीकार करना होगा कि न्याय प्रणाली से जुड़े सभी लोगों का शारीरिक और मानसिक कल्याण भी न्याय का अभिन्न अंग है। सीजेआई ने उच्च न्यायलय परिसर में एडीआर भवन, ऑडिटोरियम, आईटी भवन, प्रशासनिक ब्लाक, मल्टी लेवल कार पार्किंग, हॉस्पिटल, आवासीय काम्प्लेक्स, एडवोकेट जेनरल ऑफिस का उद्घाटन और गया में जजों के लिए बने गेस्ट हाउस का ई-उद्घाटन किया।

## चुनाव आयोग ने ईसीआईनेट ऐप में सुधार के लिए नागरिकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली (वार्ता)।** चुनाव आयोग ने अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट ऐप को और बेहतर बनाने के लिए नागरिकों से 10 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित किये हैं। चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार कोई भी नागरिक इसके लिए ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड कर के उसमें सुझाव सबमिट करें टैब के जरिये अपनी राज और सुझाव दे सकता है। इस पहल का उद्येश्य जनभागीदारी के साथ इस ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए यथा संभव अधिक अनुकूल बनाना है। आयोग के अनुसार, ईसीआईनेअ ऐप के परीक्षण के बाद से इसमें कई महत्वपूर्ण सुधार किये गये हैं। इससे मतदाता सेवाएं बेहतर हुई हैं, मतदान प्रतिशत के रुझान जल्दी उपलब्ध हो रहे हैं।

## मिजोरम में 33.186 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**नई दिल्ली।** मिजोरम के सैतुअल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास असम राइफल्स ने 11.062 किलो मेथामफेटामिन टैबलेट जब्त की हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी अनुमानित कीमत 33.186 करोड़ रुपए है। असम राइफल्स को ड्रग तस्करी से जुड़े खुफिया इनपुट मिले थे। इसके आधार पर मिजोरम पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सैतुअल जिले के कैफांग इलाके में की गई।

## इंदौर में कांग्रेस-बीजेपी कार्यकर्ता भिड़े

### पुलिस ने पूर्व मंत्री-विधायक को हिरासत में लिया



**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में शनिवार को कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ता भिड़ गए। इस दौरान जमकर हंगामा, नारेबाजी और धक्कामुक्की देखने को मिली। अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। जवानों ने हल्का बल प्रयोग कर कांग्रेस नेताओं को गाड़ियों में भरा और इलाके से दूर ले गए। कांग्रेस की पांच सदस्यीय जांच समिति भागीरथपुरा के लोगों से मिलने पहुंची थी। यहां बीजेपी कार्यकर्ता सामने आ गए। उन्होंने 'बाहरी लोग वापस जाओ' के नारे लगाए तो कांग्रेसी 'घंटा पार्टी मुर्दाबाद' के नारे लगाने लगे। काले झंडे दिखाए गए, चूड़ियां फेंकी गईं। इसी दौरान किसी ने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की तरफ चप्पल भी फेंकी। एडिशनल सीपी अमित सिंह और कई सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक महेश परमार, प्रताप गरेवाल, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को हिरासत में ले लिया। गाड़ी में बैठाकर उन्हें बाहर ले गए। उधर, इंदौर में दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या 16 हो गई है। हीरालाल की मौत 31 दिसंबर को हुई थी। भागीरथपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुताबिक, हीरालाल निवासी शीतल नगर लक्ष्मी नगर में किसी के पास मिलने आए थे, तभी उनकी हालत खराब हुई थी। मौत कार्डियक अरेस्ट से होने की बात सामने आई थी। दूसरी ओर, भोपाल में समाजवादी पार्टी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बंगले के बाहर प्रदर्शन किया। नेम प्लेट पर कालिख पोती। मंत्री का इस्तीफा मांगा।

## टीएमसी सांसद मौसम नूर कांग्रेस में लौटीं


कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद मौसमी नूर ने कांग्रेस में वापसी कर ली है। नई दिल्ली में शनिवार को उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। मौसमी नूर का राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है और माना जा रहा है कि वह मालदा से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। 46 साल की मौसमी नूर 2009 से 2019 तक मालदा से दो बार कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा सांसद रह चुकी हैं।

## सुरक्षाबलों ने एएसपी की शहादत का लिया बदला

### मुठभेड़ में 14 नक्सली ढेर

रायपुर।




छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। डीआरजी के जवानों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान कुल 14 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों ने सुकमा में किस्टाराम इलाके में तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान नक्सलियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। कई घंटों की गोलीबारी के बाद 12 नक्सली ढेर कर दिए गए। जवानों ने मौके से एके-47 और इंसास राइफल भी बरामद की है। मुठभेड़ में खूंखार माओवादी एसीएम हितेश भी मारा गया है। हितेश 9 जून को कोंटा के पास हुए आईईडी ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था, जिसमें तत्कालीन एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की जान चली गई थी। उस घटना को एसीएम हितेश ने ही अंजाम दिया था। आज जवानों ने एएसपी आकाश राव की शहादत का बदला ले लिया। वहीं, कोंटा एरिया कमेटी में सक्रिय रहने वाला माओवादी मंगडू भी इस मुठभेड़ में मारा गया है। मंगडू अपने कई साथियों के साथ जंगलों में छिपा था, जिसकी जानकारी मिलते ही एसपी किरण चव्हाण ने डीआरजी की टीम को ऑपरेशन के लिए रवाना किया। सुरक्षाबलों की टीम तड़के सुबह ही जंगलों में छापेमारी करने पहुंच गई। इस दौरान माओवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों पक्षों में करीब 1 घंटे तक मुठभेड़ चली, जिसमें 12 नक्सली मार गिराए गए। इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### 8 लाख का इनामी था मंगडू

*बता दें कि 40 वर्षीय वेट्टी मुका उर्फ मंगडू सुकमा जिले के गोगुड़ा गांव का रहने वाला था। वो पिछले कई सालों से माओवादी संगठन से जुड़ा था और कोंटा एरिया कमेटी के सचिव पद पर नियुक्त था। कई नक्सली हमलों को अंजाम देने वाला मंगडू अपने पास एके-47 जैसे हथियार रखता था। प्रशासन ने उसपर 8 लाख का इनाम रखा था।*

### बीजापुर में 2 नक्सली ढेर

*सुकमा के अलावा सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में भी लाल आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है।*

# इंदौर में सम्मान समारोह, शहडोल की संस्था को राष्ट्रीय मंच पर मिली गौरवपूर्ण पहचान

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में जिले के लिए यह क्षण अत्यंत गौरव का रहा, जब 18 दिसंबर 2025 को इंदौर में आयोजित इम्पैक्ट इंडिया समिति 2025 के भव्य समारोह में शहडोल की कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं डॉ. जनक पलटा मगिलिगन, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। समारोह के दौरान कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कल्याणी बाजपेई को महिला एवं बाल अधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय, सतत एवं प्रभावी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।



यह सम्मान न केवल संस्था की उपलब्धि है, बल्कि पूरे जिले के लिए सम्मान और पहचान का विषय बनकर उभरा है। 2008 से समाज परिवर्तन की सतत यात्रा वर्ष 2008 से निरंतर कार्यरत कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी महिला सशक्तिकरण, बच्चों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और जन-जागरूकता के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर प्रभावी पहल कर रही है। संस्था के प्रयासों ने प्रशासन, समाज और शिक्षा के समन्वय से एक संवेदनशील, करुणामय और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में मजबूत नींव रखी है। ग्रामीण अंचलों में दगना कुप्रथा के विरुद्ध निर्णायक अभियान संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दगना कुप्रथा के खिलाफ चौपाल, प्रचार-प्रसार, जनसंवाद और जागरूकता रैलियों के माध्यम से लगातार अभियान चलाए गए। इन प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा कि कई गांवों में दगना प्रथा के मामलों में कमी आई, वहीं शिशु मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। यह बदलाव सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का सकारात्मक प्रमाण है। शहडोल के लिए राष्ट्रीय गौरव इम्पैक्ट इंडिया समिति द्वारा दिया गया यह सम्मान यह दर्शाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि संकल्प स्पष्ट हो, तो स्थानीय प्रयास भी राष्ट्रीय पहचान बना सकते हैं।

कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी को मिला यह सम्मान जिले की सामाजिक चेतना, प्रशासनिक सहयोग और नागरिक सहभागिता की सफलता की कहानी है। यह उपलब्धि आने वाले समय में महिला एवं बाल अधिकारों की दिशा में और अधिक प्रभावी कार्यों के लिए प्रेरणा बनेगी शहडोल से निकलकर देशभर में सामाजिक बदलाव की मिसाल।



# एसडीएम ने सिंहपुर मंदिर समिति की ली बैठक

## मां काली मंदिर न्यास के गठन की प्रक्रिया हुई तेज

शहडोल (स्वतंत्रमत)। धार्मिक स्थलों के सुव्यवस्थित संचालन और विकास की दिशा में प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। 3 जनवरी को एसडीएम अमृता गर्ग सुबह 11.00 बजे ऐतिहासिक सिंहपुर मंदिर पहुँचीं। यहाँ उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

**न्यास निर्माण के लिए दस्तावेजों की जांच**-बैठक का मुख्य उद्देश्य मां काली मंदिर न्यास ट्रस्ट के विधिवत गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना था। इस दौरान एसडीएम ने मंदिर समिति के पास उपलब्ध समस्त पुराने दस्तावेजों, आय-व्यय के विवरण और वर्तमान संचालन व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली।

**बैठक के मुख्य बिंदु**-दस्तावेजीकरण मंदिर की भूमि और संपत्ति से जुड़े कागजातों का अवलोकन किया गया ताकि न्यास निर्माण में कोई कानूनी अड़चन न आए।

संचालन व्यवस्था वर्तमान में मंदिर की व्यवस्थाएं कैसे चल रही हैं और भविष्य में न्यास बनने के बाद इनमें क्या सुधार किए जा सकते हैं, इस पर चर्चा हुई। जन-सहभागिता बैठक में ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे, जिनसे मंदिर के विकास और सुविधाओं को लेकर सुझाव लिए गए। पारदर्शिता पर जोर एसडीएम अमृता गर्ग ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यास के गठन से मंदिर के प्रबंधन में और अधिक पारदर्शिता आएगी और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा सकेंगी।

उन्होंने समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने की बात कही। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सिंहपुर क्षेत्र के ग्रामीण ज़न उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों को करें पूर्ण : सीईओ



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक एवं इंजीनियरों की बैठक ली। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संबंधितो के विरूद्व सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण शिकायतकर्ताओ से संपर्क कर संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियो को दिलाए, योजनाओ से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में ईकेवाईसी कार्य की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के प्रकरणो की निराकरण की स्थिति, पीएम आवास सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, इंजीनियर्स उपस्थिति रहें।

# शासकीय भूमि के नाम पर निजी मकान खाली कराने की कोशिश, पीड़ित ने एसडीएम से लगाई गुहार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पीड़ित शिव प्रसाद बैगा पिता चुन्दा बैगा निवासी ग्राम बोडरी, तहसील सोहागपुर का अनुसूचित जनजाति विशेष बैगा वर्ग का गरीब व्यक्ति हूँ। आवेदक की क्रयशुदा भूमि स्थित ग्राम नंदना, प.ह. हरदी तहसील सोहागपुर स्थित आराजी ख.नं. 136.1.1.2 रकबा 0.053 हे. पूर्व भूमिस्वामी दउआ बैगा पिता बहरा बैगा निवासी ग्राम नंदना से विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से वर्ष 2007 में क्रय किया गया था व विधिवत कब्जा प्राप्त कर उस पर मकान का निर्माण किया गया था जो आज भी निर्मित है। आवेदक के द्वारा अपने उपरोक्त क्रयशुदा आराजी ख.नं. 136.1.1.2 रकया 0.053 हे. भूमि से लगी शासकीय भूमि ख.नं. 169 रकवा 0.485 हे. भूमि है जिसमें रोड़ भी निर्मित है व कुछ भूमि रोड के उस तरफ है, आवेदक की भूमि से लगी शासकीय भूमि पर प्रार्थी का कब्जा दखल चला आ रहा है। आवेदक अपने उपरोक्त मकान को वर्ष 05 फरवरी 2007 से सजय कुमार तिवारी पिता पुरुषोत्तम प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम नंदना को 200 रू. प्रतिमाह के दर पर किराये पर दिया गया है जिससे प्रार्थी के मकान की देखरेख व सुरक्षा भी होती है। गांव के कुछ लोगों मेरे किरायेदार संजय कुमार तिवारी पिता पुरुषोत्तम प्रसाद तिवारी से रंजिश रखते है जिस कारण से निलंबित शिक्षक सूर्यप्रकाश तिवारी एवं उनके भाई अतिथि शिक्षक कृष्ण प्रकाश तिवारी के द्वारा अपने प्रभाव में हल्का पटवारी व राजस्व निरीक्षक को अपने प्रभाव में लेकर गलत तरीके से संजय कुमार तिवारी को शासकीय भूमि नं 169 रकवा 0.485 है के जुज भाग में अतिक्रमण करना बताया जा रहा है, जबकि संजय कुमार तिवारी मेरे किरायेदार है उनके द्वारा उपरोक्त शासकीय भूमि में किसी प्रकार न कोई कब्जा नहीं किया गया है प्रार्थी आवेदक अपने भूमि पर काबिज होकर मकान बनाया है जिसमें संजय कुमार तिवारी किरायेदार है। प्रार्थी के स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 136.1.1.2 रकवा 0.053 0 जिसका भूमिस्वामी प्राथी आवेदक है प्रार्थी के द्वारा जानबूझकर किसी भी प्रकार का शासकीय भूमि में कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है, और भूमि का नाप निष्पक्ष रूप से किया जावेगा तो सच्चाई सामने आ सकती है। ग्राम नंदना के कुछ ग्रामवासी निलंबित शिक्षक सूर्यप्रकाश तिवारी एवं उनके भाई अतिथि शिक्षक कृष्ण प्रकाश तिवारी के अपने साथ कुछ शिक्षकों को लेकर रंजिशन कूटरचित षडयंत्र एवं साजिश शामिल होकर मुझ प्रार्थी को बाहरी व बैगा जाति का आदिवासी मानकर मेरे खिलाफ नफरत व घृणा करते हुए प्रार्थी की भूमि पर बने मकान को गिराये जाने की साजिश रचकर अपने प्रभाव का दुरूपयोग करते हुए मुझ गरीब आदिवासी का मकान गिरा देना चाहते है। जिससे प्रार्थी को आर्थिक क्षति होगी जिसकी भरपाई भविष्य में संभव नहीं होगी। आवेदक के निज स्वामित्व व पट्टे कब्जे दखल की आराजी जिस पर मकान निर्मित है, व जिसे मेरे द्वारा संजय कुमार तिवारी को किराये पर दिया गया है उपरोक्त आराजी में निर्मित मकान को गिराये जाने की कार्यवाही पर त्वरित रोक लगाया जाये।



# रातों-रात जेसीबी से यात्री प्रतीक्षालय ध्वस्त, ग्राम पंचायत ने दर्ज कराई शिकायत

## सरकारी प्रतीक्षालय ध्वस्त करने वालों के एफआईआर दर्ज करने की माँग

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) विक्रमपुर ग्राम अंतर्गत ग्राम पंचायत कसई सोढ़ा के बस स्टैंड परिसर में वर्षों से संचालित शासकीय प्रतीक्षालय को शुक्रवार की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



ग्रामीणों के अनुसार उक्त प्रतीक्षालय का उपयोग वर्षों से यात्रियों द्वारा किया जा रहा था। गर्मी के मौसम में यहां प्याऊ की व्यवस्था भी की जाती थी, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को राहत मिलती थी। वर्तमान में राजमार्ग निर्माण कार्य के तहत नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है, लेकिन नाली निर्माण से प्रतीक्षालय को किसी प्रकार की बाधा या आपत्ति नहीं थी, इसके बावजूद अज्ञात कारणों से इसे तोड़ दिया गया।

ग्राम पंचायत ने की कड़ी कार्रवाई की मांग - घटना को लेकर ग्राम पंचायत कसई सोढ़ा द्वारा पुलिस चौकी विक्रमपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने, दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई, तथा घटना में प्रयुक्त जेसीबी मशीन को जब्त करने की मांग की गई है।

ग्राम पंचायत कसई सोढ़ा के सरपंच ने कहा कि यह शासकीय संपत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने का मामला है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए।

वहीं उपसरपंच ने इसे सीधे तौर पर गुंडागर्दी करार देते हुए कहा कि प्रशासन को तत्काल सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।ग्रामीणों की चेतावनी - समस्त ग्रामवासी कसई सोढ़ा (विक्रमपुर) ने एक स्वर में मांग की है कि दोषियों के खिलाफ शासकीय संपत्ति को ध्वस्त करने के अपराध में एफआईआर दर्ज कर जुर्माना वसूला जाए, और उसी राशि से उसी स्थान पर नया प्रतीक्षालय निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई कर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। फिलहाल पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रशासनिक सूझबूझ से एनएच-45 निर्माण एवं सीएम राइज स्कूल के संरक्षण की दिशा में पहल

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जबलपुर-अमरकंटक राष्टीय राजमार्ग एनएच-45 के चौड़ीकरण कार्य एवं ग्राम नरिया में नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन के अस्तित्व को लेकर उत्पन्न तकनीकी गतिरोध अब जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से सुलझने की दिशा में अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। स्कूल की बाउंड्री वॉल एवं भवन का कुछ हिस्सा हाईवे की जद में आने से निर्माण कार्य में बाधाएँ उत्पन्न हो रही थीं।



भारतीय राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि एनएच-45 का निर्माण पूर्व निर्धारित एवं अधिसूचित नक्शे के अनुरूप किया जा रहा है तथा सड़क की चौड़ाई निर्धारित मानकों के अनुसार रखना अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर, नरिया स्थित सीएम राइज स्कूल हाल ही में बनकर तैयार हुआ है, जो शासन की एक महत्वाकांक्षी शैक्षणिक योजना है और जिस पर करोड़ों रुपये की लागत आई है। ऐसे में भवन का कोई भी हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से न केवल शासकीय संपत्ति को नुकसान होता, बल्कि विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा भी प्रभावित होती।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले की 6 वर्षीय कार्ययोजना की समीक्षा



डिंडौरी (स्वतंत्र मत) प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की नोडल अधिकारी, भारत सरकार की संयुक्त सचिव स्वाति मीणा नायक द्वारा जिले में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु आगामी 6 वर्षों की कार्ययोजना की व्ही.सी. (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान योजना से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कृषि विभाग, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, एनआरएलएम, सहकारिता, उद्योग विभाग, कौशल विकास, राजस्व, आत्मा, कृषि अभियांत्रिकी, वाटरशेड एवं कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के माध्यम से बहुआयामी कार्य किए जाने का प्रावधान है।

योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधिकरण, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा, जैविक संसाधन आधारित इकाइयों का विकास, दलहन तिलहन, मशरूम, बांस एवं पुष्प उत्पादन को प्रोत्साहन, कटाई उपरांत भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई आधारभूत ढांचे में सुधार, पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी, कुटकुट एवं गोवंश आधारित आजीविका को सशक्त बनाना, फसल ऋण वितरण, राइस मिल एवं वेयरहाउस की स्थापना, उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना, छोटी कृषि जोतों का विस्तार, पलायन को कम करना, असिंचित भूमि को सिंचित बनाना तथा उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाना है। इसके साथ ही जिले के जैविक उत्पादों के प्रभावीकरण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# स्वास्थ्य शिविर में जा रहे मरीजों की बस राछु घाट पर खाई में गिरी, दो दर्जन से अधिक घायल

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राछु घाट के पास शनिवार सुबह लगभग 11 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। स्वास्थ्य शिविर के तहत इलाज के लिए मरीजों को जबलपुर ले जा रही एक सवारी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग तोड़ते हुए गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।




जानकारी के अनुसार बस में बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके परिजन सवार थे, जो स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने जबलपुर जा रहे थे। घाटी क्षेत्र में पहुंचते ही बस चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस सड़क से फिसलकर खाई में पलट गई। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें से कई यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास से गुजर रहे राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

चिकित्सकों के अनुसार गंभीर रूप से घायल यात्रियों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल व जबलपुर रेफर किया जा सकता है। अस्पताल परिसर में घायलों के परिजनों की भीड़ बनी रही।

वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही शहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में घना कोहरा और घाटी क्षेत्र में दृश्यता कम होना हादसे का संभावित कारण बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा बस चालक से भी पूछताछ की जा रही है।

प्रशासन की ओर से घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। हादसे ने एक बार फिर घाटी क्षेत्रों में यात्री बसों की सुरक्षा और सावधानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बिहार के राज्यपाल ने की वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में शिरकत, देश-विदेश के विद्वानों ने रखे अपने विचार

## सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय एवं वैश्विक पक्षों पर हुआ गहन विचार विमर्श





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के तृतिय दिवस पर शनिवार को बिहार के राज्यपाल एवं भारतीय संस्कृकि ज्ञान परंपरा के प्रवाहक माननीय आरिफ मोहम्मद का आगमन हुआ। कॉन्फ्रेंस के द्वितीय दिवस में आयोजित विभिन्न सत्रों में रामायण के सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय एवं वैश्विक पक्षों पर गहन विमर्श हुआ। रामायण और पर्यावरण संरक्षण पर सारगर्भित चिंतन द्वितीय दिवस के आठवें सत्र में रामायण एवं पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन विषय पर वक्ताओं ने विचार रखे। बांग्लादेश से आए डॉ. सरीन ने कहा कि यदि रामचरितमानस के मूल्यों को व्यवस्थित रूप से समाज में लागू किया जाए तो आधुनिक युग में भी रामराज्य की संकल्पना साकार हो सकती है। थाईलैंड की डॉ. करुणा शर्मा ने रामायण के अंतिम क्षणों में रावण (थोसाकन) की मन: स्थिति पर प्रकाश डालते हुए रामचरितमानस और थाई रामायण रामाकियन के अंतर बिंदुओं की विवेचना की।

### जीवन मूल्यों की सार्वकालिक प्रासंगिकता

प्रो. निशा पांडे ने रामायण में निहित जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि मानस का प्रत्येक पात्र हमें धर्म, कर्तव्य और राजनीति के संतुलित जीवन का मार्ग दिखाता है। उन्होंने धर्म के पांच स्तंभों के माध्यम से विकास और धर्म की पुन: स्थापना पर बल दिया। रोम में राम विषय पर श्री नम: शिवाय अरजरिया, जिला पंचायत सीईओ ने बताया ईसा पूर्व के कालखंड की एट्रस्केन सभ्यता की पेंटिंग्स इटली के संग्रहालयों में उपलब्ध हैं, जिनमें रामकथा के संकेत मिलते हैं। उन्होंने विभिन्न देशों की रामायण परंपराओं में पात्रों के दार्शनिक पक्ष पर विस्तार से चर्चा की।

**मॉरीशस और थाईलैंड में जीवंत रामायण परंपरा**-डॉ. वीनू अरुण (मॉरीशस) ने रामायण शोध संस्थान के माध्यम से युवाओं के बीच किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। वहीं श्री घनश्याम शर्मा ने मॉरीशस को बताते हुए कहा कि वहां विवाह और उत्सवों में भी राम से जुड़े गीत गाए जाते हैं। थाईलैंड से आए मिस्टर किट्टी पोंग ने हिंदी में वक्तव्य देते हुए बताया कि थाई रामायण रामाकियन को बच्चों और युवाओं को नृत्य के माध्यम से सिखाया जाता है तथा रामानंद सागर की रामायण का थाई अनुवाद भी किया गया है।

### न्याय व्यवस्था में रामायण की भूमिका

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति पंकज गौर ने अपने शोध पत्र में जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार न्यायालयों ने अपने फैसलों में रामायण के संदर्भों का उपयोग किया है। उन्होंने भारतीय न्याय व्यवस्था में रामचरितमानस की उपादेयता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया।

### रामायण स्कूल बना आकर्षण का केंद्र

वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के हॉल 2 में प्रसिद्ध लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक डॉ. शांतनु गुप्ता द्वारा संचालित रामायण स्कूल विशेष आकर्षण रहा। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डॉ. गुप्ता ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सरल एवं रोचक शैली में संपूर्ण रामायण की प्रासंगिकता समझाई। इस अवसर पर अलका विश्नोई, डॉ नीना भूपेंद्र उपाध्याय, राजेन्द्र नेमा, अजय तिवारी सहित अनेक शिक्षाविद एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी दीदी मैत्रेय दीदी, आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई, आयोजन सचिव डॉ अखिलेश गुमास्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव पूर्व पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया, एड रवी रंजन, संकेत मालैया, रामजी अग्रवाल, सहित समिति के सभी सदस्य एवं संस्कारधानी वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# घने कोहरे की चादर में रहा शहर

### सामान्य से 6 डिग्री कम रहा तापमान, दो दिन बाद और बढ़ेगी ठंड

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** शनिवार को शहर में ठंड के साथ कोहरे का कहर देखने को मिल रहा है। हालात यह रहे कि सुबह से शाम तक शहर में जमकर कोहरा छाया रहा। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण विजुअलिटी 20 मीटर से भी कम रही लिहाजा वाहन चालक गाड़ियों की लाइट जलाकर वाहन चला रहे है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी कुछ दिनों तक इसी तरह से घना कोबरा छाया रहेगा। कोहरे के कारण अधिकतर वाहन सड़क किनारे खड़े हो गए हैं, और अब घना कोहरा हटने का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी हो कि जबलपुर में भी जनवरी में ठंड-बारिश का ट्रेंड है। इस महीने सबसे ज्यादा ठंड पड़ती है। मौसम विभाग के मनो तो शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री कम रहा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी दो दिन बाद मौसम साफ होने पर तापमान में और गिरवट होगी, जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ेगा।

**शीत लहर चलने की संभावना** -मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिन तक घना कोहरा छाया रहेगा। फिर तेज सर्दी का दौर आएगा। इससे पहले शुक्रवार



को आधे प्रदेश में कहीं घना तो कहीं मध्यम कोहरा छाया रहा। वहीं, 15 शहरों में दिन का तापमान 24 डिग्री से नीचे रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया, इस बार दिसंबर में प्रदेश में कहीं भी बारिश नहीं हुई। मौसम साफ रहा। भोपाल, इंदौर समेत कई जिलों में 15 से 16 दिन तक कोल्ड वेव यानी, शीतलहर चली। ऐसा ही मौसम जनवरी में भी बना रहेगा। साल के पहले ही दिन ग्वालियर में हल्की बारिश हुई। भोपाल और इंदौर में भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की माने तो जनवरी में 15 से 20 दिन तक शीतलहर चल सकती है। कड़ाके की ठंड का दौर दूसरे सप्ताह में शुरू होगा, जो आखिरी तक बना रहेगा।

# पौष पूर्णिमा पर कलश यात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति द्वारा माघ मास की प्रथम दिवस पर महंत बालयोगी कृष्ण दास महात्यागी महाराज, साध्वी श्री कल्याणी दासी माता के सानिध्य में कल्पवासियों ने सीताराम संकीर्तन के साथ त्वदीय पद पंकजम नमामि देवी नर्मदे का जाप करते हुए 108 ध्वजों के साथ हुए मातृ शक्तियों ने कलश यात्रा निकली मां नर्मदा मैया का पूजन अर्चन किया। उपाध्यक्ष मोहित तिवारी ने बताया विगत 10 वर्षों से प्रयागराज की तर्ज पर संस्कारधानी में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करते हुए प्रयागराज की तर्ज पर नर्मदा तट में योगाचार्य डॉ. शिव शंकर पटेल की प्रेरणा से माघ मास कल्पवास का आयोजन किया जा रहा है। संकीर्तनाचार्य पं मनमोहन दुबे के मुखारविंद से एक माह तक श्रीमद् भागवत अमृत कथा, सीताराम प्रभात फेरी, सीताराम संकीर्तन किया जाएगा, हिंदू धर्मग्रंथो में कल्पवास को सन्यास और वानप्रस्थ आश्रम के सामान माना गया है। धसन्यास धारण करना चाहते हैं उन लोगों को माघ मास के दौरान एक महीने के लिए माघ मास कल्पवास में तपस्या करने का विधान होता है। पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर समिति द्वारा सीताराम आश्रम सरस्वती घाट भेड़ाघाट में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सह-सचिव दीपक तिवारी, नितिन चौबे आदि उपस्थित रहे।




# बीजीसीएम बैठक का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तोप गाड़ी निर्माणी, सीनियर क्लब में भारतीय आयुध निर्माणी राजपत्रित अधिकारी संगठन की बीजीसीएम बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के वरिष्ठ संरक्षक सदस्य होरी लाल, वरिष्ठ सदस्य संजय शर्मा, पदाधिकारी अध्यक्ष रघुनंदन पटैल, उपाध्यक्ष ब्रजेश शर्मा, गरजन रामजी आदि उपस्थित रहे। वरिष्ठ संरक्षण सदस्य होरी लालजी ने संगठन को मजबूत बनाने और ऊर्जावान बनाने हेतु अपने विचार रखें और प्रशासन के सामने अधिकारियों के कार्यों में आने वाली समस्याओं सुदृढ़ तरीके से रखने पर जोर दिया। बैठक के अंतिम चरण में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी हिमांशु देशपांडे को उनकी स्वेच्छा सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई गई। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास द्वारा दी गई।

# निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है। यह प्रेरणादायक प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली स्थित ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चैक, बुराड़ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। इस सत्संग में दिल्ली, एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया। इसी कड़ी में जबलपुर में भी श्रद्धालुओं ने उनके प्रवचनों का लाभ लिया।



सतगुरु माता ने कहा कि एक भक्त की यही कामना होती है कि हर नया वर्ष उसे पहले से अधिक सेवा, सुमिरन और सत्संग से जोड़े, साथ ही वह अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाए। नववर्ष केवल तारीख़ का परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रेम, मिठास, सौम्यता और समझ को अपनाने का अवसर है।

मनमुटाव और द्वेष से दूर रहकर, दूसरों के भावों को समझते हुए, दोषों पर पर्दा डालकर गुणों को अपनाना ही सच्ची भक्ति है। नव वर्ष के अवसर पर सतगुरु माता ने अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए सुख, समृद्धि और आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की।

# शराब के लिये रुपयों की मांग कर की मारपीट, बिजली मीटर तोड़ा

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** अधारताल थाना क्षेत्रातंर्गत महाराजपुर बाबली के पास एक असमाजिक तत्व ने एक युवक से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने युवक के घर पर लगा बिजली का मीटर भी पत्थर मारकर तोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय आशुतोष सिंह के दादा हृदयानंद जी बीती करीब साढ़े नौ बजे चक्कर आने से गिर गये थे। जिसके बाद आशुतोष ने उन्हें अस्पताल ले जाने के लिये अपने साथियों को कार के साथ बुलाया, लेकिन कुछ देर मालिश करने के बाद उनके दादा ठीक हो गये। जिसके बाद आशुतोष अपने दोस्तों को विदा कर अपने घर की ओर लौटा, तभी मोहल्ले का सागर कोल मिला और उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रूपये मांगने लगा। उसने पैसे देने से मना किया तो सागर कोल उसके साथ गाली गलौज करते हुये गाल में झापड़ मार दिये तथा उसके घर के बाहर लगे बिजली मीटर को पत्थर मारकर छतिग्रस्त कर दिया।

# मजदूर की करंट से हुई मौत पर फैक्ट्री संचालक पर प्रकरण दर्ज

### तिलवारा में शटर लगाते समय करंट लगने से हुई थी मौत

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** तिलवारा थाना क्षेत्रातंर्गत कनिका सेल्स फैक्ट्री में तेरह फिट की ऊंचाई पर शटर लगाते हुए करंट लगकर गिरकर हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने फैक्ट्री संचालक कपिल खटवानी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस ने बताया कि कोतवाली चेरीताल निवासी 40 वर्षीय मोतीलाल



गोटिया अपने साथी महेश सोंधिया व प्रदीप गोटियां के साथ विगत 13 अगस्त 2025 को कनिका सेल्स तिलवारा के नये गोदाम में लगभग 13 फिट की उंचाई पर शटर लगाने का कार्य कर रहे थे। शटर लगाने के लिये वायर के माध्यम से कनेक्शन लेकर ड्रिल मशीन का उपयोग कर रहे थे, काम करते समय मजदूर मोतीलाल उम्र 40 वर्ष निवासी चैरीताल कोतवाली को उंचाई पर शटर लगाते समय करंट लगने से वह नीचे गिर गया। जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच दौरान पुलिस ने पाया कि कनिका सेल्स फैक्ट्री के संचालक कपिल खटवानी के द्वारा उंचाई एवं विद्युत संबंधी कार्य कराने के लिये उक्त तीनों मजदूरों को कोई भी सुरक्षा संबंधी संसाधन उपलब्ध नही कराये गये थे।

पुलिस ने जांच उपरांत कनिका सेल्स के संचालक आरोपी कपिल खटवानी पिता मुकेश खटवानी निवासी गोरखपुर के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसानों के ई-केवयासी, खसरे में आधार लिंकिंग आदि प्रकरणों पर तहसीलवार चर्चा कर कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके अलावा राजस्व वसूलीए भू-अर्जन, भूमि आवंटन के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# भक्तों ने नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा कर किया शाही स्नान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 470 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा एवं शाही स्नान पोश पुर्णिमा पर भीषण ठंड एवं कोहरे के बीच सुबह परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमानजी महाराज की सूचहम उपस्थिति में पूज्य संत सवामी प्रकाशानंद महाराज रामेश्वरानंद महाराज, योगी राजेश महाराज, भोला दास महाराज, पवन दासजी महाराज के सानिध्य में संकीर्तन करते हुए निकाली गई। दुल दुल घोड़ी शेर संकीर्तन मंडल आकाड़ा मां नर्मदा के जयकारों के साथ हाथों में भगवाध्वज लिए निकल रहे थे। शाही स्नान हरे कृष्णा आश्रम से प्रारंभ होकर सरस्वती घाट तक गया । जहां अखाड़े की विशेष प्रस्तुति के साथ पूजन अर्चन कर नर्मदा पंचकोशी पारिकर प्रारंभ हुई सरस्वती घाट में प्रयागराज संगम जैसा नजरा लग रहा था, जब भव्य शाही स्नान हो रहा था। पंचकोशी आश्रम से होते हुए पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन से लमेटा घाट में नाव द्वारा पार करके शनि मंदिर डुडुवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धन माताजी के आश्रम के सामने से सरस्वती घाट में नाव पार करके आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दासजी महाराज के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण प्रसाद स्वरूप किया गया।

### अभा कायस्थ महासभा द्वारा भाषण स्पर्धा का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक मे निर्णय लिया गया कि युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा छात्रों मे स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी के आदर्शो को आत्मशात करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भाषण स्पर्धा का आयोजन दिनांक 12 जनवरी दिन सोमवार को एपीएन शैक्षणिक परिसर केंट सदर मे किया गया है। स्पर्धा मे कक्षा नवमीं से बारहवीं के छात्र प्रतिभागी हो सकते है । इच्छुक प्रतिभागी संस्था कार्यालय मे सम्पर्क कर स्पर्धा मे भाग ले सकते हैं। बैठक मे महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, जिला महासचिव बच्चन श्रीवास्तव, डॉ शरद श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# चेतन यादव के विस्फोटक प्रदर्शन से राइडर्स ने जीता खिताब

एमपी ट्रांसको अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

जबलपुर (स्वतंत्रमत)। एमपी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत स्थानीय पांडु ताल स्टेडियम में खेली गई ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025-26 के फाइनल में राइडर्स ने वारियर्स पर 8 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइनल मुकाबले के मैन आफ द मैच ओपनर चेतन यादव की चार गगनचुंबी छक्कों के सहारे बनाये धमाकेदार 37 रन की पारी, कपिल के ठोस 17 रन की मदद से राइडर्स ने निर्धारित 12 ओवरों मे 6 विकेट खोकर 90 रन का सम्मानजनक लक्ष्य दिया। जबाब में वारियर्स की टीम राइडर्स के गेंदबाजों की पैनी धार के सामने सहज नहीं हो पायी। हालांकि सुमंत मिश्रा के आखिरी ओवरों मे 4 छक्के और 1 चौके की मदद से बनाये गए तूफानी 40 रनों की पारी ने स्टेडियम मे भूचाल ला दिया था पर




उनका ये प्रयास भी वारियर्स को हार से न बचा सका।तरुण विजयकर ने 12 रन बनाये। पूरी टीम 12 वें ओवर मे 82 रन बना कर आउट हो गई। राइडर्स की ओर से दीपांशु बिलोतिया ने घातक गेंदवाजी कर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिये और वारियर्स के मध्य क्रम की रीढ तोड दी।

**गरिमामय रहा पुरस्कार वितरण समारोह**-इसके पूर्व आज के फाइनल मुकाबलों के पहले खिलाड़ियों से परिचय मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल की अध्यक्ष डॉक्टर अंजना तिवारी ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री राजीव गुप्ता, डाक्टर अंजना तिवारी एवं एम पी ट्रांसको के सभी विभागाध्यक्षों ने किया। इस अवसर पर बडी संख्या मे कार्मिक तथा उनके परिवारजनों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

**गोल्डन लायंस ने हासिल की जीत**-इसके पूर्व खेले गए अन्य मैचो में सेवानिवृत्त कार्मिकों की टीम ने एस सी घोष के आलरांउड प्रदर्शन की मदद से

गोल्डन लायंस ने एम पी ट्रांसको के अधिकारीयों की ट्रांसको किंग्स टीम को आसानी से 38 रन से हरा दिया।

पूर्व रणजी प्लेयर एवं सेवानिवृत अभियंता आनंद तिवारी ने अपने पुराने सुनहरे दिनों की याद दिलाते हुए मैदान के चारों तरफ आकर्षक स्ट्रोक लगाये, उनके 15 रन,एस सी घोष के 16 रन तथा अनिल अलंग व डी एस ठाकुर के 17-17 रन की मदद से निर्धारित 10 ओवरों मे 3 विकेट पर 94 रन बनाये। संदीप गायकवाड,हर्ष श्रीवास्तव व

ट्रांसको स्पार्कल्स ने हासिल की रोमांचक जीत

आज के एक और अन्य मैच मे नियमित महिला कर्मचारियों की टीम ट्रांसको स्पार्कल्स ने कंपनी की पारिवारिक महिलाओं की टीम हाउसवाइफ हिटर्स को एक रोमांचक मैच मे 7 रन से पराजित कर दिया। पहले खेलते हुए ट्रांसको स्पार्कल्स ने निर्धारित ओवरो मे 2 विकेट खोकर 48 रन बनाये। निकिता सिद्धा ने 15 और नीता पटेल ने 13 रन का योगदान दिया। जबाब में हाउसवाइफ हिटर्स टीम 41 रन पर आउट हो गई। सुरभि सचान ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। बल्ले के साथ गेंद में भी प्रभावी प्रदर्शन करने वाली नीता पटेल मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित की गई।

## जंगल से नक्सली भागे और पहुंची मशीनें

# बैहर तहसील के पोला पटपरी गांव में मशीन से खनिज अयस्क की खोज शुरू

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।





35 सालों से लाल आंतक यानी नक्सलवाद का दंश झेल रहे बालाघाट को अब इससे मुक्ति मिल गई हैं। विगत 11 दिसम्बर को बालाघाट सहित समूचा मध्यप्रदेश नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया, जो कि एक अच्छी खबर हैं। जिसके बाद से नक्सल प्रभावित रहें आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्रों में विकास की गति अब तेज हो चुकी है। सड़कों व पुल पुलियों का निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली पानी सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं पर लगातार कार्य जारी हैं। इसी बीच एक और खबर निकलकर सामने आ रही हैं कि अब बालाघाट के जंगलों में लौह अयस्क का पता लगाने के लिए बड़ी-बड़ी मशीने पहुंच गई हैं और उससे खनिज अयस्क की खोज की जा रहीं है।

जानकारी अनुसार, बैहर तहसील के पोला पटपरी गांव में एक मशीन पंहुची है, जो यह खोजने में जुटी हुई है कि बालाघाट के जंगलों में बेहतर लौह अयस्क उपलब्ध हो पाएंगे या फिर नहीं। सूत्रों की माने तो यह प्रारंभिक चरण है। अगर यहां पर लौह अयस्क पाए जाते हैं तो फिर बालाघाट के जंगलों में खुदाई शुरू की जाएगी, और खनन कर जमीन के अंदर से प्राप्त खनिज पदार्थों को निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि अगर ऐसा होता हैं तो निश्चित तौर पर यहां के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और इन क्षेत्रों का विकास भी होगा।

दरअसल, बालाघाट में वाकई अपार खनिज संपदा विद्यमान हैं। यदि पूरे वनांचल क्षेत्र में खुदाई की जाए तो कहीं न कहीं, कुछ ना कुछ खनिज जरूर प्राप्त हो जाएगा। चूंकि बालाघाट की माटी की प्रवृति ही ऐसी हैं। यहां पर एशिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट ताम्र परियोजना मलाजखण्ड में स्थित है, हालांकि अब ये भुमिगत खदान हो चुकी है। इसके अलावा देश की सबसे बड़ी भुमिगत मैंगनीज की खदान भरवेली में है। इतना ही नहीं जिले में ऐसी दर्जनों जगह हैं जहां से खनिज पदार्थ प्राप्त किये जा रहें है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि अगर वनांचल क्षेत्रों में खुदाई की जाती है तो किसी न किसी प्रकार का खनिज प्राप्त न हो।

वनांचल क्षेत्र के लोगों से अब यह चर्चा निकलकर आ रही है कि अगर यहां पर खनिज पदार्थों का पता चला और खुदाई शुरू की गई तो फिर यहां के जंगलों का क्या होगा। क्या ये हरे भरे बेशकीमती वृक्ष धराशायी कर दिये जाएंगे? क्या वनों में रहने वाले उन आदिवासियों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो जायेगा, जो इन वनों पर पूरी तरह से आश्रित हैं। जो इन्हीं जंगलों से प्राप्त वनोपज से जो अपना जीवन गुजर बसर करते हैं। चिंतनीय यह भी कि क्या बालाघाट अपनी वह पहचान भी खो देगा, जो 53 प्रतिशत से अधिक वनों के साथ पूरे प्रदेश में अव्वल नंबर पर है। यहां के बेशकीमती वन, यहां की हरियाली, यहां की प्राकृतिक सौंदर्यता, यहां की अनुपम छटा, क्या सबकुछ समाप्त हो जाएगा।

बहरहाल, जिले के आदिवासी वनांचल क्षेत्र ग्राम पोला पटपरी के जंगलों में लौह अयस्क का पता लगाने के लिए एक मशीन पंहुच चुकी है। जो जंगलों में खनिज पदार्थों का पता लगा रही है। किन्तु यहां निवासरत लोागें के लिए यह एक मायूसी भरी खबर है, जो कि उनके मन को निराश कर रही है, कि अब उनके क्षेत्र से इन हरे भरे पेड़ों का कत्लेआम किया जाएगा, और फिर इन हरे-भरे जंगल जिनके कारण उनकी पहचान हैं, जिनसे उनका आत्मीय लगाव है, जिसे वे अपनी संपत्ती और जीवन बसर का आधार मानते हैं, सब कुछ समाप्त कर दिया जाएगा।

# धापेवाड़ा में वैनगंगा नदी में बनाया अस्थायी पुल ध्वस्त

### पिटवा में गिट्टी का परिवहन करते हाईवा जप्त

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



जिला बालाघाट में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 02 जनवरी को उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां के नेतृत्व में खनिज विभाग के अमले द्वारा रात्रि भ्रमण के दौरान ग्राम टिटवा, तहसील बालाघाट में अवैध रूप से खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए एक हाईवा वाहन क्रमांक एमपी 50-एच-0645 को पकड़ा गया। वाहन को जप्त कर पुलिस चौकी चरेगांव की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया हैं। प्रकरण को म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इसी प्रकार ग्राम धापेवाड़ा, तहसील एवं जिला बालाघाट में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की प्राप्त शिकायतों के आधार पर दिनांक 03 जनवरी 2026 को खनिज विभाग के अमले द्वारा वैनगंगा नदी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में उपयोग किए जा रहे नदी में बने अस्थायी पुल को जेसीबी मशीन के माध्यम से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही मार्ग को पूर्णतः अवरुद्ध कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है, जिससे भविष्य में नदी से अवैध रेत खनन न किया जा सके।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत निगरानी रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संभाग में धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** संभाग के कुल 08 जिलों के 612 खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन कार्य शुरू हो गया है। अब तक कुल 2 लाख 50 हजार 888 किसानों ने अपनी उपज का विक्रय कर दिया है, जबकि 3 लाख 47 हजार 055 किसानों ने उपज विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया है। कुल 15 लाख 17 हजार 765.85 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 11 लाख 63 हजार 898.41 मीट्रिक टन का परिवहन कराया जा चुका है। 1 लाख 42 हजार 102 किसानों को 1961 करोड़ 39 लाख 96 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

आरएम नागरिक आपूर्ति निगम श्रीमती साधना परस्ते ने बताया कि अवैध बिक्री को रोकने के लिए कलेक्टर के निर्देशन में निरीक्षक एवं उड़न दस्ता दलों के द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। संभागीय उपार्जन समिति के माध्यम से संभागीय कमिश्नर द्वारा सतत समीक्षा की जा रही है, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे और किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

# रामबती उइके बनी उकवा सरपंच

उकवा(स्वतंत्र मत)।



जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा में 29 दिसंबर को सरपंच पद के लिए उपचुनाव कराया गया।जिसमें चार प्रत्याशी ने सरपंच पद के लिए मैदान में खड़े हुए थे। इनमें से दो प्रत्याशियों के बीच टक्कर का मुकाबला रहा।दो जनवरी 2026 को जब सरपंच चुनाव का परिणाम आया तो पता चला कि उकवा ग्राम पंचायत के मतदाताओं ने एक तरफा वोट देकर रामबती उइके को ग्राम पंचायत उकवा की बागडोर सौंपी है। जैसे ही परिणाम आया तो समर्थकों और मतदाताओं में खुशी की लहर दिखाई दी। पटाखे की आवाज गूंजने लगी। विजयी प्रत्याशी रामबती उइके ने कहा कि अनुसया क्षत्रिय को सरपंच पद से हटाया गया। उसके बाद मुझे प्रभारी सरपंच बनाया गया। मेरे द्वारा एक महीने के भीतर तत्काल 10 से 12 काम चालू करवा दिए गए और वह भी कार्य कम से कम 70 प्रतिशत हो चुका था। इसके बाद जब 29 दिसंबर को उपचुनाव की तारीख तो मुझे मेरे समर्थकों के द्वारा कहा गया कि चुनाव आपको लड़ना है। मेरे मन में भी एक विश्वास समर्थकों के द्वारा आया कि जरूर मुझे साथ देकर विजयी हासिल कराएंगे। समर्थकों और कार्यकर्ताओं तथा मतदाताओं ने पूरा सहयोग देकर विजय कराया गया। आगे भी गांव के विकास के लिए सदैव तैयार रहूंगी। साथ ही शासन की योजनाओं को हर गरीब तक पहुंचाने का कार्य करूंगी। ग्राम उकवा को एक सुंदर बनाने का प्रयास रहेगा। गांव की जनता और सभी पचों का सहयोग चाहिए। ताकि बेहतर कार्य किए जा सके।

## कलेक्टर के हस्ते जेएसके बैंक के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन 2 दिसंबर को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल, उपायुक्त सहकारिता राजेश उईके, प्रबंधक लेखा पी. जोशी एवं स्टोर प्रभारी सारंग बिसेन उपस्थित रहे। बैंक सीईओ श्री बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैलेंडर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों का समावेश किया गया है।

# खरखड़ी में सौंदर्यीकरण कार्य का हुआ

### भाजयुमो मंडलाध्यक्ष की मांग पर विधायक निधी से मिली 2.50 लाख की राशि

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



खैरलांजी जनपद मुख्यालय अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खरखड़ी में स्थित बाजार चौक में स्थित चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा पूर्व में स्थापित की गई थी जिसमे भाजयुमो मंडल अध्यक्ष खैरलांजी मुकेश भगत द्वारा विधायक गौरव सिंह पारधी से सौंदर्यीकरण की मांग की थी जिस पर विधायक पारधी द्वारा विधायक निधी से 2.50 लाख रुपये की राशि दी थी जिस पर दिनाक 3 जनवरी को ग्राम के वरिष्ठ लोगो द्वारा भूमिपूजन किया गया।

गौरतलब है की लगभग 10 वर्ष पूर्व गौरव पारधी द्वारा ही ग्रामीणों की मांग पर चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा दी गयी थी साथ ही ग्राम में ही छत्रपति शिवाजी महाराज और वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा भी विधायक गौरव पारधी द्वारा दी गयी थीं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र राहंगडाले, टेकचंद चौधरी, तुकाराम भगत, कृष्णा भगत, धर्मेंद्र शेंडे, हवसलाल पतले, रमेश तुरकर, देवेंद्र कडव, मानिक सानसरोदे, मुन्ना तुरकर, रंगलाल लिल्हारे, अशोक लिल्हारे, अजय तुरकर, श्यामराव देवहारे, गेंदलाल राहंगडाले, बंटी कार्सपे, चित्तौड़ सिंह तुरकर, बेनीराम पटले, नीलम भगत, विजय लिल्हारे, राजा भाउ डोंगरे, विकास ठाकरे सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## बांधवगढ़ ताला में मिलेट्स मेला में सैलानियों को खूब भा रहा लोकल स्वाद

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बांधवगढ़ ताला में सैलानियों का हुजूम लगा है और इन्हीं सैलानियों के बीच ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा लगाई गई मिलेट्स मेला की बहुत धूम है। प्रति दिवस सैलानियों द्वारा मेले में लगे लोकल व्यंजनों को बहुत पसंद किया जा रहा है। मेले में सैलानियों द्वारा मिलेट्स से बने पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लिया जा रहा है ।पार्क भ्रमण पर आने वाले टूरिस्ट को लोकल देशी व्यंजनों का स्वाद और अपनी लोकल परंपरा की जानकारी मिल सके इसी उद्देश्य से इस वर्ष मेले का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस से आज दिनांक तक कुल 36980 रु की कुल बिक्री की गई,जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है।

# खितौली परिक्षेत्र के कामतागढी में अनुभूति कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बच्चों के लिए अनुभूति कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों का उद्देश्य बच्चों को वन और वन्य प्राणियों के महत्व से अवगत कराना है। मध्य प्रदेश में ऐसे कुल 950 कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिनमें लगभग 1 लाख 20 हजार बच्चे शामिल होंगे।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में ये कैंप लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, खितौली परिक्षेत्र के कामतागढी क्षेत्र में आयोजित एक अनुभूति कैंप में 120 बच्चे पहुंचे। यहां अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) के.एल. कृष्ण मूर्ति, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय, उप संचालक पी. के. वर्मा और खितौली परिक्षेत्र की अधिकारी स्वस्ति श्री जैन सहित अन्य अधिकारी व मास्टर ट्रेनर कमलेश नंदा मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चों को वन और वन्य प्राणियों की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया। के.एल. कृष्ण मूर्ति ने बच्चों से बातचीत करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का उदाहरण दिया, यह समझाते हुए कि गांव में रहकर भी पढ़ाई और मेहनत से आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने जंगली जानवरों की सुरक्षा और वन्य प्राणियों के बारे में भी बताया। बच्चों को जंगल का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें महुआ, पलाश और तेंदु जैसे पेड़ों की विशेषताओं और उपयोगिता के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जंगल के सभी पेड़ उपयोगी होते हैं और उनकी सुरक्षा आवश्यक है। यह भी बताया गया कि पलाश के फूलों से होली का गुलाल बनता है, जबकि तेंदु और महुआ ग्रामीणों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन हैं। कैंप में बच्चों को अपने परिवारजनों और आसपास के लोगों को भी वनों तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि आग लगने या किसी वन्य प्राणी के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करना चाहिए। पूरे कैंप के दौरान प्लास्टिक का उपयोग न करने पर जोर दिया गया। एक छात्रा पलक ने बताया कि उसे कैंप बहुत अच्छा लगा और यहां वनों तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक के.एल. कृष्ण मूर्ति ने बताया कि ये कैंप 15 दिसंबर से 30 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे।

## नगर पालिका परिषद पाली में आरआरआर केंद्रों के रखरखाव हेतु विशेष अभियान



**पाली (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका परिषद पाली, जिला उमरिया द्वारा आरआरआर केंद्रों के रखरखाव एवं संचालन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 01 से 03 जनवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान आरआरआर केंद्रों की प्रातः एवं सायं नियमित सफाई, केंद्र में उपलब्ध सामग्री का सुव्यवस्थित रख-रखाव, ढांचे की मरम्मत, तथा नागरिकों को आरआरआर केंद्रों के उपयोग एवं महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता मित्रों एवं सहयोगी कर्मचारियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे आरआरआर केंद्रों का अधिक से अधिक उपयोग करें एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# कछरवार में बांस से आधारित उद्योग स्थापित करने कवि राय ने की मंत्री से मुलाकात



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के कछरवार निवासी संजय उर्फ कवि राय ने शनिवार 3 जनवरी को बिजुरी निज निवास में माननीय मंत्री दिलीप जायसवाल कुटीर एवं लघु उद्योग स्वतंत्र प्रभार मध्य प्रदेश शासन से विशेष मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कछरवार में लगने वाले बांस आधारित उद्योग के बारे में जानकारी दी और जल्दी से उद्योग को स्थापित कराने का अनुरोध किया जिससे उमरिया जिलावासियों को रोजगार मुहैया कराया जा सके और आय के साधन उपलब्ध हो। मंत्री श्री जायसवाल जी ने भी आश्वाशन दिया है कि जल्द ही इस दिशा में कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। युवा कवि राय ने मंत्री जी को नए साल की बधाई के साथ साथ उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की और उमरिया आने का निमंत्रण दिया।

दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग मध्यप्रदेश शासन ने जुलाई 2025 में सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योग को पत्र लिखा था जिसमे यदुवंशी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कां पत्र मूलतः संलग्न है। पत्र में बांस अधारित उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि कय एवं औद्योगिक डायवर्सन की स्वीकृति एवं अनुमति हेतु अनुरोध किया गया है। संलग्न पत्र अनुसार रोजगार मूलक परियोजना के कियान्वयन हेतु भूमि कय एवं औद्योगिक डायवर्सन की स्वीकृति एवं अनुमति प्रदान किए ज्ञाने हेतु समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।




## वैश्य महासम्मेलन द्वारा वार्षिक कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम उत्सव मॉल में संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वैश्य महासम्मेलन द्वारा वार्षिक कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम लालपुर स्थित हाइवे में नव निर्मित उत्सव मॉल उमरिया में किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक महेश गुप्ता की अध्यक्षता एवं संभाग अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल महिला जिला अध्यक्ष सोनम गुप्ता युवा अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल उत्सव गुप्ता अभिषेक, सचिन, अश्विन, प्रवीण, कृष्णा, मनोज, राम किशोर गुप्ता सहित महिला कार्यकारिणी में मुख्य रूप से जिला प्रभरी राखी गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता, शिवांगी, डॉ ऋद्मा गुप्ता, ममता जैन एवं अन्य सभी सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# नहीं हुए सूर्य भगवान के दर्शन दिन भर रही गलन वाली ठण्ड

उमरिया (स्वतंत्र मत)।



शनिवार को दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए, जिससे ठंड में और भी बढ़ोतरी हो गई। गलन भरी सर्दी के बीच लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। कोहरा और कड़ाके की ठंड के कारण लोगों की दिन भर कंपकपी छूटी रही। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। धूप नहीं निकलने से लोगों का बुरा हाल रहा। सर्दी अधिक होने के कारण घर में भी चेन नहीं मिला। शीतलहर चलने से लोग ठंड से कांपते रहे। सुबह और शाम को लोगों ने सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया। ठंड के चलते बाजारों की चहल-पहल कम रही। दोपहर के समय बाजारों में भीड़ बढ़ने से रौनक बढ़ी, मगर शाम ढलते ही लोग घरों में दुबकने के लिए मजबूर हो गए।

शनिवार को लोग ठंड से कांपते रहे। पूरा दिन सूर्य देवता के दर्शन नहीं और धूप नहीं निकली। जिसके कारण गलन और बढ़ गई और बच्चे व वृद्ध घरों में दुबकने को मजबूर दिखाई दिये। शनिवार 3 जनवरी को सुबह कोहरा छाया हुआ था। लोगों को आशा थी कि दोपहर में धूप निकलेगी और ठंड से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन सूर्यदेव ने पूरे दिन दर्शन नहीं दिए और पूरे दिन ही धूप नहीं निकली। ठंड के कारण दुकानदार दुकानों के बाहर अलाव जला कर ठंड से बचने का प्रयास करते रहे। ठंड के कारण बाजारों में भी रौनक कम ही रही।

उमरिया जिले में शनिवार का दिन गलन भरा रहा। शनिवार 3 जनवरी को सूर्य भगवान के दर्शन नही होने पर दिन भर गलन बनी रही। नागरिकों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया, वही दूसरी तरफ काम काजी आदमी ही घर से बाहर निकले।

ठंड को देखते हुए नगर पालिका द्वारा भी नगर के मुख्य स्थलों में अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि राहगीरों को ठंड से निजात मिल सके। दिन भर आसमानो में काले बादल छाए रहे। दिन भर गलन होने की वजह से सडको भी सूनी दिखी। इसके साथ ही सुबह सुबह वॉक पर निकलने वाले लोगो की संख्या भी कम रही।

# पेयजल सप्लाई की शुद्धता पर सवाल: कलेक्टर ने वार्डों का भ्रमण कर अधिकारियों को दी हिदायत, होगी पानी की जांच

मण्डला(स्वतंत्रमत)

इंदौर में दूषित पानी ने कई घरों के चिराग बुझा दिए मातम अभी थमा भी नहीं था कि अब प्रदेश के एक और हिस्से से डराने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। जिले के नगर पालिका क्षेत्र के वार्डो में नगर पालिका द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। नलों से साफ पानी की जगह मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। लोग दहशत में हैं जिसकी शिकायत लगातार नगर पालिका में नागरिकों के द्वारा की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विगत कई माहों से पानी ठीक नही आ रहा है जिनके घरों में जेड बोरिंग पम्प लगा हुआ है वे तो बोरिंग का पानी पीकर काम चला रहे है वहीं सक्षम लोग केन आरो आदि का पानी ले रहे हैं लेकिन जिन व्यक्तियों की पकड़ से ये चीजे दूर हैं वे जैसे तैसे साफ सुथरा कर इस पानी का उपयोग कर रहे हैं। जो पानी सप्लाई हो रहा है उसकी रंगत और गंध दोनों ही दहशत पैदा करने वाली हैं पानी इतना मटमैला है कि बाल्टी की तली तक नहीं दिखती और बदबू ऐसी जैसे सीधे नाली का पानी नलों में मोड़ दिया गया हो। वार्डवासी पिछले दो महीनों से लगातार नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं लिखित आवेदन दिए गए गुहार लगाई गई लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही स्थानीय लोगों का मानना है कि जमीन के भीतर पाइपलाइन कहीं से फूट चुकी है जिसमें सीवरेज का पानी मिल रहा है पर इस लीकेज को ढूंढने की जहमत अब तक किसी जिम्मेदार ने नहीं उठाई है।

***कलेक्टर ने किया वार्डो का भ्रमण***- नगर के वार्ड क्रमांक 10 डॉ. अम्बेडकर वार्ड के घरों में प्रदाय किये जा रहे नल जल की गुणवत्ता को लेकर आई शिकायतों को देखते हुए कलेक्टर ने शनिवार को वार्ड का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने घर-घर जाकर महिलाओं से स्वयं बातचीत करते हुए पेयजल के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर के अचानक गली में पहुंचने की जानकारी मिलते ही वार्ड के लोग एकत्र हो गये। वार्ड वासियों ने बताया कि नल-जल प्रदाय के शुरू के 5-7 मिनट तक जल शुद्ध नहीं आता है। इस पर कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदाय किये जाने वाले नल जल का मोहल्ले के घरों से नमूना इकट्ठा कराएं। एकत्रित नमूनों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की प्रयोगशाला में भेजकर उनकी जांच कराएं। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि वार्ड की नालियों की पूरी सफाई सुनिश्चित कराएं। नालियों के ऊपर का अतिक्रमण भी हटाकर खाली करवाएं। दौरे के दौरान ही वार्डवासी आनंद हूंका के घर के पानी का सैंपल भी लिया गया। इस मौके पर एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण सचिन जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानन नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।





***पेयजल में नहीं चलेगी कोई लापरवाही*** - नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा शनिवार को नगर पालिका परिषद के पड़ाव स्थित जल शोधन संयंत्र परिसर पहुंचे। उन्होंने संयंत्र के विभिन्न प्रभागों का बारीकी से निरीक्षण किया और संयंत्र प्रभारी से वेल क्लोरिनेशन टैंक, फिल्टर प्लांट, पम्प हाऊस की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि परिसर के पिछले हिस्से की बाउंड्रीवॉल पर बार्बेट वायर लगवाएं। परिसर में बने आवास के संबंध जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि शुद्ध पेयजल में कोई लापरवाही नहीं चलेगी, जल प्रदाय शाखा प्रभारी को संयंत्र परिसर में ही रहना है। यहां का आवास जल प्रदाय प्रभारी को ही आवंटित करना सुनिश्चित करें। वेल के चारों ओर साफ-सफाई करवाएं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण से कलेक्टर ने कहा कि संयंत्र के तीनों प्रभागों के पानी के नमूने इकट्ठा करके प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजें।

***बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश*** - इंदौर में हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने शनिवार को शहरी क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण सचिन जैन, समस्त सीएमओ और सब इंजीनियर की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जल वितरण नेटवर्क के नियमित निरीक्षण पाइपलाइन रिसाव की समय पर पहचान और 48 घंटे के भीतर मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से अधिक पुरानी पाइपलाइनों की पहचान कर उनकी प्राथमिकता से जांच की जाए। बैठक में उन्होंने जल शोधन संयंत्रों, उच्च स्तरीय टंकियों एवं प्रमुख जल स्त्रोतों से नियमित जल नमूना परीक्षण करने तथा मानकों के अनुरूप जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में जल नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो तत्काल जलापूर्ति रोककर वैकल्पिक सुरक्षित व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने क्लोरीनेशन प्रणाली की निगरानी, क्लोरीन की निर्धारित मात्रा बनाए रखने तथा वार्ड स्तर पर रेंडम सैंपलिंग के निर्देश भी दिए। उन्होंने जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों को आपात श्रेणी में रखते हुए 24 से 48 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में दीर्घकालीन समाधान के तहत लीकेज डिटेक्शन, जीआईएस आधारित मैपिंग पर भी चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन कर शहरी क्षेत्र में निर्बाध एवं सुरक्षित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## अतिक्रमण नहीं हटा तो उग्र आंदोलन

**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** शासकीय भूमि पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण और प्रशासन की कथित उदासीनता के खिलाफ अब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने खुला मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि ग्राम सलवाह में 15 दिनों के भीतर अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर सलवाह बंद कर एक उग्र आंदोलन किया जाएगा। मंगलवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक सशक्त प्रतिनिधि मंडल घुघरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद नरेती एवं ब्लॉक अध्यक्ष सेमलाल मरावी ने किया। उन्होंने एसडीएम को ग्राम सलवाह में शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों की विस्तृत जानकारी दी और तत्काल कार्यवाही की मांग रखी। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सलवाह क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला नया नहीं है।

## सीताराम समिति ने किया प्रचार

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड नारायणगंज के पटेहरा ग्राम के लोग जो लगतार 25 वर्षो से सीताराम प्रभात फेरी संकीर्तन समिति द्वारा राम नाम की महिमा की अलख जागे रहे गांव-गांव जाकर सुबह जल्दी उठकर राम का नाम लेने के लिए लोगो को प्रेरित करते है वहीं सीताराम संकीर्तन समिति पटेहरा द्वारा ब्लॉक बीजाडांडी के ग्राम हिनोतिया मे पहुंच का मां नर्मदा का पूजा कर राम नाम से लोगो जोड़ने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में सरपंच कालीचरण मार्को, समाजसेवक दुर्गेश सिंगरौरे, राजाराम सिंगरोरे, श्याम सुंदर सिंगरोरे, रतन सिंगरोरे मदन सिंगरौरे बालगोविंद सिंगरौरे सुरेंद्र कुमार सिंगरौरे बहोरी दादा, बुजुर्ग संगीता बाई सुखको बाई विमला बाई इलायची बाई मालती बाई सहित अन्य माताएं बहनों ने सहयोग किया।

## विद्यालय में मतदाता जागरूकता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में एनएसएस एवं ओजस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका से अवगत कराना तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना रहा। पंजीयन अभियान के अंतर्गत विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में पात्र छात्र-छात्राओं से मतदाता फॉर्म भरवाए गए जिससे उनका नाम आगामी निर्वाचनों के लिए मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

## सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अशोक पिता सुमेरा निवासी ग्राम माढ़ोगढ़ तहसील नारायणगंज के कच्चे मकान में 4 जुलाई को अतिवृष्टि से बाढ़ का पानी आने से हुए नुकसान के लिए अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मकान क्षति का 4 हजार रूपए, खाद्यान्न क्षति का 5 हजार रूपए, पाईप क्षति का 10 हजार रूपए, मछली जाल का 3 हजार रूपए, गौशाला 3 हजार रूपए, 3 गाय की बाढ़ में बहने से मृत्यु होने पर एक लाख 12 हजार 500 रूपए, 2 बैल बाढ़ में बहने से 64 हजार रूपए, 2 बछड़ा की बाढ़ में बहने से मृत्यु होने पर 40 हजार रूपए, 7 बकरी की बाढ़ में बहने से मृत्यु होने पर 28 हजार रूपए इस प्रकार कुल 2 लाख 69 हजार 500 रूपए पीड़ित श्री अशोक के खाते में अनुदान सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** एकीकृत शासकीय हाई वरिष्ठ मूल शाला में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। इसमें प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। विधाओं में प्राथमिक शाला से जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौंड, चम्मच दौड़, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल से 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, खो-खो कबड्डी, तवा फेंक, गोला फेंक आदि शामिल थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी अवंती के वार्ड पार्षद श्रीमती ज्योति बाजपेई, पार्षद नरेश सिंधिया एवं दिनेश चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर संकुल रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला से प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित स्नेहल जोशी एवं प्रवीण वर्मा उपस्थित हुए।

## डीसीए की सीनियर डेज ट्रायल आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता निशांत झा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन मंडला ने वर्ष 2025-26 के लिए जबलपुर में होने वाले अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सभी आयु वर्ग के पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है साथ ही 4 जनवरी को सीनियर बालक वर्ग की ट्रायल सुबह 10 बजे होगी। जिसके लिए चयन समिति का गठन किया गया है जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी अनिल सोनी, ललित जोशी, पंकज दुबे, इम्तियाज अली, अर्जुन भांडे एडवोकेट निशांत झा एवं अक्षय चंद्रोल होंगे सभी पात्र खिलाड़ी अपने दस्तावेज समेत कोच बसंत ठाकुर मेकल क्रिकेट अकादमी से संपर्क कर अपनी दस्तावेज जो की डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ औपचारिकता पूर्ण कर सकते हैं। पूर्व में जिन खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है वे दस्तावेज सहित उपस्थित होंगे।



## 18 को होगा कुंभ स्थल में हिंदू सम्मेलन, कलश पूजन सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)

माहिष्मती घाट पर आगामी विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर कलश पूजन का आयोजन किया गया। 15 जनवरी से 30 जनवरी तक जिले के 71 मंडलों एवं 20 बस्तियों में प्रस्तावित वृहद हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला का शुभारंभ इस पावन अनुष्ठान के साथ हुआ। कलश पूजन उपरांत पूज्य संतों द्वारा आयोजन समिति के पदाधिकारियों व संयोजकों को कलश एवं सम्मेलन का ध्वज प्रदान किया गया। इसके पश्चात श्रृद्धालुओं द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसका समापन पुनः माहिष्मती घाट पर मां नर्मदा के तट पर हुआ। यहां सभी श्रृद्धालुओं ने संकल्प लेकर अपने-अपने क्षेत्रों के लिए प्रस्थान किया। विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूज्य संतों द्वारा कलश पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ समाज को स्वदेशी भावना से जोड़ना है। जानकारी के अनुसार 15 जनवरी से 30 जनवरी तक जिले के सभी 71 मंडलों एवं 20 बस्तियों में अलग-अलग तिथियों पर वृहद हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। वहीं 18 जनवरी को कुंभ स्थल, मंडला में नगर स्तरीय बृहद हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा।

## सिद्धेश्वर धाम में गूंजा गणेश विवाह



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सुरंगदेवरी स्थित सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र सिद्धेश्वर धाम में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। नौ दिवसीय श्री गणेश पुराण कथा के छठवें दिन भगवान श्री गणेश के दिव्य चरित्र का वर्णन सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रृद्धालु पहुंचे। कथा वाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान गणेश के विवाह और वीरता के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। कथा के दौरान पंडित ललित नारायण मिश्रा ने बताया कि किस प्रकार भगवान गणेश का विवाह प्रजापति विश्वरूप की पुत्रियों ऋद्धि और सिद्धि के साथ संपन्न हुआ। श्री गणेश जी ने अपनी बुद्धिमत्ता से माता-पिता की परिक्रमा कर ब्रह्मांड विजय प्राप्त की थी जिससे प्रसन्न होकर उनका विवाह हुआ। उनके दो पुत्र शुभ और लाभ हुए।

## अजेय मंडला पत्रिका का पोस्टर विमोचित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अजेय मंडला पत्रिका वर्ष 2026 में एक नए और दमदार स्वरूप के साथ पाठकों के बीच आने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस आगामी संस्करण में कई नए समसामयिक और रोचक विषयों को शामिल किया गया है जो पाठकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उन्हें प्रेरित भी करेंगे। अजेय मंडला पत्रिका लगातार अपने सकारात्मक और सार्थक कंटेंट के माध्यम से पाठकों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाती जा रही है हाल ही में अजेय मंडला पत्रिका 2026 के पोस्टर का भव्य लोकार्पण सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं फिल्म अभिनेता सोनू सूद द्वारा किया गया। यह क्षण पत्रिका परिवार के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय रहा। सोनू सूद का इस पहल से जुड़ना अजेय मंडला के उद्देश्य और सामाजिक सरोकारों को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। इसी क्रम में अजेय मंडला पत्रिका को देश की प्रतिष्ठित और विश्वव्यापी संस्था भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी सतपाल भानु प्रताप सिंह एमडी को भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सतपाल भानु प्रताप सिंह अपने सरल, सहज और विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अजेय मंडला पत्रिका के सकारात्मक प्रयासों की सराहना की तथा इसके उद्देश्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## कलेक्टर पहुंचे दीनदयाल रसोई



मण्डला(स्वतंत्रमत)

कलेक्टर शनिवार की दोपहर अचानक पड़ाव मार्ग पर स्थित दीनदयाल रसोई पहुंचे। कलेक्टर के साथ एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण सचिन जैन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफड़े मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के एकाएक पहुंचने से रसोई में हलचल बढ़ गयी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने भोजन कक्ष, रसोई कक्ष और भण्डार का निरीक्षण किया। भोजन कक्ष में भोजन कर रहे ग्राहक से कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा। उन्होंने भोजन पकाने वाली रसोईया दीदी से चर्चा करते हुए भोजन पकाने और इससे संबंधित जानकारी ली।

## उत्कृष्ट बीजाडांडी ने जीता जेसोबा कप

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जेसोबा कप 2025-26 की फाइनल प्रतियोगिता संपन्न हुई जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में सुशील कुमार राय प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य, विजय अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव एवं राजेश क्षत्री के विशिष्ट आतिथ्य तथा ए के शुक्ल अध्यक्ष जेसोबा की अध्यक्षता में संपन्न इस प्रतियोगिता में शास उत्कृष्ट उच्च माध्य विद्यालय बीजाडांडी से वंशिका मार्को, श्वेता उइके तथा नितेश विश्वकर्मा ने शास उच्च माध्य विद्यालय नैनपुर से शिवम ठाकुर, सार्थक निषाद तथा दीक्षा चंदेला ने एवं जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी से अनुराग मरावी, संकल्प सिंह ठाकुर तथा प्रतिमा नंदा ने सहभागिता की। शास उत्कृष्ट उच्च माध्य विद्यालय बीजाडांडी ने फाइनल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जेसोबा कप 2025-26 अपने नाम किया जबकि शास उत्कृष्ट उच्च माध्य विद्यालय नैनपुर फर्स्ट रनर अप एवं जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी सेकेंड रनर अप रहे मां सरस्वती की पूजन के पश्चात संस्था प्राचार्य सुशील कुमार राय ने साल व श्रीफल से अतिथियों का स्वागत किया।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** राममिलन यादव निवासी ग्राम देवरी कला तहसील निवास की 6 जुलाई 2025 को कुआं में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पत्नि कुशमा बाई के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## कोहरे ने ली मोटरसाइकिल सवार युवक की जान

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** चौकी पिंडरई थाना क्षेत्र नैनपुर में 3 जनवरी की सुबह 6 बजे कन्हर गांव निवासी करण यादव पिता बसंत यादव उम्र 21 वर्ष अपने पिता के साथ पिंडरई रेल्वे स्टेशन जा रहा था। उसी बीच तुमेगांव मंदिर के पास एक पिकप वाहन खड़ा था। जो कोहरे के कारण नहीं दिखा जिससे पिता पुत्र दोनो मोटर साइकिल से भिड़ गए । मोटर साइकिल और पिकप की भिड़ंत इतनी जमकर थी कि मोटर साइकिल चालक करण यादव की घटना स्थल पर ही मोत हो गई। वहीं बसन्त यादव को हल्की चोट आई जिन्हें सिविल अस्पताल नैनपुर भर्ती किया गया । पुलिस द्वारा शव परिक्षण करा कर शव परिजनों को सोपा गया। बताया गया कि उपरोक्त युवक परिक्षा देने जबलपुर जा रहा था जो घटना का शिकार हो गया इस घटना से क्षेत्र में दुख का वातावरण बन गया।

## नपा ने पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की मनाई जयंती

नैनपुर(स्वतंत्र मत)

नगरपालिका टाऊन हॉल में देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नपा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, पार्षद सुशीला चौरसिया, पिंकी चौधरी, नितिन ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा, प्रभारी सीएमओ सीएमओ प्रेम चौटेल, लेखापाल राजकुमार साहू , राजकुमार पंजवानी, केशियर अरूण यादव, यदुनाथ ठाकुर, गोपी नन्दा , सुमित हरदहा सहित नपा के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सभी ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके संघर्ष और शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी ने कहा कि



भारत में महिला शिक्षा की नींव रखने वाली सावित्रीबाई फुले केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार हैं, जिस दौर में लड़कियों को पढ़ाना पाप माना जाता था, उस समय उन्होंने समाज की सोच को बदलने की हिम्मत दिखाई, सावित्रीबाई फुले ने किताब को हथियार बनाकर अंधकार में रोशनी फैलाई और हजारों बेटियों के सपनों को उड़ान दी। सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक थीं, उन्होंने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला। बाल विवाह, छुआछूत, जातिवाद और महिला अधिकारों के खिलाफ उन्होंने खुलकर आवाज उठाई, उन्होंने साबित किया कि शिक्षा ही असली आज़ादी है। उनका जीवन आज भी करोड़ों लड़कियों के लिए प्रेरणा है और उनका संघर्ष देश की शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव बना ।

पार्षद सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि

सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में बालिकाओं की शिक्षा की अलख जगाई, जब समाज महिलाओं को पढ़ाने के सख्त खिलाफ था। उन्होंने जोर दिया कि सावित्रीबाई फुले का जीवन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का सबसे सशक्त हथियार है। आज जब शिक्षा महंगी होती जा रही है और सामाजिक असमानताएं बढ़ रही हैं, तब उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। कार्यक्रम के अन्त में प्रभारी सीएमओ प्रेम चौटेल ने कार्यक्रम का समापन करते सभी का आभार व्यक्त किया।


## बजरंग दल के नगर अध्यक्ष बनाये गये रूपेश सोनी



**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की आवश्यक बैठक रखी गई । बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मातृ-शक्तियों की उपस्थिति रही। बैठक में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड नैनपुर के पदाधिकारी व जिला से आए हुए विभाग संगठन मंत्री अरविंद तिवारी, सोनल बर्मन की अध्यक्षता में रुपेश सोनी को नैनपुर नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया।? उपस्थित अरविंद तिवारी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता धर्म के प्रति एकजुट होकर कार्य करें लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकना लक्ष्य होना चाहिए । संगठन की रीति और नीति के अनुसार कार्य करते संगठन को मजबूत बनाये।


# पथरी की समस्या

## से निजात देंगे ये घरेलू उपाय



- करेला वैसे तो बहुत कड़वा होता है और आमतौर पर लोग इसे कम पसंद करते हैं, परंतु पथरी में यह रामबाण की तरह काम करता है। करेले में मैग्नीशियम और फॉस्फोरस नामक तत्व होते हैं, जो पथरी को बनने से रोकते हैं।
- अंगूर में एल्ब्यूमिन और सोडियम क्लोराइड बहुत ही कम मात्रा में होता है, इसलिए किडनी में स्टोन के उपचार के लिए बहुत ही उत्तम माना जाता है। अंगूर प्राकृतिक मूत्रवर्धक के रूप में उत्कृष्ट रूप में कार्य करता है, इनमें पोटेशियम नमक और पानी भरपूर मात्रा में होते हैं।
- पथरी की समस्या से निपटने के लिए केला खाना चाहिए, क्योंकि इसमें विटामिन बी 6 होता है। विटामिन बी 6 ऑक्जेलेट क्रिस्टल को बनने से रोकता और तोड़ता है, साथ ही विटामिन बी-6, विटामिन बी के अन्य विटामिन के साथ सेवन करना किडनी में स्टोन के इलाज में काफी मददगार होता है।

**नीबू का रस और जैतून के तेल** का मिश्रण गुर्दे की पथरी के लिए सबसे प्रभावी प्राकृतिक उपचार में से एक है। पथरी का पहला लक्षण होता है दर्द का होना। दर्द होने पर 60 मिलीलीटर नीबू के रस में उतनी ही मात्रा में ऑर्गेनिक जैतून का तेल मिलाकर सेवन करने से आराम मिलता है।



- सेब के सिरके में साइट्रिक एसिड होता है, जो किडनी स्टोन को छोटे-छोटे कणों में तोड़ने और घुलने की प्रक्रिया में मदद करता है। यह मूत्रमार्ग के माध्यम से गुर्दे की पथरी को हटाने में मदद करता है। दो बड़े चम्मच सेब का सिरका रोजाना गर्म पानी के साथ तब तक लिया जा सकता है, जब तक कि किडनी से पथरी पूरी तरह से निकल न जाए।

**जैसे-जैसे तापमान में गिरावट आती है, वैसे-वैसे ठंड के चलते होने वाली समस्याएं बढ़ने लगती है। चूंकि इन दिनों पूरा उत्तर भारत ठंड की चपेट में है, ऐसे में सर्दी-जुकाम से लेकर आर्थराइटिस और अस्थमा अटैक तक के मामले बढ़ गए हैं, जिनसे निपटने के लिए जरूरी है थोड़ा अलर्ट रहना।**

# विंटर में अटैक करता है अस्थमा




अस्थमा अटैक जैसे एलर्जिक रिएक्शन ट्रिगर्स से चलते हैं। अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग चीजें ट्रिगर का काम करती हैं। ऐसी कई वजहें हैं, जिनसे सर्दियों में अस्थमा अटैक बढ़ जाते हैं।

### कारणों को समझें

घर से बाहर निकलना तो हर किसी के लिए जरूरी होता है। ऐसे में आप खुद को चाहे जितना ढंक लें, ठंड से पूरी तरह से बच पाना असंभव होता है। जब आप सांस के जरिए ठंडी हवाओं को अंदर लेते हैं, यह सीधे आपके फेफड़े तक पहुंचती है और रिएक्शन के लिए ट्रिगर का काम करती है।

- ठंड के चलते लोग ज्यादा से ज्यादा समय घर के भीतर रहना चाहते हैं। ऐसे में घर के भीतर के एलर्जी वाले ट्रिगर जैसे कि फफूंदी, जानवरों की खुश्की और धूल के कण आदि प्रभावित कर सकते हैं और घर में रहते हुए आप इसी माहौल में सांस लेने को मजबूर होते हैं।
- हम गर्मी के दिनों की तुलना में ठंड के मौसम में घर की साफ-सफाई भी ज्यादा नहीं करते हैं। ऐसे में कारपेट, गद्दों आदि में धूल के कण जमा हो सकते हैं और जैसा कि हम सब जानते हैं, धूल अस्थमा के लिए ट्रिगर का काम करती है।
- ठंड में समस्या की एक अन्य वजह है कोहरा। जब घना कोहरा शहर के प्रदूषण के साथ मिलता है, तब वातावरण में प्रदूषण वाले कोहरे की एक चादर फैल जाती है। यह रेस्पिरेटरी सिस्टम की समस्या बढ़ाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- ठंड में सर्दी-जुकाम एक आम समस्या है और एक बार इसकी चपेट में आ जाने के बाद आपका रेस्पिरेटरी सिस्टम अन्य समस्याओं की चपेट में आने के लिए ज्यादा उन्मुख हो जाता है।

### नाक ढंककर रखें

जब हम अपने शरीर को ढंकने के लिए सारे उपाय कर रहे होते हैं, कोट, पैंट, मफलर और टोपी आदि लगा रहे होते हैं, तब यह बिल्कुल नहीं सोचते कि हमारे फेफड़ों तक हवा नाक के जरिए ही पहुंचती है। अस्थमा के मरीजों के लिए ठंड में बाहर निकलते समय नाक को ढंककर रखना जरूरी है।

### घर रखें एलर्जीमुक्त

यह सुनिश्चित कर लें कि कारपेट और गद्दे धूल-मिट्टी से मुक्त हों। इसके संपर्क में आने से बचाव के लिए माइट प्रूफ कवर लगाएं। फफूंदी से बचाव के लिए घर को साफ और सूखा रखें। बाथरूम को सूखा रखने और फफूंदी को बढ़ने से रोकने के लिए बीच-बीच में बाथरूम के एग्जॉस्ट फेन चला दिया करें।

### आग से दूरी बनाकर रखें

जब आग जलती है, तब इससे कुछ ऐसे प्रदूषक निकलते हैं, जो आपके श्वसन तंत्र को बंद कर सकते हैं। ऐसे में आग बिल्कुल न जलाएं। गर्माहट के लिए रूम हीटर इस्तेमाल करें, खासतौर से ऑइल हीटर अथवा ब्लोवर, वहीं अस्थमा वाले मरीजों को धूल से होने वाली एलर्जी से विशेष तौर से बचना चाहिए। सर्दी के दिनों में अस्थमा के मरीजों को एलर्जी के साथ-साथ खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।



## क्या आपको भी लो ब्लड प्रेशर है...



- एक ग्लास पानी में 10 तुलसी के पत्ते, 4 काली मिर्च और 2 लौंग डालकर अच्छी तरह उबाल लीजिए। पानी आधा रहने पर इसे हल्का गर्म पीने से आपका निम्न रक्तचाप बहुत जल्द ठीक हो जाएगा।
- दो छोटी चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चुटकी अदरक का पाउडर या पिसी हुई सोंठ, 1 चुटकी इलायची पाउडर और 1 चम्मच चीनी मिला लें। अब एक प्याले में 1 कप दूध और ‰ कप पानी में बने हुए मिश्रण को डालकर उबाल लें। इसे छानकर गरम-गरम दिन में एक बार पीजिए।
- नियमित रूप से सब्जियों का सूप पीने से आपको लो ब्लड प्रेशर में काफी राहत मिलेगी।
- मिट्टी के बर्तन में किशमिश को रातभर भिगोने के बाद सुबह इस्तेमाल करें।
- एक कप शकरकंद का ज्यूस दिन में 2 से 3 बार पिएं, आपका निम्न रक्तचाप सामान्य हो जाएगा।

## कई बीमारियां दूर करती है भिंडी



- भिंडी के बीजों को इकट्ठा कर लें। इन्हें सुखाकर पीस लें। ये बीज प्रोटीनयुक्त होते हैं और उत्तम स्वास्थ्य के लिए बेहतर हैं। इस चूर्ण को बच्चों को खिलाने पर ये टॉनिक का काम करेगा।
- डायबिटीज के रोगियों को अक्सर भिंडी की अधकच्ची सब्जी खाना चाहिए। ताजी हरी भिंडी के सेवन से डायबिटीज कंट्रोल में रहती है।
- भिंडी के कटे हुए सिरों को पीने के पानी में डुबोकर सारी रात रखें। सुबह खाली पेट इस पानी को पीना डायबिटीज नियंत्रण का यह एक कारगर उपाय है।
- भिंडी को काटकर, नीबू के रस, अनार और भुनी आंवला की पत्तियों के साथ 1 गिलास पानी में डुबोकर रातभर रख दें। सुबह सारे मिश्रण को अच्छी तरह से पीसकर रोजाना लगातार 2 बार सात दिनों तक लें। पीलिया जैसा घातक रोग इससे एक सप्ताह में ही नियंत्रित हो जाता है।

# टैरो कार्ड्स खोलेंगे राशियों का फ्यूचर




अनन्या मिश्रा

हर नया साल अपने साल ढेरों उम्मीदें और एनर्जी लेकर आता है। हर कोई ने साल की शुरूआत शानदार और बेहतर होने की कामना करता है। हर नए दिन की तरह नया साल भी हर राशि के लिए अलग-अलग और नई संभावनाएं लेकर आता है। ऐसे में साल 2026 भी कई राशियों के लिए जैकपॉट की तरह साबित हो सकता है। कड़ी मेहनत का फल निश्चित रूप से मिलेगा तो वहीं कुछ राशियों के लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टैरो कार्ड की भविष्यवाणी हर राशि के लिए क्या कहती है।

### मेष राशि

मेष राशि वाले जातकों को रिश्तों के मामले में सावधान रहना चाहिए। अनुभवी लोगों की सलाह से रिश्तों को सुधारें। हालांकि आर्थिक और पारिवारिक मामलों में असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। साल के शुरूआत में फाइनेंशियल स्थिरता रहेगी, लेकिन खर्चे उतने ही ज्यादा रहेंगे।

### वृषभ राशि

इस साल वृषभ राशि वाले जातकों को दिल से नहीं बल्कि दिमाग से फैसले लेना सही रहेगा। इस जातकों का स्थान परिवर्तन हो सकता है, नौकरी में प्रमोशन और उन्नति के योग बन रहे हैं। इसलिए साल 2025 में बीते बुरे वक्त को भूल जाएं।

### मिथुन राशि

साल 2026 में मिथुन राशि वाले जातकों के लिए एक नई शुरूआत हो सकती है। परेशानियां दूर होंगी और आप मानसिक रूप से मजबूत होंगे। आप चुनौतियों का सामना कर पाएंगे और आत्मविश्वास बढ़ाएं और पॉजिटिव रहें। अब आपके खुशियों के दिन आने वाले हैं।

### कर्क राशि

इस राशि के जातकों को प्रॉपर्टी, रोजगार और आर्थिक मामलों में समस्या हो सकती हैं। आर्थिक मामलों में भ्रम की स्थिति बन सकती है और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। करियर में उतार-चढ़ाव रहेंगे। लेकिन आप सकारात्मक रहकर और सोच-समझकर फैसले लें।

### सिंह राशि

साल 2026 में सिंह राशि वाले जातकों को भाग्य का साथ मिलेगा। सभी समस्याओं में स्थितियां साफ हो जाएंगी। इसलिए ज्यादा सोचने से बचना चाहिए और सीधे एक्शन लें।

### कन्या राशि

कन्या राशि वाले जातकों को साल 2026 में मेहनत का फल मिलेगा। परेशानियां दूर होंगी और समस्याओं के हल मिलेंगे। हालांकि छोटी-मोटी परेशानियां लगी रहेंगी, लेकिन सलाह दी जाती है कि आपको इन परेशानियों से घबराना नहीं है। यह साल आगे बढ़ने का है।

### तुला राशि

टैरो कार्ड के हिसाब से साल 2026 तुला राशि वालों के लिए सशक्त बनने का साल है। समस्याएं दूर होंगी और उनका हल भी निकलेगा। यह खुशियों का समय है और रुके हुए काम पूरे होंगे। प्यार, पैसा और परिवार में सब अच्छा और शुभ होगा।

### वृश्चिक राशि

टैरो कार्ड रीडिंग के अनुसार, वृश्चिक राशि वालों को जून के बाद कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। इन जातकों को ग्रोथ के अच्छे मौके मिलेंगे। खुद को पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रखें और अच्छे लोगों के बीच रहें।

### धनु राशि

नए साल में धनु राशि वाले जातक दो स्थितियों में फंसे रहेंगे। एक साथ इन्हें कई काम करने होंगे, हालांकि काम बन सकते हैं। परिवार और प्रेम संबंधों में लोगों का साथ मिलेगा।

### मकर राशि

मकर राशि वालों को साल 2026 में सकारात्मक मार्गदर्शन मिलेगा। इस साल अगर आप एनर्जी के साथ काम करेंगे, तो आपको लाभ मिलेगा। नए मौके और व्यापार में विस्तार हो सकता है। हालांकि जून महीने में समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसलिए निराश होने की जरूरत नहीं है और आपकी स्थिति में सुधार होगा।

### कुंभ राशि

साल 2026 में कुंभ राशि वाले जातक बड़ी सोच के साथ आगे बढ़ेंगे। तो इन जातकों को बड़ी सफलता मिलेगी। इसलिए आलस छोड़ें और अलर्ट रहें। साल 2026 कुंभ राशि वाले जातकों के लिए अच्छा साबित हो सकता है।

### मीन राशि

टैरो कार्ड रीडिंग के मुताबिक यह साल मीन राशि वाले जातकों के लिए बदलाव का साल है। इसलिए सोच-समझकर निवेश करें। वहीं साल 2026 में मीन राशि के जातकों की सभी उम्मीदें पूरी हो सकती हैं।

# अनोखे जीव...शरीर में नहीं होती हड्डियां फिर भी होते हैं मजबूत

**धरती पर कई अनोखे जीव हैं, लेकिन आज हम आपको उन जीवों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके शरीर में हड्डियां नहीं होतीं, फिर भी वे इतने मजबूत हैं कि समुद्र की गहराई से लेकर तेज लहरों तक का उन पर कोई असर नहीं होता... कुछ तो काफी लंबा जीवन जीते हैं।**

### जेलीफिश



बेहद सुंदर नजर आने वाली जेलीफिश इस मामले में पहले नंबर पर है। इसके शरीर में एक भी हड्डी नहीं होती। ये अकशेरुकी होते हैं। इनका कोमल शरीर मेसोग्लिया से बना होता है और बिना हड्डी ये समुद्र की तेज लहरों से मुकाबला करती हैं।

### कुकुम्भर



खीरा जैसा लंबा नजर आने वाला सी कुकुम्भर का शरीर काफी नरम और लचीला होता है, लेकिन इनके भी शरीर में एक भी हड्डी नहीं होती। ये मांसपेशियों को सिकोड़कर चलते हैं और इसी की ताकत से समुद्र के तल पर आसानी से सफर करते हैं।

### ऑक्टोपस



ऑक्टोपस के बारे में लोगों की तरह-तरह की राय है, लेकिन काफी मजबूत नजर आने वाले इस जीव के शरीर में एक भी हड्डी नहीं होती। अपने लचीले शरीर के साथ यह बेहद सख्त होता है। इसकी पूरी बॉडी मेंटल की बनी होती है, जो काफी स्ट्रांग होती है।

### अर्चिन



बिना हड्डी वाले जीवों में समुद्री अर्चिन या जलशाही का नाम भी आता है। इनके शरीर पर कठोर स्पाइक्स होते हैं, लेकिन शरीर बेहद लचीला होता है। इसका शरीर कैल्शियम कार्बोनेट के प्लेट से बना होता है, इसलिए काफी मजबूत होता है।

# ऑफिस में बैठे-बैठे बढ़ रहा है पेट? ऐसे करें कंट्रोल

दिव्यांशी भदौरिया

अगर आप ऑफिस या फील्ड में लंबे समय तक काम करने वाले वर्कर्स हैं, ऐसे में आप वजन को कम करना चाहते हैं, तो अब आप आसानी से वजन को कम कर सकते हैं। लगातार बैठे रहना, अनियमित भोजन और जंक फूड की आदतें वजन बढ़ाने के मुख्य कारण हैं। बायोमेड सेंट्रल के एक अध्ययन बताता है कि लोग सेडेंटरी काम करते हैं यानी ऑफिस में बैठकर काम करते हैं उनमें पेट की चर्बी होने की संभावना अधिक हो जाती है। अगर आप नियमित रुप से हेल्दी आदतें को अपनाएंगे तो वजन को कम करने बेहद आसान हो जाएगा। आइए आपको बताते हैं कैसे करें वजन को कम।



**हेल्दी स्नैक्स को चूज करें**- अगर लंबी ड्यूटी करते समय आपको भूख लगे तो आप भी जंक फूड का सेवन करते हैं, तो नट्स, फल, दही या ओट्स जैसे हेल्दी स्नैक्स लें। फिटनेस कोच ने बताया कि हेल्दी स्नैक्स लंबे समय तक पेट का भरा रखते हैं और शुगर क्रेविंग को कम करेंगे और कंट्रोल करेंगे। हेल्दी स्नैक्स का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती हैं।

**छोटे वर्कआउट्स करें**- लॉन्ग टाइम वर्क के दौरान आप कम से कम 10-15 मिनट के छोटे वर्कआउट्स कर सकते हैं। यह स्ट्रेचिंग, स्कवैट्स, वॉक या हल्की कार्डियो एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है और कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया को बढ़ाते हैं। इसलिए छोटे ब्रेक आपके लिए शरीर और दिमाग दोनों को रिफ्रेश करते हैं और लंबी जॉब के दौरान बैठकार काम करने से नुकसान को कम करते हैं।

**पर्याप्त पानी पिएं**- लंबी ड्यूटी के समय अक्सर लोग पानी पीना नज़रअंदाज कर देते हैं। जबकि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से भूख पर नियंत्रण रहता है, मेटाबॉलिज़्म बेहतर होता है और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। फिटनेस कोच के अनुसार, पानी और हर्बल टी जैसे हेल्दी पेय दिनभर शरीर में ऊर्जा बनाए रखते हैं और बार-बार स्नैक्स खाने की इच्छ को कम करने में मदद करते हैं।

**माइंडफुल ईटिंग**- लंबी शिफ्ट वाली नौकरी के दौरान अक्सर हम जल्दी में या कंप्यूटर और फोन के सामने खाते हैं। इस दौरान शरीर को यह कभी भी संकेत नहीं मिल पाता कि पेट भरा है। हर बाइट पर ध्यान देना जरुरी है, इसलिए धीरे-धीरे खाएं और भूख लगने पर ही स्नैक्स लें। इससे ओवरईटिंग कम होती है और कैलोरी कंट्रोल करने में मदद मिलती हैं।

**नियमित ब्रेक लें**- पूरे दिन बैठे रहने वाली नौकरी करने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। प्रत्येक 1-2 घंटे में 5 मिनट का छोटा ब्रेक जरुर लें। इसके अलावा, आप खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग या थोड़ी वॉक जरुर करें। ऐसा करने से कैलोरी बर्निंग प्रक्रिया बढ़ती है, साथ ही ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है और लंबे समय एनर्जी भी बनीं रहती है।

# मिडलाइफ क्राइसिस या मेनो डिवोर्स

## 50 की उम्र में हार्मोन्स कैसे बन रहे हैं तलाक की बड़ी वजह



एकता

आजकल रिश्तों से जुड़े नए शब्द सुनने को मिल रहे हैं। पहले ग्रे डिवोर्स और साइलेंट डिवोर्स की चर्चा होती थी, अब एक नया शब्द सामने आया है, वो है मेनो डिवोर्स। यह शब्द खास तौर पर 45 से 65 साल की उम्र के कपल्स से जुड़ा है, जहां महिलाएं कई साल की शादी के बाद अलग होने का फैसला कर रही हैं।

### मेनो डिवोर्स क्या है?

मेनो डिवोर्स का मतलब है कि पेरिमेनोपॉज या मेनोपॉज के दौर से गुजर रही महिलाएं सोच समझकर अपनी शादी खत्म करने का निर्णय लेती हैं। इस उम्र में हार्मोनल बदलाव होते हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक असर पड़ता है। कई सर्वे बताते हैं कि इस उम्र की बहुत सी महिलाएं खुद को ज्यादा आजाद और संतुष्ट महसूस करना चाहती हैं।

### इसके कारण क्या हैं?

मिडलाइफ में एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन कम हो जाते हैं, जिससे चिड़चिड़ापन, थकान, नींद की कमी और तनाव बढ़ सकता है। जो बातें पहले नजरअंदाज हो जाती थीं, वे अब बड़ी लगने लगती हैं। बच्चे बड़े होकर घर छोड़ देते हैं और महिला खुद से पूछती है, क्या यह रिश्ता अब भी मुझे खुश रख रहा है? इसके अलावा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और समाज में सोच का बदलना भी एक बड़ा कारण है। भारत में भी अब महिलाएं केवल समझौते के लिए रिश्ते में बने रहना जरूरी नहीं समझतीं।

### मेनो डिवोर्स से कैसे बचा जा सकता है?

खुलकर बातचीत करना सबसे जरूरी है। पार्टनर को अपनी परेशानी समझाएं। जरूरत पड़े तो डॉक्टर या काउंसलर की मदद लें। साथ समय बिताएं, जिम्मेदारियां बांटें और सबसे अहम, अपनी सेहत और खुशी को प्राथमिकता दें। मेनो डिवोर्स तलाक की मजबूरी नहीं है बल्कि यह आत्म-मंथन का दौर है, जिसमें सही समझ और सहयोग से रिश्ते को बचाया भी जा सकता है।

# बीरबल की चतुराई पर मुस्करा उठे अकबर

सुबह का समय था, अकबर ने अपने सेवक को आवाज लगाई और कहा- जाओ जल्दी बुलाकर लाओ। सेवक आज्ञा पाकर चल तो दिया, परन्तु उसे याद आया कि बुलाना किसको है, यह तो उसने पूछा ही नहीं और न ही बादशाह ने किसी का नाम लिया था, परन्तु अब काफी देर हो चुकी थी और इतनी हिम्मत भी न थी कि बादशाह से यह पूछ सके कि बुलाना किसको है। अब करें तो क्या करें, आज्ञा का पालन करना है, लेकिन आज्ञा क्या है यह मालूम नहीं। तभी उसको याद आया कि बीरबल ही इस असमंजस से बाहर निकाल सकता है। वह सेवक बीरबल के पास गया और सारी बात



बताई और कहा- अब आप ही बताइए मैं किसे बुलाऊं? बीरबल ने पूछा- जहांपनाह उस समय क्या कर रहे थे। हुजूर, जहांपनाह उस समय नहाने की तैयारी कर रहे थे- सेवक ने जवाब दिया। ठीक है तो नाई को जहांपनाह के पास भेज दो, बीरबल ने मुस्कराते हुए कहा। सेवक ने वैसा ही किया और अकबर के पास नाई को भेज दिया। अकबर बहुत खुश हुआ और सेवक से पूछा- तुमको कैसे पता चला कि मुझे नाई की जरूरत थी? तुम तो मुझसे पूछकर भी नहीं गए थे। सेवक ने बता दिया कि उसने बीरबल की मदद ली थी। बीरबल की चतुराई पर अकबर मुस्करा दिए।

# पौष पूर्णिमा स्नान के साथ माघ मेला शुरू,संगम की रेती पर आस्था का सैलाब

प्रयागराज, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शनिवार को माघ मेला 2026 का हुआ शुभारंभ हो गया। पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व पर संगम तट पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। कड़ाके की ठंड में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से अब तक लाखों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं,मेला प्रशासन का अनुमान है कि आज 25 से 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे।पूर्णिमा तिथि की शुरुआत सुबह चार बजे से हो गई है।माघ मेला का ये 75 साल बाद बन रहा है दुर्लभ शुभ संयोग, आज से श्रद्धालु कल्पवास का संकल्प लेकर कल्पवास की शुरुआत करेंगे। ऐसा माना जाता है कि हर साल की तरह इस साल भी 20 से 25 लाख कल्पवासी माघ मेले में एक माह का प्रवास करते हैं,

कल्पवासियों की पूरे एक माह कठिन तपस्या और साधना चलती है,इसके साथ ही प्रमुख स्नान पर्वों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचते हैं। पूरे माघ मेले के दौरान डेढ़ महीने में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे,। सिंचाई विभाग माघ मेले में 10 हजार क्यूसेक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। माघ मेले में 160 किमी की चकर्ड प्लेट लोक निर्माण विभाग द्वारा बिछाई गई है। यूपी जल निगम द्वारा 242 किमी पेयजल लाइन बिछाई गई है। वहीं 85 किमी सीवर लाइन बिछाई गई है। और यूपी पावर कारपोरेशन की ओर से 25 अस्थाई विद्युत सब स्टेशन बनाए गए हैं। 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दो हेल्थ सेंटर बनाए गए हैं,एक वेक्टर कंट्रोल यूनिट 5 आयुर्वेदिक और पांच होम्योपैथिक अस्पताल भी मेले में खोले गए हैं। 50 एम्बुलेंस की व्यवस्था मेले में दी गई है,माघ मेले में 25 हजार शौचालय, 8 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 30 सक्सन गाड़ियां लगाई गई हैं। तीन हजार सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है, मेले का दायरा बढ़ाया गया है,800 हेक्टेयर में 7 सेक्टर में मेला बसाया गया है,अलग-अलग दिशाओं से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 42 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है, मेला क्षेत्र में 17 थाने,42 चौकियां, 20 फायर टेंडर, सात अग्निशमन चौकी 20 अग्निशमन के वॉच टावर,एक जल पुलिस थाना, एक जल पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आठ किमी डीप वाटर बैरिकेडिंग भी बनाई गई है।



सीसीटीवी कैमरे से और ए आई युक्त 400 कैमरे से क्राउड मैनेजमेंट, क्राउड डेंसिटी एनालिसिस और इंसिडेंट रिपोर्टिंग की जा रही है, माघ मेले में 3800 परिवहन निगम की बसें लगाई गई हैं।15 जनवरी को मकर संक्रांति, और18 को मौनी अमावस्या, 30 जनवरी को बसंत पंचमी 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ स्नान पर्व के साथ मेले का समापन होगा।

### कल्पवासियों की सेहत पर नजर रखेगा स्वास्थ्य विभाग

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग ने पूरे इंतजाम कर लिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके तिवारी ने शनिवार को बताया कि माघ मेला क्षेत्र में दो बड़े अस्पताल 20-20 बेड के बनाए गए हैं, जिसका नाम त्रिवेणी और गंगा रखा गया है। त्रिवेणी अस्पताल सेक्टर दो में है जबकि गंगा सेक्टर चार में है। यहां इलाज संबंधित पूरी तैयारी है। यह 24 घंटे संचालित होगा। इसी तरह 75 डॉक्टर्स और 250 से ज्यादा पैरामेडिकल स्टॉफ मेले में लगाए गए हैं। इसके अलावा 12 छोटे अस्पताल बनाए गए हैं जहां प्राथमिक इलाज की व्यवस्था होगी। यह सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलेगी। स्नान पर्व के दिनों में लगातार 48 घंटे यह छोटे अस्पताल संचालित होंगे।50 एंबुलेंस हायर किया गया हैं।बाकी 30 एंबुलेंस और हैं यानी कुल 80 एंबुलेंस मेले में अलग अलग सेक्टरों में लगाई गई हैं। 24 घंटे स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं जारी रहेंगी।पिछले माघ मेले में 30 एंबुलेंस लगाई गई थीं लेकिन इस बार 80 एंबुलेंस लगाई गई हैं। इतनी एंबुलेंस कभी माघ मेले में नहीं लगाई गई थीं।14 प्राइवेट अस्पताल मेले के लिए तैयार चीफ मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि माघ मेले के लिए मेला क्षेत्र के आसपास के 14 प्राइवेट अस्पतालों को भी तैयार किया गया है।

# एंबुलेंस की जगह गोद में मरीज बेहद शर्मनाक

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर जताई चिंता



इटखोरी (चतरा)

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शनिवार को प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए इटखोरी पहुंचीं। उन्होंने मां भद्रकाली के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर, शनि मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

मंदिर आगमन पर स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, इटखोरी मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश कुमार समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य के बने 25 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अब भी चिंताजनक है। कई इलाकों में एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीजों को गोद या डोली में ले जाना पड़ता है, जो बेहद शर्मनाक है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और नल-जल जैसी योजनाओं के लिए दिए गए फंड का राज्य में सही उपयोग नहीं हो रहा। नल-जल योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। एसआईआर को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग का विषय है और आम नागरिकों को इससे कोई परेशानी नहीं है। मंदिर परिसर से जुड़ी समस्याओं पर उन्होंने कहा कि समिति से चर्चा कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके। मौके पर मृत्युंजय सिंह, सतीश सिंह, गोपाल सिंह, सुजित भारती, रूबी वर्मा, रत्न शर्मा, देवकुमार सिंह, शिवकुमार राणा, शक्ति सिंह, निरंजन सिंह, सहित अन्य स्थानीय कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

# 34 करोड़ के प्रोजेक्ट को मिली हरी झंडी

**लखनऊ।** गोमती नगर में दो नए बिजली उपकेंद्र का लाभ आगामी जून 2026 तक उपभोक्ताओं को मिल पाएगा या फिर दीपावली तक यह सुविधा मिलेगी। इसको लेकर लेसा के अभियंताओं का अलग अलग तर्क है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के काबिल अभियंताओं का दावा है कि जून माह में गोमती नगर में बिजली संकट को दूर कर दिया जाएगा। जून 2026 मे विशेष खंड व विनम्र खंड में बनने वाले दोनों उपकेंद्र बन जाएंगे और उपभोक्ताओं को बिजली का लाभ मिलने लगेगा। वहीं बिजली विभाग के कुछ अभियंताओं का कहना है कि सिविल वर्क में ही पांच माह कम से कम लग जाएंगे। क्योंकि निर्माण कार्य ठंड के समय धीमा होता है और सीमेंट को मजबूत होने में समय चाहिए होता है। ऐसे में पांच माह में सब कुछ करना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके अलावा बिजली विभाग के यार्ड में नए पावर ट्रांसफार्मर को लगाना, नई लाइन ट्रांसमिशन उपकेंद्र से लाकर जोड़ना और फिर उपभोक्ताओं को बिजली देने के लिए लोड का विभाजन जैसे दर्जनों छोटे व बड़े काम करना इतने कम समय में मुश्किल होगा। बता दें कि वर्ष 2018 से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ विकास प्राधिकरण से दो नए बिजली उपकेंद्र की जमीन मांग रहा था। एलडीए न हां कह रहा था और न मना कर रहा था। अब जमीन तो मिल गई है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। अभियंताओं के मुताबिक दो बिजली उपकेंद्र को बनाने में करीब पौने तीन करोड़ का खर्च आएगा।

# अपने सैनिकों का ख्याल रखें, ट्रंप की धमकी पर ईरान का जवाब

नई दिल्ली

ईरान के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर आर्थिक विरोध प्रदर्शन हो रहे, जिससे जून में अमेरिका द्वारा ईरानी न्यूक्लियर साइट्स पर बमबारी के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और ईरान के टॉप अधिकारियों ने शुक्रवार को एक-दूसरे को धमकियां दीं। ट्रंप ने शुरू में अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिंसक रूप से मारता है तो संयुक्त राज्य अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। ईरान की रियाल करेंसी के गिरने की वजह से शुरू हुए इन प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में अब तक कम से कम सात लोग मारे गए हैं। ट्रंप ने बिना ज्यादा जानकारी दिए लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं और जाने के लिए तैयार हैं।



इसके कुछ ही समय बाद, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी और पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया कि इजरायल और अमेरिका इन प्रदर्शनों को भड़का रहे हैं। उन्होंने इस आरोप के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया।

लारीजानी ने एक्स पर लिखा, ट्रंप को पता होना चाहिए कि घरेलू समस्या में अमेरिका का दखल पूरे इलाके में अराजकता और अमेरिका के हितों के विनाश का कारण बनेगा। अमेरिका के लोगों को पता होना चाहिए कि ट्रंप ने यह एडवेंचर शुरू किया है। उन्हें अपने सैनिकों का ख्याल रखना चाहिए।

लारिजानी की टिप्पणियों में इस क्षेत्र में अमेरिका की बड़ी मिलिट्री मौजूदगी का जिक्र था। जून में इजरायल के इस्लामिक रिपब्लिक पर 12 दिन के युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा तीन न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के बाद ईरान ने कतर में अल उदीद एयर बेस पर हमला किया था।

सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार अली शमखानी ने चेतावनी दी, कोई भी दखल देने वाला हाथ जो ईरान की सुरक्षा के ज्यादा करीब आएगा, उसे काट दिया जाएगा। ईरान के लोग अमेरिकियों द्वारा बचाए जाने का अनुभव अच्छी तरह जानते हैं- इराक और अफगानिस्तान से लेकर गाजा तक।

# हम खाना-सोना भूल गए.., स्विट्जरलैंड में 40 लोगों की मौत के बाद बार मालिक ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली

स्विट्जरलैंड में नए साल का जश्न कई लोगों के लिए मातम में तब्दील हो गया। स्की रिजार्ट क्रांस-मोंटाना के बार में लगी आग ने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में 40 लोगों की मौत हो गई और 119 लोग घायल थे। वहीं, बार के मालिक को भी इस घटना से गहरा धक्का लगा है। ले कॉन्स्टेलेशन बार के मालिक जैक्स मोरेटी अपनी पत्नी जेसिका के साथ मिलकर बार को मैनेज करते थे। जैक्स एक फ्रांसीसी नागरिक हैं, जो स्विट्जरलैंड में अपना बार चला रहे थे। उनका कहना है कि पिछले 10 साल में 3 बार निरीक्षण हो चुका है।



ट्रिब्यून डी जिनेवा को दिए इंटरव्यू में जैक्स ने कहा, सबकुछ समय के मुताबिक चल रहा था। हादसे के दौरान जैक्स बार में नहीं थे, मगर उनकी पत्नी जेसिका मोरेटा उसी जगह पर मौजूद थीं। हादसे में उन्हें भी मामूली चोटें आईं हैं। जैक्स के अनुसार, इस घटना से हमें गहरा सदमा लगा है। हम सो नहीं पा रहे हैं और न ही खा पा रहे हैं। हम जांच में पूरा सहयोग करने का आश्वासन देते हैं। आग लगने का कारण अभी पूरी तरह से साफ नहीं है। हम इसका पता लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बार के बेसमेंट में लगी आग धड़ल्ले से फैल गई, जिससे कई लोग अंदर ही फंस गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग शैम्पेन की बोतलों पर लगी फाउंटेन कैंडल्स के कारण लगी थी। इस कैंडल को ऊपर उठाया गया था, जिससे आग छत तक पहुंच गई और पलक झपकते ही पूरे बार को अपनी चपेट में ले लिया। जैक्स और जेसिका ने 2015 में यह बार खरीदा था। क्रान्स मोंटाना वेबसाइट के अनुसार, बार के ग्राउंड फ्लोर पर 300 लोगों के बैठने की क्षमता थी और छत पर 40 लोग बैठ सकते थे।

# मिखाइलो फेडोरोव होंगे यूक्रेन के नए रक्षा मंत्री : राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की

**कीव,(वार्ता/शिन्हुआ)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि डेनिस शमीहाल की जगह प्रथम उप प्रधानमंत्री मिखाइलो फेडोरोव नए रक्षा मंत्री बनेंगे।श्री ज़ेलेंस्की ने अपने शाम के संबोधन में कहा, मैंने यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के कामकाज का प्रारूप बदलने का निर्णय लिया है। मैंने मिखाइलो फेडोरोव को यूक्रेन का नया रक्षा मंत्री बनने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि श्री फेडोरोव ड्रोन संबंधित मुद्दों में गहराई से शामिल रहे हैं और सरकारी सेवाओं एवं प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर बहुत प्रभावी तरीके से काम कर रहे हैं।श्री ज़ेलेंस्की ने कहा, हमें सभी सैन्य कर्मियों, सैन्य कमान, राष्ट्रीय हथियार निर्माताओं और यूक्रेन के भागीदारों के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में ऐसे बदलाव लागू करने होंगे जो मददगार साबित होंगे। इससे पहले दिन में, श्री ज़ेलेंस्की ने रक्षा खुफिया प्रमुख किरिलो बुडानोव को राष्ट्रपति कार्यालय का नया प्रमुख नियुक्त किया जबकि ओलेह इवाशचेंको ने श्री बुडानोव के स्थान पर रक्षा खुफिया प्रमुख का पदभार संभाला।

# यूएनएससी के पांच अस्थायी सदस्य देशों ने संभालीं जिम्मेदारी

संयुक्त राष्ट्र, (वार्ता/शिन्हुआ)



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य दे रूप में बहरीन, कोलंबिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लातविया और लाइबेरिया ने शुक्रवार अपनी जिम्मेदारियां संभालनी शुरू की। उन पांच देशों का दो वर्षीय कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जनवरी से शुरू हुआ लेकिन क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के बाद परिषद का 2026 का पहला कार्य दिवस शुक्रवार को था। उनकी जिम्मेदारियों की शुरुआत के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की सह-मेजबानी करने वाले कज़ाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत कैरात उमरोव ने परिषद के पांच नए सदस्यों को बधाई दी और उनके कार्यकाल में दृढ़ता, उद्देश्य की एकता और सफलता की कामना की। श्री उमरोव ने कहा कि झंडे फहराना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सुरक्षा परिषद में सेवा करना एक विशेषाधिकार एवं जिम्मेदारी दोनों है। यह संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों की ओर से निभाई जाने वाली चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी की शुरुआत का प्रतीक है।जनवरी के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष और समारोह के सह-मेजबान सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने पांच नए सदस्यों का स्वागत किया और उनके सफल एवं प्रभावशाली कार्यकाल की कामना की।

# ऋषिकेश के मैदानी इलाकों में भालू, हाथी से दहशत

**ऋषिकेश,(वार्ता)।** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों के बाद अब मैदानी इलाकों में भी वन्यजीवों की सक्रियता बढ़ती जा रही है। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के न्याय पंचायत श्यामपुर अंतर्गत ग्राम सभा खदरी खड़कमाफ में बीते चार दिनों में भालू और हाथी की मौजूदगी से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दिल्ली फार्म क्षेत्र, गली नंबर 8 में चार दिन पहले तड़के भालू को घरों के आसपास घूमते हुए देखा गया था, जिससे स्थानीय लोग पहले से ही भयभीत थे। इसी बीच शुक्रवार देर रात भल्ला फार्म क्षेत्र की गलियों में एक हाथी घूमता नजर आया जो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। रात्रि के समय हाथी की मौजूदगी से क्षेत्रवासियों में डर और बढ़ गया है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# यश की टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स से तारा सुतारिया का लुक रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपर स्टार यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स से अभिनेत्री तारा सुतारिया का लुक रिलीज हो गया है। कियारा आडवाणी की खूबसूरत लेकिन उदास नादिया, हुमा कुरैशी की रहस्यमयी और ग्लैमरस एलिज़ाबेथ और नयनतारा की खतरनाक गंगा के दमदार फर्स्ट लुक्स के बाद टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स से तारा सुतारिया का लुक रिलीज कर दिया गया है। वह इस फिल्म में रेबेका के रूप में नजर आएंगी।तारा सुतारिया के लिए यह फिल्म पैन-इंडिया स्पेस में उनका पहला कदम है, जो उनके करियर का एक बोल्ड और नया चैप्टर साबित होने वाला है।रेबेका खूबसूरत भी है और एलिगेंट भी, लेकिन ताकत और बंदूकें उसके लिए ऐसे हैं जैसे जन्मसिद्ध अधिकार। खुद को बचाए रखने की उसकी फितरत ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। फर्स्ट-लुक पोस्टर में रेबेका सुनहरी अव्यवस्था के बीच ट्रिगर फिंगर के साथ नजर आती हैं। बाहर से नाज़ुक और बिखरी हुई, लेकिन रौब ऐसा मानो दूसरी स्किन हो। अपनी सलीकेदार और चमकदार इमेज के लिए जानी जाने वाली तारा सुतारिया इस फिल्म में अपनी 'प्रिटी गर्ल' वाली छवि तोड़कर टॉक्सिक की कच्ची, उग्र और अनप्रेडिक्टेबल दुनिया में कदम रखती नजर आएंगी।



तारा सुतारिया को रेबेका के रूप में लेकर निर्देशक गीतू मोहनदास ने कहा, मुझे हमेशा से तारा को बचाकर रखने की एक सहज-सी चाह महसूस हुई है। शायद इसलिए क्योंकि वो एक गार्डेड सोल हैं या फिर इसलिए कि वो जिस आर्मर के साथ सहज हैं, वही उनकी पहचान है। मैंने जल्दी ही समझ लिया कि उन्हें समझने का सबसे अच्छा तरीका दबाव डालना नहीं, बल्कि उन्हें खुद होने की पूरी जगह देना है। इसी फैसले ने हमारे रिश्ते को शांत, बेहद प्रोफेशनल और पूरी तरह अलाइन्ड बनाया। वो बोलने से ज्यादा देखती थीं, कहने से ज्यादा सुनती थीं। कई बार मुझे लगा कि शायद मुझे उन्हें और गाइड करना चाहिए, लेकिन उनकी खामोशी में कुछ बहुत ताकतवर पक रहा था। जब उन्होंने आखिरकार परफॉर्म किया, तो जो सामने आया वो हैरान कर देने वाला था। ये उस अंदरूनी समझ से निकला था जो वो पहले से अपने साथ लिए चल रही थीं। उन्होंने मुझे पूरी तरह चौंका दिया और बहुत खूबसूरत तरीके से। मुझे पूरा भरोसा है कि वो बाकी सभी को भी चौंकाएंगी।

# द राजा साब में बोमन ईरानी का है अहम किरदार : मारुति




निर्देशक मारुति का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म द राजा साब में बोमन ईरानी सबसे अहम किरदारों में से एक हैं। वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार द राजा साब, जिसे भारत की सबसे बड़ी हॉरर फैंटेसी एंटरटेनर कहा जा रहा है, इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में मारुति ने दिग्गज अभिनेता बोमन ईरानी के किरदार पर खुलकर बात की।मारुति ने बताया है कि द राजा साब में बोमन ईरानी हैं सबसे अहम किरदारों में से एक हैं। वीडियो में मारुति ने बताया है कि बोमन ईरानी का किरदार कहानी में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट लेकर आता है। उन्होंने समझाया कि इस किरदार की एंट्री से फिल्म का टोन कैसे बदलता है और यह कहानी को आगे बढ़ाने में कितनी अहम भूमिका निभाता है। मारुति ने कहा,इस फिल्म का एक और बेहद जरूरी किरदार बोमन ईरानी का है। जैसा कि ट्रेलर में दिखा है, उनका मेकओवर बिल्कुल अलग होगा। हमने उनके साथ लाइब्रेरी में शूट किया है। बोमन ईरानी इस फिल्म में एक साइकियाट्रिस्ट का रोल निभा रहे हैं। शुरुआत से ही सोच थी कि जैसे ही उनका किरदार आए, फिल्म का टोन हॉरर कॉमेडी से एक अलग ही कल्पनात्मक मोड़ ले। उन्होंने हर डायलॉग खुद तेलुगु और हिंदी में बोला है। वो ऐसे अभिनेता हैं जो दर्शकों को सम्मोहित कर लेते हैं। जैसे थ्री इडियट्स में वायरस का किरदार आज भी याद किया जाता है, वैसे ही यहां भी उनका असर रहेगा। भले ही वो फिल्म में 15 से 16 मिनट के लिए हों, लेकिन जब तक वो स्क्रीन पर हैं, आप उनकी एक्टिंग में पूरी तरह खो जाएंगे।

# फरहान -रितेश की एक्सेल एंटरटेनमेंट का यूनिवर्सल म्यूज़िक ग्रुप से होगा ऐतिहासिक करार



फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट अब हॉलीवुड की दिग्गज कंपनी यूनिवर्सल म्यूज़िक ग्रुप (इंटरनेशनल) के साथ हाथ मिलाने जा रही है। एंटरटेनमेंट की दुनिया की इन दो बड़ी ताकतों के बीच पिछले कई महीनों से बातचीत चल रही थी। यूनिवर्सल लंबे समय से भारतीय फिल्म बाज़ार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना चाहता था और इस डील ने उनके लिए यहां कदम रखने के बड़े दरवाज़े खोल दिए हैं। यह साझेदारी एक्सेल एंटरटेनमेंट के उस विज़न से भी पूरी तरह मेल खाती है, जिसके तहत वह अपनी प्रोडक्शन्स के पैमाने को और बड़ा करना चाहती है, और इसके लिए कई बड़े आइडियाज़ पहले से ही पाइपलाइन में मौजूद हैं। यह साझेदारी एक्सेल एंटरटेनमेंट को भारत के सबसे बड़े और भरोसेमंद प्रोडक्शन हाउस में शामिल करेगी। इस समझौते की खास बात यह है कि इसमें केवल थोड़ी हिस्सेदारी दी गई है, जबकि रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के पास फिल्मों और कंटेंट पर पूरा अधिकार और कंपनी की मुख्य हिस्सेदारी बनी रहेगी।यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने 25 साल पूरे कर रहा है और इसकी शुरुआत साल 2001 में फिल्म दिल चाहता है से हुई थी।

# 'घर कब आओगे' गाने के लॉन्च पर भावुक हुए वरुण



स्टार वरूण धवन अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 के गाने 'संदेशे आते हैं , घर कब आओगे' के लॉन्च के दौरान भावुक हो गए। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक लोंगेवाला में हुआ, जहां फिल्म बॉर्डर की शूटिंग की गई थी। वरुण ने बताया कि वह बचपन से ही वर्दी पहनने वाले एक सैनिक का किरदार निभाना चाहते थे और बॉर्डर जैसी फिल्मों का उन पर गहरा असर रहा है। वरुण धवन ने सनी देओल की बात का जिक्र करते हुए कहा,जैसे सनी सर ने बताया कि उन्होंने बचपन में फिल्म हकीकत देखी और फिर सेना पर फिल्म करने की इच्छा हुई, वैसे ही मैंने बचपन में बॉर्डर देखी और मेरे दिल में भी एक सैनिक का किरदार निभाने की चाह पैदा हुई। यह सब सनी सर की वजह से है। वरूण धवन ने कहा, फिल्म बॉर्डर ने देश के बच्चों और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाई।इस फिल्म ने हर बच्चे के मन में सेना के लिए गर्व पैदा किया। हमें लगा कि हमारा देश बहुत ताकतवर है। वरुण ने अपनी भावनाएं जाहिर करते हुए कहा,मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं 'घर कब आओगे' जैसे गाने का हिस्सा बनूंगा या बॉर्डर 2 में लीड रोल निभाऊंगा।उन्होंने कहा,आज जब मैं हर जगह ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर देखता हूं, तो मुझे अपने देश पर और भरोसा होता है। भारत प्यार, शांति और भाईचारे में विश्वास करता है, लेकिन युवाओं को यह समझाने के लिए बॉर्डर जैसी फिल्में जरूरी हैं कि हमारा देश कितना वीर है।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के रासेयो इकाई स्तरीय विशेष शिविर हुआ आयोजन




**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के अंतर्गत आयोजित इकाई स्तरीय विशेष शिविर (2025-26) का उद्घाटन सत्र आज गरिमामय वातावरण में हुआ आयोजन। शिविर च्मेरा युवा भारत एवं डिजिटल सशक्तिकरण के लिए युवाज्ञ विषय पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में प्रो. प्रमोद पाण्डेय, प्रभारी कुलगुरु एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. आशीष तिवारी, कुलसचिव, गोपाल रत्नम भाजपा खेल मंडल उपाध्यक्ष, प्रो. गीता सराफ, परिसर प्रभारी शहडोल, प्रो. चेतना सिंह, प्रो. मनीषा तिवारी, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. रजनी गौतम, डॉ. प्रज्ञा यादव, रासेयो अधिकारी महिला इकाई डॉ. धानी जामोद, रासेयो अधिकारी पुरुष इकाई डॉ. मुनीश नेगी, वीरेन्द्र कुर्मी, पूनम मिश्रा सहित रासेयो के वालंटियर एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत पुरुष इकाई अधिकारी डॉ मुनीश नेगी द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, युवाओं की सामाजिक भूमिका, सेवा-भाव तथा डिजिटल सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। ऐसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रमोद पांडे ने कहा लक्ष्य बड़े हो तो छोटे-मोटे अवरोधों को नकारना सीखो, कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वयं सेवकों द्वारा तैयार शिविर दर्पण समाचार प्रतिवेदन बनाया जिसका विमोचन मंच से किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को वोकल फॉर लोकल के तहत स्वयंसेवकों ने स्मृतिचिह्न और रासेयो के बैच लगाकर सम्मान किया, उद्घाटन सत्र के पश्चात शिविर के प्रथम दिवस की गतिविधियाँ प्रारंभ हुईं। स्वयंसेवकों को रेड, येलो, ग्रीन एवं ब्लू हाउस में विभाजित किया गया।

सभी हाउसों द्वारा सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, नाट्य एवं प्रेरक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महिला इकाई अधिकारी डॉ धानी जामोद द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के कार्यक्रम का संचालन श्रुति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन रासेयो के लक्ष्य गीत के साथ हुआ।



# आशीष राय हुए सम्मानित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

विगत दिवस भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ नई दिल्ली की राज्य इकाई जर्नलिस्टस यूनियन ऑफ़ मध्यप्रदेश के विदिशा जिले की सिरोंज तहसील में हुए राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार के मुख्यातिथि एवं संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आगाज किया गया। जिसमें साफ एवं स्वच्छ पत्रकारिता के साथ समाजसेवा में समर्पित होकर जनहित में कार्य करने हेतु नगर के युवा आशीष राय का सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि आशीष विगत पंद्रह वर्षों से जनहित में समर्पित होकर समाजसेवा करते आ रहे है। पूर्व में भी उन्हें राष्ट्रीय स्तर,राज्य स्तरीय से लेकर स्थानीय स्तर पर अनेक सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस कलचुरी समाज के जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे, जिला संयोजक किशोर राय, नगराध्यक्ष मनीष जायसवाल सहित साईं श्रद्धा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया, संरक्षक कुशलेंद्र श्रीवास्तव, बबलू दवाईवाला सहित शुभचिंतको ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नपा अध्यक्ष के निर्देश पर जलप्रदाय की गुणवत्ता का होगा सुधार



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

नगर की जलप्रदाय प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था पाईप लाईन रिसाव पहचान, पेयजल सप्लाई की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु अब नगरीय क्षेत्र के सभी 24 वार्डों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उक्ताशय के आदेश सीएमओ वैभव देशमुख ने नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा के निर्देश के परिपालन में जारी किये है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि ऐसे क्षेत्र जहां पाईप लाईन पुरानी होकर टूटी फूटी होने की अधिक शिकायतें है उनकी सूची बनाई जाए। क्षेत्र में पेयजल सप्लाई की गुणवत्ता की शिकायतें जहां अधिक प्राप्त हो रही है उन क्षेत्रों को सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही पेयजल सप्लाई की मुख्य लाईन में लगे बाल्व, चैम्बर आदि लीकेज तो नहीं है, इस स्थिति में पेयजल की गुणवत्ता खराब होती है, ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाकर सुधार किया जाए। नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी पाईप लाईन फूटी है, पाईप लाईन नालियों में से होकर गुजरी है, नलों में गंदा पानी आ रहा है या फिर पाईप लाईन जगह-जगह से फूटी है और व्यर्थ पानी का दुरूपयोग हो रहा है तो तत्काल अच्छे नागरिक होने का परिचय दें और नगर पालिका में आकर शिकायत दर्ज करायें, जिससे हमारी जलप्रदाय की टीम उक्त समस्या का निराकरण शीघ्रता से कर सकें। साथ ही नागरिकों से अपील है कि जल अमूल्य है और इसे बर्बाद होने एवं व्यर्थ बहने से रोकें, अपने नलों को खुल्ला न छोडे, टोटी लगाए। सरकारी नलों, पब्लिक पोस्ट में भी टोटी लगाकर रखें जिससे जल का अपव्यय होने से बचे।

# 60 दिन काम करने वाले मनरेगा श्रमिकों के युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट उन्नति से रोजगार की तैयारी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)**

मनरेगा के तहत कार्य करने वाले जॉबकार्डधारी श्रमिक परिवारों के युवाओं को अब स्थायी आजीविका का अवसर मिलेगा। इसके लिए शासन द्वारा प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2018-19 से अब तक मनरेगा अंतर्गत न्यूनतम 60 दिवस का कार्य करने वाले जॉबकार्डधारी परिवारों के इच्छुक एवं पात्र युवाओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य अकुशल श्रमिकों एवं उनके परिवार के व्यस्क सदस्यों को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार एवं स्थायी आजीविका से जोड़ना है।




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने बताया कि जिन जॉबकार्डधारी परिवारों ने पूर्व में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जाएगा। हितग्राहियों को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार आरसेटी और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिले को वर्ष 2025-26 के लिए कुल 143 हितग्राहियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के जॉबकार्डधारी परिवार के सदस्य पंजीकरण करा सकेंगे। हितग्राही चयन एवं पंजीयन की प्रक्रिया आरसेटी एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से की जाएगी। विकासखंड स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी होंगे, जिनके साथ विकासखंड प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दल में शामिल रहेंगे।

जिले के समस्त विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा सर्वेक्षण कर इच्छुक एवं सक्षम उम्मीदवारों की पहचान की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों की प्रारंभिक काउंसलिंग कर उनकी रुचि के अनुसार ट्रेड का चयन किया जाएगा।

पात्र उम्मीदवारों का पंजीकरण कौशल पंजी एप एवं पोर्टल के माध्यम से 09 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात चयनित ट्रेड के अनुसार उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से जिले के मनरेगा श्रमिक परिवारों के युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती के लिए पंजीयन शिविर 5,6,7,8 एवं 9 जनवरी को

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन अजय सिंह ने जानकारी दी है कि एसएससीआई के द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के लिए विकासखंड स्तरीय पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी को जनपद पंचायत गोहपारू, 6 जनवरी के जनपद पंचायत ब्यौहारी, 7 जनवरी को जनपद पंचायत जयसिंहनगर, 8 जनवरी को जनपद पंचायत बुढार एवं 9 जनवरी को जनपद पंचायत सोहागपुर में प्रातः 10:30 बजे सांय 4 बजे तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा जवान के पद हेतु आवेदक की उम्र 19 से 35 वर्ष, उंचाई 168 सेमी., शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण या उससे अधिक, वजन 56 से 90 किलोग्राम होना चाहिए। इस पद हेतु 300 युवाओं की भर्ती की जानी है। चयनित अभ्यर्थियों को 14 हजार से 21 हजार तक वेतन प्राप्त होगा। इसी तरह सुरक्षा सुपरवाईजर पद हेतु 15 पद भरे जाने हैं। जिसके लिए उम्मीदवार की आयु 19 से 35 वर्ष ऊंचाई 168 सेमी., शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण या उससे अधिक, वजन 56 से 90 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 17 हजार से 25 हजार तक वेतन प्राप्त होगा।

## किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना होगा अनिवार्य

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** फार्मर रजिस्ट्री भारत सरकार की पहल है जिसका उद्देश्य प्रत्येक किसान को युनिक फार्मर आईडी देकर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने से पीएम किसान, फसल बीमा, एमएसपी तथा शासकीय योजनाओं में अनुदान प्राप्त करने के लिए बार-बार दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होती है। फार्मर रजिस्ट्री करवाने के लिए किसान को मोबाईल नम्बर को आधार से लिंक कराने, भूमि दस्तावेज, खसरा, बैंक खाता, आदि की जानकारी देकर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या कॉमन सर्विस सेन्टर अथवा संबंधित पटवारी के माध्यम से कराई जा सकती है। जिले के ऐसे किसान जिन्होने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाया है वे यथाशीघ्र फार्मर आईडी बनवाने और भूमि खसरे से लिंक अनिवार्य रूप से कराए जिससे शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।



# पीएमश्री बुढ़ी विद्यालय के विद्यार्थियों को कराया रामटेक के दर्शन

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।**

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ी बालाघाट के छात्र-छात्राओं को एतिहासिक दार्शनिक स्थल रामटेक में एक्सपोज़र विजिट करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को ऐतिहासिक दार्शनिक स्थल का अवलोकन कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक ज्ञान प्रदान करना था। विद्यालय के प्राचार्य एस.के. तुरकर के मार्गदर्शन में तथा शिक्षकों की उपस्थिति में यह भ्रमण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा यात्रा, भोजन एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थीं।

भ्रमण से लौटने पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और इसे ज्ञानवर्धक एवं स्मरणीय बताया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य एस.के. तुरकर ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने तथा भ्रमण को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# जैन हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल (प्युरिटी सर्विसेस, नागपुर) एवं सिनियर सिटिजन फोरम बालाघाट द्वारा स्व. त्रिलोकचंद कोचर की पावन स्मृति में जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दिन रविवार 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक को किया जा रहा हैं। जैन हॉस्पिटल में आयोजित प्रेसवार्ता में अभय सेठिया, सरद लूटे, डॉ. शिखरचंद बागरेचा, डॉ ए.के. जैन, डॉ प्रवीण जयराजा, युवराज धुवारे, नानाजी बिसेन, आलम खान एवं डी.पी. रहांगडाले ने जानकारी दी।



डॉ. शिखरचंद बागरेचा ने बताया कि सिनियर सिटिजन फोरम द्वारा स्व. त्रिलोकचंद कोचर की पावन स्मृति में 4 जनवरी को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल बालाघाट में रखा गया है।

शिविर में डॉ. नरेन्द्र हरिनखेड़ , डॉ ए.के.जैन, डॉ आर.के. पंड्या शिशुरोग तज्ञ, डॉ प्रवीण जय राजन जनरल फिजिशियन, डॉ अनिता पाराशर स्त्रिरोग विशेषज्ञ, ओम बघेले हट्टी रोग विशेषज्ञ, डॉ अक्षय अरोरा दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. जेट.एच. भारमल जनरल सर्जन, डॉ शिखरचंद बाघरेचा, डॉ. श्रेयांश सेठिया नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. मीरा अरोरा सहित अन्य डॉक्टरों के द्वारा उक्तरक्तचाप, शुगर, ब्लडप्रेशर, अस्थमा, पेट संबंधित सभी प्रकार की बिमारी, हायड्रोसिल, हार्निया, अपेंडिक्स, किडनी संबंधित परेशानिया, हड्डीरोग संबंधित जांच एवं परामर्श, लिवर संबंधित परेशानी, दांत संबंधित परेशानियां, एक्स रे मे 50 प्रतिशत की छूट, स्त्रीरोग एवं प्रसव रोग, शिशुरोग एवं आंख संबंधित परेशानियां की जांच कर निशुल्क दवाईयां वितरित की जायेगी।

समाजसेवी अभय सेठिया ने अपील कि हैं कि अधिक से अधिक मरीज इस शिविर में पहुंचकर अपना निशुल्क उपचार एमबीबीएस और एमडी डॉक्टरों से जांच करावे।

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण के लिए उमरिया के युवक ने निकाली साइकिल यात्रा



## देश भर में अलख जगाने का प्रण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के ग्राम कौड़िया निवासी विकास साहू को देश में फैला मकड़जाल खटक गया है और वे इस भ्रष्टाचार को देश से समाप्त करने का प्रण लेकर साइकिल से देश भर की यात्रा पर शुक्रवार 2 जनवरी 2026 से उमरिया कलेक्ट्रेट परिसर से विकास ने इस अभियान की शुरुआत की है। भ्रष्टाचार मुख्य भारत अभियान संकल्प के साथ 26 वर्षीय युवा विकास अपने साथ महज कुछ खाने पीने का समान रुकने के लिए टेंट और और साइकिल के सहारे निकले हैं,जज्बा और जुनून इतना है कि निकलने के पूर्व देश भर के भ्रमण का रूट भी तैयार कर लिया है विकास ने जानकारी देते हुए बताया है कि वे उमरिया से शहडोल अनूपपुर होते हुए डिंडोरी फिर वहां से बालाघाट होते हुए जबलपुर से सिवनी-नागपुर होते हुए महाराष्ट्र फिर वहां से गुजरात और फिर देश के बाकी अन्य राज्यों तक पहुंचेंगे विकास ने बताया कि इस बीच खाने पीने में जो राशि खर्च होगी उसे वे खुद वहन करेंगे।

# राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा से मनाया

## विधायक गौरव पारधी ने पूजना अर्चन कर लिया आशीर्वाद

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।**

ग्राम बोथवा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री राधा-कृष्ण का स्थापना दिवस श्रद्धा और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ, दही काला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन संध्या आयोजित कर भक्तिमय वातावरण बनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।आयोजन में विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने मंदिर में भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन



कर पूजा-अर्चना की तथा आयोजित दही काला कार्यक्रम में सहभागिता कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दही काला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान के प्रति गहरी श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। जहां भी दही काला का आयोजन होता है, वहां भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य उपस्थिति मानी जाती है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

इस कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच श्रीमती दीप्ति पराग ठाकुर, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री सुरेश ठाकुर, उपसरपंच शारदेश्वर शिव, कामनसिंह ठाकुर, रामप्रसाद चौधरी, प्रवीण आगाशे, नंदकिशोर ठाकरे, सुनील कोरमोरे, लखन लांजेवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# राष्ट्र सेविका समिति के प्ररम्भिक वर्ग के समापन पर निकलेगा विशाल पथ संचलन

## हटा में पहली बार निकलेगा महिलाओं का पथ संचलन

**हटा (स्वतंत्र मत)।**

राष्ट्रीय सेविका समिति का 5 दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग का समापन पथ संचलन से होगा जिसमें सौ से अधिक मातृशक्ति निर्धारित गणवेश में कदम ताल करेंगी। मातृशक्ति का एकत्रीकरण देव श्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में होगा। जहां भगवा ध्वज को प्रणाम कर संचलन की शुरुआत होगी। जिसमें खुली जीप में आगे भारत माता, भगवा ध्वज फिर घोष वर्ग की 16 प्रशिक्षित महिलाएं और वर्ग में शामिल 127 प्रशिक्षार्थी मातृशक्ति कतारबद्ध होकर सुबह 10 बजे निकलेगी जो बड़कुल जैन मंदिर, रत्न बजरिया, राम मंदिर, बडा बाजार, थाना मंदिर चौराहा से होकर एमएलबी स्कूल में संपन्न होगा। ध्वज प्रणाम के बाद पथ संचलन का समापन होगा। श्रीराम गौ शाला परिसर के श्री नायडू सदन में पिछले पांच दिनों चल रहे प्रारंभिक वर्ग का समापन भी हो जाएगा। दमोह बटियागढ़ पथरिया जबेरा नरसिंगढ़ बीना गौरझामर मालथौन बंडा आदि से वर्ग में पिछले पांच दिन से रुके प्रशिक्षार्थी देशभक्ति पूर्ण जज्बा लेकर अपने गृह नगर प्रस्थान करेंगे सभी से उम्मीद की गई है कि अपने-अपने ग्रामों में वर्ग से सीखे गए पाठ से अन्य सभी को लाभान्वित करेंगे। पथ संचलन में आमजन से अपील की गई है कि अपने घरों के सामने मंगल कलश सजाएं एवं पुष्प वर्षा कर मातृशक्ति के जज्बे को बढ़ाए।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को किया सम्मानित

## पुलिस अधीक्षक ने ली वर्ष 2026 की प्रथम बैठक

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नव वर्ष 2026 के शुभारंभ के अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में वर्ष 2026 की प्रथम महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा किया गया। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नव वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए उन्हें निश्चित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदलते परिदृश्य के अनुरूप कटनी पुलिस की कार्यशैली में सुधार, तकनीकी दक्षता बढ़ाने तथा आधुनिक पुलिसिंग के नए आयाम स्थापित करने पर विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध फुल फोर्स ऑफ लॉ की नीति अपनाई जाए तथा थाना प्रभारी से लेकर बीट प्रभारी एवं आरक्षक स्तर तक प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी जवाबदारी एवं लक्ष्य स्वयं तय कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई



सुनिश्चित करे। विवेचना की गुणवत्ता में सुधार हेतु विवेचकों को तकनीकी एवं मैदानी रूप से अधिक दक्ष बनने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पुलिस चौपाल आयोजित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता, सायबर अपराध के प्रति जागरूकता, सड़क सुरक्षा अभियान, तथा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग जैसे विषयों पर आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही संपत्ति संबंधी अपराधों पर विशेष फोकस कर जिम्मेदार एवं संवेदनशील पुलिसिंग करने के निर्देश दिए गए। नव वर्ष के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, प्रभावी गश्त एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत वर्ष 2025 में विभिन्न मापदंडों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसका विवरण इस प्रकार हैं- सडक सुरक्षा के तहत् नशे में वाहन चलाने वालों चालकों को विरूध्द धारा 185 एमव्ही एक्ट में सर्वाधिक कार्यवाही करने पर शहरी क्षेत्र में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय तथा देहात क्षेत्र में बडवारा थाना प्रभारी के.के. पटेल को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी में थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण में थाना प्रभारी ढीमरखेडा को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में 60 दिवस के भीतर सर्वाधिक प्रकरणों में विवेचना पूर्ण करने पर थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 में लंबित अपराधों का निराकरण कर सबसे कम पेंडिग अपराध 0.89 रखने पर थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक दुबे को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अपराधों की रोकथाम हेतु वाहन चैकिंग के दौरान जिले में सर्वाधिक बिना नम्बर प्लेट के वाहनों का चालन एवं वाहन जप्त करने पर थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा एवं यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ई-समंस पोर्टल में नॉन कंप्लांयंस समंसध्वारंट संख्या सबसे कम रखने पर थाना प्रभारी कैमोर आशीष शर्मा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन, महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 में थाने में प्राप्त स्थाई, गिरफ्तारी वारंट के तामीली में सबसे अधिक तामीली 49 प्रतिशत प्राप्त करने पर थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# निगमायुक्त ने सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं

## विभागों को दिए निराकरण के निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।



नगर निगम कटनी में कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु निगमायुक्त तपस्या परिहार की पहल पर शुक्रवार को नगर निगम के एमआईसी कक्ष में आयोजित कर्मचारी समस्या निवारण शिविर में निगम के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। शिविर के दौरान निगमायुक्त तपस्या परिहार ने स्वयं मौजूद रहकर कर्मचारियों से आवेदन लिए तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा उचित निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। शिविर में पहुंचे विद्युत शाखा राज कुमार राजभर एवं फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारी दिलराज सिंह के आवेदनों पर सुनवाई उपरांत निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा आवेदनों पर समय-सीमा में कार्यवाही करने हेतु लेखापाल श्रीकांत तिवारी को निर्देशित किया गया। जबकि स्थाईकर्मी महेश कुमार चौबे द्वारा नियमितीकरण किये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत स्थापना प्रभारी को प्रकरण पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों की समस्याओं का पारदर्शी, सरल एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से प्रतिमाह करनें के निर्देश दिए गए है।

जिससे निगम के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े। शिविर में सहायक यंत्री आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, लेखापाल श्रीकांत तिवारी सहित लेखा शाखा, विधि विभाग, पेंशन शाखा, स्थापना शाखा सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं लिपिकों की उपस्थिति रही।

# धार्मिक मिलन समारोह के साथ नववर्ष की शुरुआत

कटनी (स्वतंत्रमत)।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के द्वारा नव वर्ष की शुरुवात धार्मिक मिलन समारोह के साथ संपन्न हुई। जिसमें ग्रुप के सदस्यों द्वारा चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में भगवान का अभिषेक, पूजन, शांतिधारा के साथ भक्ति भाव से भगवान की आराधना की एवं धर्म लाभ उठाया।



इसके बाद दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की नवीन कार्यकारणी के सदस्यों द्वारा स्वल्पाहार कर नए वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम के साथ ग्रुप के नवीन कार्यकारी अध्यक्ष के रूप आकेत जैन ने पदभार ग्रहण किया और अपनी अध्यक्षता में भविष्य में ग्रुप के द्वारा नए वर्ष में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का आह्वान किया।

# 108 कलशों से श्रीजी का महामस्तकाभिषेक संपन्न

कटनी (स्वतंत्र मत)।

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. जैन पंचायती मंदिर में प्रात: श्रीजी का महामस्तकाभिषेक 108 कलशों के द्वारा बड़ी श्रद्धा-भक्ति एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया कार्यक्रम में प्रथम कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य अध्यक्ष-पवन कुमार अमन कुमार, शरद कुमार, सतीश कुमार- पाटन, सतीश मोदी, राकेश मोदी, राजा सरावगी, अजय कुमार, अतुल कुमार पहाडी, अध्यक्ष-संजय जैन,



आदित्य जैन, राकेश कुमार, दीपक जैन ट्रान्सपोर्ट, कोमलचंद सजीव कुमार नगर निगम को प्राप्त हुआ। पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि गत दिवस जैन पंचायत के तत्वाधान में श्रद्धालुओं द्वारा एक बस में अतिशय क्षेत्र कुण्डलपुर में पहुंचकर बड़े बाबा के दर्शन के उपरांत प.पू. श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज को श्रीफल चढ़ाकर कटनी आने का अनुरोध किया।

# बहोरीबंद थाने में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

## थाना प्रभारी का नवाचार, स्थानीय नागरिकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नये वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार की रात्रि को बहोरीबंद थाना प्रांगण में थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया आयोजित मिलन समारोह में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक पत्रकार व अधिकारी शामिल हुए भोज के साथ आयोजित समारोह में देशी स्वादिष्ट के साथ ही लजीज व्यंजन बनवाए गए थे। जिसे सभी लोगों ने सराहा गौरतलब है की अखिलेश दाहिया बहोरीबंद थाने के अब तक इकलौते टी आई होंगे जिन्होंने नागरिकों के साथ नववर्ष मनाने का नया नवाचार शुरू किया।

### नागरिकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को सराहा

बहोरीबंद व बाकल थाना क्षेत्र के नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के नेतृत्व में चल रही पुलिस की कार्यप्रणाली को सराहा इसी



कड़ी में पूर्व जनपद अध्यक्ष शंकर महतो ने कहा प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक ने अपने दो महीने के कार्यकाल में बाकल थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त कर दिया वहीं कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, ओबीसी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश लोधी, सादिक खान, रवि पांडे, अजय गर्ग, शशिभूषण तिवारी सहित लोगों ने कहा अखिलेश दाहिया ने जब से बहोरीबंद थाने की कमान सम्भाली है। क्षेत्र में हो रहे अपराधों पर लगाम लगी है।

### एसडीएम थाना प्रभारी ने सपत्निक गाया गाना

रात बढ़ती गई कार्यक्रम में उस समय और समा बंध गया जब एसडीएम राकेश चौरसिया ने ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, अखिलेश दाहिया ने सपत्निक पल पल दिल के पास, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन पान उमरिया थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने अकेला गया था में गीत गाया एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, डीएसपी शिवा पाठक ने सभी का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित डॉक्टर अनुराग शुक्ला, बृजेश गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, बबलू जैन, अमित गुप्ता, पप्पू सैनी, तन्मय दुबे, एस आई धनंजय पाण्डेय, एसआईआई अनुराग पाठक, अजय सिंह, ध्रुव सिंह सहित पुलिस स्टाफ की मौजूदगी रही।

# विकास शुल्क शिविरों में जमा हो रही राशि

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर की चिन्हित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण एवं अधोसंरचना विकास को गति देने के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा वार्डवार आयोजित किए जा रहे विकास शुल्क जमा शिविरों का नागरिकों द्वारा भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को वार्डवासियों की मांग पर राम मनोहर लोहिया वार्ड अहमद नगर मस्जिद के पास आयोजित विकास शुल्क शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 3 लाख 66 हजार रुपये की राशि विकास शुल्क के रूप में जमा की। प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। जिन्होंने विकास शुल्क जमा कराकर अपने क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास का मार्ग

**राम मनोहर लोहिया वार्ड में जमा हुए 3.66 लाख रुपये**



प्रशस्त किया। नागरिकों ने नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित करने की पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया है। नगर निगम अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग संबंधित वार्डों में अधोसंरचना विकास कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलध कराई जा सकेंगी। शिविर के दौरान कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया गया। नगर निगम प्रशासन ने अपील की है कि शेष पात्र नागरिक भी विकास शुल्क शिविरों का लाभ उठाएं ताकि अनधिकृत कॉलोनियों के विकास कार्यों को गति दी जा सके और वार्डों में सुव्यवस्थित नगरीय सुविधाओं का विस्तार हो सके।

# आज विधायक निवास के बाहर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** इंदौर में भाजपा शासित नगर पालिक निगम द्वारा सप्लाई किये गए मल मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 14 लोगों की मौत को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने कहा है कि इतनी मौतों और 2800 व्यक्तियों के बीमार होने से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकार के प्रश्न के जवाँब में अशोभनीय टिप्पणी घंटा का उपयोग करना अमानवीयता और निरंकुशता की निशानी है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन सरकार सत्ता के मद में चूर है। इनको जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार निर्णय लिया गया हे कि इस अमानवीय व्यवहार के विरोध में 4 जनवरी को भाजपा के सांसद और विधायकों के निवास के सामने घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जहां भाजपा के विधायक नहीं हैं वहां भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी के घर के सामने यह प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने समस्त कांग्रेस जनों से आग्रह किया है कि (घंटा) विरोध प्रदर्शन में शामिल हो।

**इंदौर में दूषित जल पीने से मौत के मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की निंदा**

# समान कार्य का समान वेतन अतिथि शिक्षकों का संवैधानिक अधिकार : कंचन पांडेय



कटनी (स्वतंत्रमत)।

अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कंचन पांडेय ने नव वर्ष के अवसर पर शासन से अतिथि शिक्षकों के साथ न्याय करने की माँग की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार के अंतर्गत समान कार्य का समान वेतन अतिथि शिक्षकों को प्रदान कर शासन नव वर्ष का सार्थक उपहार दे सकता है। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षक वर्षों से शासकीय विद्यालयों में नियमित शिक्षकों के समान दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। वे वही पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं, वही कार्यभार संभालते हैं तथा समान शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें अत्यंत अल्प पारिश्रमिक दिया जाना संवैधानिक भावना के प्रतिकूल है।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार तथा अनुच्छेद 39घ स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करते हैं कि समान कार्य करने वाले कर्मचारियों के बीच वेतन में भेदभाव नहीं किया जा सकता। इस संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक निर्णयों में स्पष्ट किया है कि यदि कार्य, दायित्व और जिम्मेदारी समान हों, तो वेतन में अंतर अनुचित एवं असंवैधानिक है। अतिथि शिक्षक अस्थायी कर्मी होने के कारण इस अधिकार से वंचित नहीं किए जा सकते कंचन पांडेय ने कहा कि अतिथि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके साथ वेतन, अवकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में असमानता न केवल उनके सम्मान के विरुद्ध है, बल्कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। अत: समान कार्य का समान वेतन अतिथि शिक्षकों की कोई माँग नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक अधिकार है। शासन का दायित्व है कि वह अतिथि शिक्षकों को न्यायसंगत वेतन, अवकाश एवं आवश्यक सुविधाएँ प्रदान कर वर्षों से चले आ रहे इस भेदभाव को समाप्त करे।

# शिक्षक ही छात्र को तराशकर बनाता है हीरा: राज्यमंत्री बागरी

## राज्य शिक्षक संघ के शिक्षक सम्मान समारोह में राज्य मंत्री का उद्बोधन







कटनी (स्वतंत्रमत)।

निश्चित ही माता-पिता किसी बच्चे के प्रथम गुरू होते हैं, लेकिन बच्चे को समाज का ज्ञान शिक्षक देता है। शिक्षक को ही छात्र की कमजोरी और ताकत पता होती है और उसी को ध्यान में रखकर वह उसे तराशता है। शिक्षक के तराशे छात्र ही हीरा बनकर चमकते हैं और समाज का नाम रोशन करते हैं। यह बात मप्र राज्य शिक्षक संघ के द्वारका भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश सरकार की नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कही। राज्य मंत्री ने कहा कि भगवान राम को उनके गुरू वशिष्ठ ने शिक्षा और संस्कार दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शिक्षक और शिष्य इन तीनों के तालमेल से ही शिक्षा की गुणवत्ता होती है और हम ऐसा प्रयास करें कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए लोगों को निजी स्कूलों की तरह एप्रोच लगानी पड़ने लगे। कार्यक्रम के अतिथि नर्मदापुरम सांसद दर्शन चौधरी ने राज्य शिक्षक संघ के उत्कृष्ट शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम की प्रशंसा। उन्होंने कहा कि किसी देश का लंबे समय के लिए विकास चाहिए तो शिक्षा को बढ़ावा सबसे जरूरी है। सांसद चौधरी ने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके पूर्व राज्य शिक्षक संघ के महासचिव विपिन तिवारी ने लगातार सातवें साल आयोजित किए जा रहे संघ के शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, डीइओ राजेश अग्रहरि, डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी, जनपद सीईओ प्रदीप सिंह, सहित सुनील उपाध्याय, रानू साहू और शैलेंद्र त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

### सौ प्रतिशत रिजल्ट पर किया सम्मान

कक्षा दसवीं व 12वीं में अपने-अपने विषय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही जिले के सेवानिवृत्त और प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी राज्यमंत्री, सांसद सहित अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग पांच सौ शिक्षक सम्मानित हुए। इस मौके पर बीईओ मनोज गर्ग, प्रशांत मिश्रा, अनिल चक्रवर्ती, विनीत मिश्रा, सूर्यकांत त्रिपाठी, राजू सिंह ठाकुर, रवि सिंह, विमलेश तिवारी, त्रिलोक सिंह, पीतांबर शुक्ला, रमाशंकर तिवारी और बृजेश पटेल आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, प्रीत खटवानी आयु 21 वर्ष पुत्री श्री विजय खटवानी, निवासी जगमोहनदास वार्ड (कावसजी का बगीचा) तहसील कटनी जिला कटनी (म.प्र.) की निम्नलिखित कथन, शपथपूर्वक करती हूँ:- मैं शपथकर्ता निवासी जगमोहनदास वार्ड (कावसजी का बगीचा) तहसील कटनी जिला कटनी (म.प्र.) की स्थायी निवासी हूँ। मुझ शपथकर्ता के शालेय रिकार्ड एवं हाई स्कूल की परीक्षा की अंकसूची के अनुसार मेरा नाम प्रीत खटवानी है, तथा जन्मतिथि दिनांक 23-07-2004 है, जो कि सही है। मेरे बने हुये आधार कार्ड नं. 7209 9498 3697 में मेरा नाम खुशी खटवानी, जो दर्ज है, वह पूर्णरूप से गलत है, वा आधारहीन है। मुझ शपथकर्ता के शालेय रिकार्ड एवं कक्षा 10 वीं की हाई स्कूल की अंकसूची के अनुसार आधार कार्ड में अपना नाम प्रीत खटवानी पुत्री श्री विजय खटवानी, सुधार करवाकर दर्ज करवाना चाहती हूं।

# गिल कप्तान के तौर पर बरकरार

## अय्यर, पंत और सिराज की वनडे टीम में वापसी

मुंबई, (वार्ता)



स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए कप्तान के तौर पर बरकरार रखा गया है जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और विकेटकीपर रिषभ पंत की शनिवार को घोषित भारतीय टीम में वापसी हुई हैं। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ आगामी वनडे सीरीज के लिए चयनित भारतीय दल में श्रेयस अय्यर को भी शामिल किया गया है। हालांकि बीसीसीआई द्वारा जारी मीडिया रिलीज में यह बताया गया है कि अय्यर की उपलब्धता बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) द्वारा अनुमति मिलने पर निर्भर करेगी। अय्यर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हो गए थे जिसके बाद से उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और वह दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ घरेलू वनडे सीरीज में भी भारतीय दल का हिस्सा भी नहीं थे। अय्यर को सीओई से सशर्त विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के अगले राउंड में खेलने की अनुमति मिली है और वह 6 जनवरी को मुंबई के लिए खेलते नजर भी आ सकते हैं।

शुभमन गिल खुद पिछले महीने कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम की कप्तानी करने के लिए वापसी करेंगे। दोनों सीनियर बल्लेबाजों की वापसी का मतलब है कि ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को जगह छोड़नी पड़ी है, इसके बावजूद कि दोनों ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक-एक शतक बनाया था। ऋषभ पंत ने केएल राहुल के बाद दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में अपनी जगह बनाए रखी है, जबकि ध्रुव जुरेल को अब बाहर कर दिया गया है। वहीं हार्दिक पंड्या को भी आगामी टी20 विश्व कप और उनके कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वनडे दल में शामिल नहीं किया गया है। बीसीसीआई की मीडिया रिलीज में बताया गया है कि चूंकि हार्दिक को सीओई से एक मैच में 10 ओवर डालने की अनुमति नहीं मिली है इसलिए आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनका कार्यभार प्रबंधित किया जा रहा है। तेज गेंदबाजी आक्रमण में मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है, उनके साथ अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा शामिल हैं। स्पिन विभाग का नेतृत्व कुलदीप यादव करेंगे, साथ में ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा होंगे, जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया में अक्षर पटेल से हारने के बाद भी अपनी जगह बनाए रखी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीमों के लिए खेला था, वे एकमात्र इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेलना जारी रखेंगे जिसमें वे अभी भी एक्टिव हैं, और यशस्वी जायसवाल टॉप-ऑर्डर के लिए बैकअप के तौर पर रहेंगे। नीतीश कुमार रेड्डी को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज़ का पहला मैच 11 जनवरी को वड़ोदरा में खेला जाएगा। इसके बाद 14 जनवरी को राजकोट जबकि 18 जनवरी को इंदौर में मुक़ाबला खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद भारत न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगा जिसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी। टी20 सीरीज के लिए भारतीय दल का ऐलान पहले ही चुका है और यही दल आगामी टी20 विश्व कप में भी खेलेगा। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप कप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हार्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, रिषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

### वनडे सीरीज का कार्यक्रम

**पहला वनडे :** 11 जनवरी वड़ोदरा

**दूसरा वनडे :** 14 जनवरी राजकोट

**तीसरा वनडे :** 18 जनवरी इंदौर

# मुस्तफिजुर केकेआर से बाहर

## बीसीसीआई के निर्देश के बाद शाहरुख की टीम ने निकाला

मुम्बई (वार्ता)।



कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद बीसीसीआई ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। केकेआर ने ट्वीट किया, बीसीसीआइ के निर्देश के बाद सभी जरूरी प्रक्रियाओं और आपसी परामर्श के बाद मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया गया है। आईपीएल नियमों के अनुसार बीसीसीआई ने केकेआर को एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी लेने की अनुमति दी है। इससे जुड़ी आगे की जानकारी समय आने पर साझा की जाएगी। इससे पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आज सुबह कहा, हाल के दिनों में जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्हें देखते हुए बोर्ड ने केकेआर को मुस्तफिजुर को रिलीज करने का निर्देश दिया है। अगर फ्रेंचाइजी किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की मांग करती है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी।

## अजय कुमार ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्वर्ण

**नई दिल्ली, (वार्ता)** 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में शनिवार को रोमांचक मुकाबलों से भरा दिन देखने को मिला, जहां आर्मी के अजय कुमार और कर्नाटक के जोनाथन गेविन एंथनी ने सुर्खियां बटोरीं। अजय कुमार ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष फाइनल में कड़े मुकाबले के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि जोनाथन ने पुरुष एयर पिस्टल स्पर्धाओं में सब-यूथ, यूथ और जूनियर-तीनों वर्गों में खिताब जीतकर दुर्लभ हैट्रिक पूरी की। इसी बीच, शॉटगन रेंज पर तमिलनाडु ने सीनियर और जूनियर ट्रैप मिक्स्ड टीम-दोनों खिताब जीतते हुए अपना दबदबा कायम रखा। 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष फाइनल में अजय ने 241.1 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और रेलवे के शुभम बिसला को पीछे छोड़ा, जिन्हें 240.1 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा के अनमोल जैन ने 220.0 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा के शिवा नरवाल 197.2 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए। नौसेना के निशानेबाज आकाश भारद्वाज और उज्ज्वल मलिक ने क्रमशः 177.8 और 157.3 के स्कोर के साथ पांचवां और छठा स्थान हासिल किया। राजस्थान के राहुल सेरावत 136.6 के साथ सातवें स्थान पर रहे।



# वावरिंका ने स्विट्जरलैंड को पर्थ में जीत दिलाई

पर्थ (वार्ता)

स्टेन वावरिंका ने शनिवार को पर्थ में नाटकीय परिस्थितियों में एटीपी टूर पर अपने आखिरी साल की विजयी शुरुआत की। आर्थर रिंडरकनेच के खिलाफ 5-7, 7-6(5), 7-6(5) की जीत के साथ, वावरिंका ने फ्रांस के खिलाफ यूनाइटेड कप के पहले मैच में स्विट्जरलैंड के लिए जीत पक्की कर दी। इससे पहले बेलिंडा बेनिक ने लेओलिया जीनजीन को 6-2, 6-4 से हराकर स्विस टीम को ग्रुप सी मुकाबले में शानदार शुरुआत दी थी। आरएसी एरिना में तीन घंटे, 18 मिनट की जीत के बाद वावरिंका ने कहा, च्आज एक कठिन मुकाबला था, लेकिन मुझे बहुत खुशी है कि मैं इसे 2-0 से जीत सका।ज्ञ वावरिंका ने दिसंबर में घोषणा की थी कि 2026 एक पेशेवर के तौर पर उनका आखिरी सीजन होगा। रिंडरकनेच और वावरिंका की पहली लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुलाकात पूरे मैच में कड़ी टक्कर वाली रही। रिंडरकनेच ने 4-4 पर 0/40 से सर्व बचाई और 12वें गेम में ब्रेक लेकर पहला सेट जीत लिया, जिसके बाद वावरिंका ने शांत रहते हुए टाई-ब्रेक में दूसरा सेट जीत लिया। सेट जीतने के लिए उन्होंने जो ट्रेडमार्क बैकहैंड डाउन-द-लाइन विनर लगाया, उससे पर्थ के दर्शक खड़े हो गए और मैच निर्णायक सेट में चला गया।

# देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में चौथा शतक ठोककर बल्ले से मचाया तांडव

बेंगलुरु, (वार्ता)



कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल (108) की शतकीय पारी के बाद श्रेयस गोपाल और विजयकुमार वैशाख (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में त्रिपुरा को 80 रनों से शिकस्त दी। 333 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी त्रिपुरा की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपने पांच विकेट 59 के स्कोर पर गंवा दिये। उदियान बोस (शून्य), श्रीदम पॉल (पांच), विजय शंकर (एक), तेजस्वी जायसवाल (25) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह दो रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय स्वप्निल सिंह ने रजत डे के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। 37वें ओवर में श्रीशा अचर ने रजत डे (66) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद त्रिपुरा के मैच जीतने की उम्मीद खत्म हो गई। सातवें विकेट के रूप में स्वप्निल सिंह अपना शतक बनाकर आउट हुये। उन्हें 47वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने बोल्ड आउट किया। स्वप्निल सिंह ने 93 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 100 रन बनाये।

इसके बाद श्रेयस गोपाल ने शेष तीनों बल्लेबाजों को आउटकर 49वें ओवर में 252 के स्कोर पर त्रिपुरा की पारी का अंत कर दिया। कर्नाटक के लिए श्रेयस गोपाल और विजयकुमार वैशाख ने तीन-तीन विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा, विद्याधर पाटिल और श्रीशा अचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत के सबसे होनहार युवा बल्लेबाजी प्रतिभाओं में से पडिक्कल ने त्रिपुरा के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के राउंड 5 में शानदार शतक लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नजदीक होने के कारण, पडिक्कल की लगातार घरेलू फॉर्म ने उन्हें राष्ट्रीय चयन के लिए सुर्खियों में ला दिया है।

### पंड्या के शतक पर भारी पड़ा मोखाड़े का नाबाद शतक

**राजकोट (वार्ता)।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के तूफानी शतक पर अमन मोखाडे (नाबाद 150) का शतक पड़ा भारी और विदर्भ ने 41.4 ओवरों में एक विकेट पर 296 का स्कोर कर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम किया। 296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ के लिए अथर्व तायडे और अमन मोखाडे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए महज 15.5 ओवरों में पहले विकेट लिए 127 रन जोड़े। महेश पिठिया ने अथर्व तायडे को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वहीं अमन मोखाड़े ने 121 गेंदों में 17 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 150 रन बनाये। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने विजय हजारे ट्रॉफी के एलीटमुकाबले में 92 गेंदों में 11 छक्कों की मदद से 133 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेलते हुए जहां अपनी टीम बड़ौदा को 293 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# प्रो रेसलिंग लीग की नीलामी में उतरेंगे 250 से ज़्यादा पहलवान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रो रेसलिंग लीग हाई-प्रोफाइल वापसी के लिए तैयार है। आज नई दिल्ली में होने वाली 2026 प्लेयर नीलामी में 250 से ज़्यादा पहलवानों की बोली लगेगी। यह नीलामी लीग के पांचवें सीजन की तैयारी में एक अहम कदम है, जो छह साल के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हो रहा है। नीलामी पूल में पहलवानों को उनके प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय पहचान के आधार पर चार कैटेगरी में बांटा गया है - ए (मार्की), ए , बी और सी। इन कैटेगरी के लिए बेस प्राइस ए पहलवानों के लिए 18 लाख, कैटेगरी ए के लिए 12 लाख, कैटेगरी बी के लिए 8 लाख और कैटेगरी सी के लिए 3 लाख तय किया गया है, जिससे फ्रेंचाइजी को एक व्यवस्थित और पारदर्शी बोली लगाने का ढांचा मिलता है। नीलामी पूल में कई बड़े नाम, जिनमें जापानी महिला रेसलिंग की दिग्गज यूई सुसाकी, क्यूबा की पेरिस ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट युस्नेलिस गुजमैन लोपेज और यूक्रेन की दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट इरीना कोलियाडेन्को के साथ-साथ स्थानीय सितारे अमन सहरावत, जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं और भारत की सबसे कम उम्र की ओलंपिक महिला पहलवान और दो बार की विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट अंतिम पंघाल, ए कैटेगरी में शामिल हैं। कैटेगरी ए में दीपक पूनिया, जो विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और पूर्व राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन हैं और हाल ही में अंडर-23 विश्व चैंपियन बने भारत के सुजीत कल्कल के साथ-साथ आर्मेनिया के चार बार के विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट आर्सेन हारुत्युन्यान, मंगोलिया के पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट तुलगा और पोलैंड के 2025 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता रॉबर्ट बारन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।



# भारत के विमानन बेड़े में 2026 तक तेजी से बढ़ोतरी की संभावना

## भारतीय विमानन कंपनियां बेड़े में 55 नए विमान शामिल करेंगी



**नई दिल्ली ।** भारतीय विमानन उद्योग का बेड़ा 2025 में कुल 826 विमानों का था, जिसमें से 723 विमान परिचालन में थे। शेष 103 विमान स्पेयर पार्ट्स की कमी या एयर इंडिया जैसे अपग्रेडेशन और नवीनीकरण कारणों से परिचालन से बाहर थे।


पिछले साल 79 विमान बेड़े में जोड़े गए, जबकि 44 विमानों को हटाया गया, जिससे 2025 में शुद्ध वृद्धि 35 विमानों की रही। विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में भारतीय एयरलाइंस अपने बेड़े में लगभग 50-55 नए विमान जोड़ सकती हैं। अगर उत्पादन और अनुमति की प्रक्रिया योजना अनुसार रही, तो साल के अंत तक कुल बेड़े की क्षमता 900 विमान तक पहुंच सकती है। परिचालन से बाहर रहे विमानों को भी शामिल करने की संभावना है, जिससे परिचालन विमानों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। इंडिगो के 49 विमानों में से आधे नए प्रैट एंड व्हिटनी इंजनों के साथ उड़ान भर सकते हैं, जिससे बेड़े की क्षमता में सुधार होगा। एयर इंडिया के कुल विमानों की संख्या लगभग स्थिर रहने की संभावना है। 2026 में एयर इंडिया के पास 26 विमान होंगे, जिनमें से 20 नैरो-बॉडी वाले हैं। कुछ लीज पर लिए गए बोइंग 777 विमानों को वापस किया जा रहा है।

# 2026 की ओर आत्मविश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ेगा महिंद्रा समूह : शाह



**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक अनिश शाह ने कर्मचारियों को नए वर्ष का संदेश देते हुए कहा कि समूह 2026 की ओर आत्मविश्वास, सहयोगपूर्ण सोच, चुस्ती और साहस के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे बड़ा सोचें, कम प्राथमिकताओं पर ध्यान दें और उनका उत्कृष्ट क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि आगे बढ़ते हुए भी समूह के मूल्यों से जुड़ा रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा कि एक टीम के रूप में काम करते हुए ही समूह अपने उद्देश्य को साकार कर सकता है ।

# निजी बैंक बने पेंशन फंड मैनेजर, एनपीएस निवेशकों को ज्यादा विकल्प मिलेंगे




**नई दिल्ली ।** पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के एक अहम फैसले से भारत के रिटायरमेंट बचत सिस्टम में महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद की जा रही है। नए नियमों के तहत अब शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अपने स्तर पर पेंशन फंड स्थापित कर सकेंगे। हालांकि, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के मौजूदा नियमों, ढांचे और निवेश सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पीएफआरडीए ने साफ किया है कि एनपीएस की संरचना पहले की तरह ही रहेगी। टैक्स लाभ, निवेश नियम, निकासी प्रक्रिया और नियामकीय निगरानी में कोई बदलाव नहीं होगा। यह फैसला केवल पेंशन फंड मैनेजमेंट में बैंकों की भागीदारी से जुड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बैंकों की सीधी भागीदारी से निवेशकों को अधिक विकल्प मिलेंगे। कर्मा मैनेजमेंट ग्लोबल कंसल्टिंग सॉल्यूशंस के अनुसार, एनपीएस का प्रोडक्ट तुरंत नहीं बदलेगा।

# चावल, चीनी, दालें नरम-गेहूं मजबूत, तेलों में घटबढ़



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गये, जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी और दालों पर भी दबाव रहा। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये टूटकर 3,808 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 10 रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे की कीमत भी सात रुपये बढ़ गयी।

दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल औसतन 110 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 65 रुपये और उड़द दाल 51 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रही। चना दाल की कीमत 36 रुपये और मूंग दाल की 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।

स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल 194 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं, सूरजमुखी तेल 83 रुपये और पाम ऑयल 72 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सरसों तेल में 61 रुपये और वनस्तपति में 57 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सोया तेल 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं, चीनी तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

# बाजार में लगातार दूसरे हफ्ते भी जारी रही तेजी

## घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी ने सेंसेक्स और निफ्टी को समर्थन दिया



**मुंबई ।** बीते सप्ताह मज़बूत ऑटो बिक्री के आंकड़ों और बेहतर अर्निंग आउटलुक को लेकर बने उत्साह के कारण, भू-राजनीतिक तनाव और एफआईआई की लगातार बिकवाली को नज़रअंदाज़ करते हुए, बाज़ार ने लगातार दूसरे हफ़्ते भी बढ़त जारी रखी। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को सकारात्मक रही, जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 22.24 अंक बढ़कर 85,063.69 पर खुला, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 16 अंकों की तेजी के साथ 26,058.30 पर कारोबार शुरू हुआ। हालांकि, दिन के अंत में सेंसेक्स 346 अंक गिरकर 84,695 पर बंद हुआ और निफ्टी 25,950 के स्तर के नीचे फिसल गया। इस दौरान भारतीय रुपया भी 89.97 के रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब कारोबार करता दिखाई दिया। मंगलवार को बाजार में गिरावट जारी रही। इसके बावजूद, बुधवार को पिछले दिनों की गिरावट के बाद रिकवरी देखने को मिली। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 254.38 अंक चढ़कर 84,929.46 पर पहुंच गया और निफ्टी 50 ने 89.15 अंकों की बढ़त के साथ 26,028 पर कारोबार किया। इस सुधार का मुख्य कारण घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी और साल के अंत में पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग रही। गुरुवार को सेंसेक्स में मामूली गिरावट देखने को मिली और यह 85,188.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 26,146.55 पर स्थिर रहा। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 350 अंकों के उतार-चढ़ाव के साथ 85,101.52 और 85,451.70 के स्तर को छुआ।

### सेंसेक्स हुआ 40 साल का

एशिया के सबसे पुराने शेयर बाजार बीएसई के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स ने 40 साल पूरे किये और इन चार दशकों में सेंसेक्स में निवेश पर औसतन साल दर साल 13 प्रतिशत का लाभ हुआ है। इस उपलक्ष्य में बीएसई में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि सेंसेक्स पिछले चार दशकों की अपनी यात्रा में एक मजबूत बाजार संकेतक की कसौटी पर खरा उतरा है।

# मध्यप्रदेश ड्रोन एवं जियोस्पेशियल इकोसिस्टम में बना अग्रणी राज्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में हुआ देश की राज्य स्तरीय ड्रोन डेटा रिपोज़िटरी का शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में देश की पहली राज्य-स्तरीय ड्रोन डेटा रिपोज़िटरी (डीडीआर) शुरू की गई है। इससे मध्यप्रदेश भारत के ड्रोन एवं भू-स्थानिक इकोसिस्टम में अग्रणी राज्य बन गया है। यह पहल प्रदेश में गवर्नेंस को पूर्णतः डिजिटल बनाने की राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह तकनीक शासन की प्रक्रियाओं को सुगम, सुदृढ़ और पारदर्शी बनाती है। विभागों के बीच ड्रोन-आधारित इंटेलिजेंस को संस्थागत रूप देकर प्रदेश एक अधिक कनेक्टेड, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार प्रशासनिक ढांचे की ओर तेजी से अग्रसर है। डीडीआर का शुभारंभ 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' के अवसर पर किया गया था। इसे राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022 तथा डीजीसीए के यूएएस नियम 2021 के अनुरूप विकसित किया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) द्वारा विकसित यह रिपोज़िटरी फ्यूचर-रेडी डिजिटल गवर्नेंस की एक सुदृढ़ आधारशिला सिद्ध होगी। मध्यप्रदेश में ड्रोन तकनीक का प्रभावी एवं व्यापक उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश में भूमि सर्वेक्षण, कृषि प्रबंधन, सिंचाई परियोजनाओं, खनन पट्टों की निगरानी, आधारभूत संरचना निर्माण, पर्यावरणीय मूल्यांकन, नगरीय नियोजन तथा आपदा प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में उच्च-रिज़ॉल्यूशन ड्रोन सर्वेक्षण किए जा रहे हैं।अब तक ड्रोन सर्वेक्षणों से प्राप्त डेटा विभिन्न विभागों में अलग-अलग संकलित होता रहा, जिससे कई स्थानों पर सर्वेक्षणों की पुनरावृत्ति,अपूर्ण डेटा एकत्र होने और



कई महत्वपूर्ण इमेजरी व भू-स्थानिक जानकारियों को सुरक्षित रखने की चुनौती सामने आई।

### ड्रोन डेटा रिपोज़िटरी

डीडीआर एक केंद्रीकृत, क्लाउड-आधारित, सुरक्षित और इंटर-ऑपरेबल डिजिटल अवसंरचना है। इससे भू-स्थानिक प्रशासन के भविष्य का आधार तैयार होता है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाले ड्रोन डेटा संग्रहित किए जा रहे हैं। इस डेटाबेस में उच्च-रिज़ॉल्यूशन ऑर्थोमोज़ाइक, 3ष्ठ टेरेन मॉडल, लिडार स्कैन, वीडियो इमेजरी, लिगेसी बेसलाइन डेटा और बहु-विभागीय सर्वेक्षण रिकॉर्ड शामिल किये जाते हैं। हर डेटा फ़ाइल को सटीक लैटिट्यूड-लॉंगीट्यूड मेटाडाटा, सर्चेबल की-वर्ड, मानकीकृत तकनीकी फॉर्मेट और स्वचालित वर्गीकरण के साथ रिपोज़िटरी में संरक्षित किया जाता है। इस डेटा से सभी अधिकारी खोज, तुलना और विश्लेषण कर सकते हैं।

### डेटा दोहराव में कमी और दक्षता में वृद्धि

प्रदेश में पहली बार सभी विभागों के ड्रोन सर्वे डेटा को एक ही प्लेटफॉर्म पर समेकित किया है। इसके परिणामस्वरूप ड्रोन सर्वेक्षणों के दोहराव में 30-50त्न तक कमी आई है। डेटा पारदर्शिता में वृद्धि, विभागीय सहयोग में सुधार,फील्ड-वेरिफिकेशन में सटीकता और निर्णय लेने की गति में अत्यधिक बढ़ोतरी संभव हुई है। अब विभाग स्थान, परियोजना, मेटाडाटा, विषय या उद्देश्य के आधार पर आसानी से आवश्यक भू-स्थानिक डेटा खोज सकते हैं।

### मशीन लर्निंग आधारित भू-स्थानिक विश्लेषण

डीडीआर की तकनीकी संरचना अत्याधुनिक है। इससे रियल-टाइम मॉनिटरिंग, लिगेसी डेटा की तुलनात्मक समीक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित भू-स्थानिक विश्लेषण, स्वचालित कैटलॉगिंग, टाइम-लैप्स परियोजना निगरानी, भविष्य-अनुमान मॉडलिंग और मल्टी-डिपार्टमेंट डेटा इंटीग्रेशन सुगम हुआ है। परिणामस्वरूप डेटा अधिग्रहण का समय सप्ताह से घटकर दिनों में आ गया है। योजनाओं का मूल्यांकन अधिक विश्वसनीय और नीति-निर्माण अधिक तथ्य परक, त्वरित और प्रभावी हुआ है।

### डीडीआर से व्यापक लाभ

भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग में भूखंड सीमांकन में उच्च सटीकता, किरायेदारी एवं कब्जा सत्यापन, अतिक्रमण की पहचान और भूमि विवादों का त्वरित निराकरण संभव हुआ है। आधारभूत संरचना एवं निर्माण परियोजनाओं-सड़कों, पुलों, नहरों, सोलर पार्कस एवं सार्वजनिक निर्माण कार्यों की टाइम-लैप्स निगरानी होने लगी है और परियोजनाओं की प्रगति का वैज्ञानिक मूल्यांकन आसान हुआ है। नगरीय प्रशासन एवं शहरी नियोजन के क्षेत्र में उच्च-रिज़ॉल्यूशन 3ष्ठ मॉडल आधारित ज़ोनिंग, जल, सीवर, परिवहन और उपयोगिता सेवाओं की कुशल योजना बनाने में डीडीआर का उपयोग प्रभावी सिद्ध हुआ है। आपदा प्रबंधन जैसे बाढ़, आग, भू-स्खलन के बाद त्वरित नुकसान आकलन और लिगेसी बेसलाइन डेटा के आधार पर राहत और पुनर्वास की रणनीति बनाना आसान हुआ है। कृषि, सिंचाई, वन एवं पर्यावरण विभाग डीडीआर का उपयोग फसल स्थिति विश्लेषण, कीट-प्रभाव पहचान, माइक्रो- सिंचाई आवश्यकताओं का निर्धारण, वन संरक्षण एवं अवैध कटाई की निगरानी और पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन में डीडीआर का उपयोग किया जा रहा है।

### डीडीआर को राष्ट्रीय मॉडल बनाने की दिशा में कदम

प्रदेश सरकार आगामी समय में इस ड्रोन डेटा रिपोज़िटरी को एक राष्ट्रीय रूप से सुलभ भू-स्थानिक ढांचे में विकसित करेगी।इसके लिए केंद्रीय मंत्रालयों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय अनुसंधान संस्थानों, विशेषज्ञों, स्टार्ट-अप्स और निजी उद्योग सहयोगियों के साथ समन्वय बढ़ाने की योजना है। राज्य का लक्ष्य है कि डीडीआर अनावश्यक ड्रोन सर्वेक्षण को कम करे, अंतर्राज्यीय आपदा प्रबंधन सहयोग को मजबूत बनाए और उच्च-गुणवत्ता वाले भू-स्थानिक डेटा आधारित नीति-निर्माण को सक्षम करे। ड्रोन डेटा रिपोज़िटरी मध्यप्रदेश की डेटा-आधारित गवर्नेंस यात्रा में एक परिवर्तनकारी कदम है, इसमें नवाचार, पारदर्शिता और भू-स्थानिक इंटेलिजेंस शासन का अभिन्न हिस्सा बन रहे हैं। एकीकृत और इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म के माध्यम से डेटा डुप्लिकेशन समाप्त होगा। इससे स्मार्ट गवर्नेंस की मजबूत नींव स्थापित होगी।



# अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना से चंबल क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परियोजना के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्षेत्रीय विकास में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना से प्रदेश के चंबल क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस मार्ग से मुरैना, श्योपुर और भिंड जिले, राजस्थान से निकल रहे दिल्ली-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे और उत्तर प्रदेश के आगरा-लखनऊ हाईवे से जुड़ेंगे। इससे क्षेत्र की कोटा, मुंबई, कानपुर, लखनऊ, आगरा और दिल्ली से कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा यात्रा का समय कम होगा। परिणामस्वरूप क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार-व्यवसाय, पर्यटन और आवागमन को प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों और क्षेत्रीय निवासियों की सहमति और संतुष्टि अनुसार भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया कर परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना की मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेंच राष्ट्रीय उद्यान-कान्हा टाइगर रिजर्व-बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और पन्ना राष्ट्रीय उद्यान को जोड़ने वाले मार्ग को टाइगर टूरिज्म कॉरीडोर के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 625 कि.मी. लंबे इस मार्ग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। बैठक में अटल एक्सप्रेस-वे के प्रस्तावित दो प्लान का तुलनात्मक प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह उपस्थित थे।

## रूचि पालीवाल राजपूत को मिली पीएचडी की उपाधि



दमोह (स्वतंत्र मत)। शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए रुचि पालीवाल राजपूत को सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह शोध उपाधि शोध निर्देशक डॉ. रिचा पाठक के मार्गदर्शन में प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि रुचि पालीवाल राजपूत ने डॉ. विजय लाल स्मृति महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में सहायक अध्यापक के रूप में लगभग 13 वर्षों तक सेवाएं दी हैं और विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता देवेश पालीवाल एवं मालती पालीवाल, सास नविता राजपूत तथा अपने पति पार्षद अभिलाष राजपूत के सतत सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया है।

# गायत्री परिवार शाखा मुहरई ने महायज्ञ कर मनाया वार्षिकोत्सव



हटा (स्वतंत्र मत)

समीपवर्ती ग्राम मुहरई के देवश्री हनुमान मंदिर मढ़ा बब्बा में गायत्री महायज्ञ करके शाखा का वार्षिकोत्सव मनाया गया। यज्ञाचार्य दिनेश दुबे द्वारा सर्वदेव आवाह्न पूजन अर्चन के साथ वैदिक विधि विधान से कर्मकाण्ड संपन्न करवाया गया। यज्ञाहुति करवाते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न के उन्मूलन एवं आसुरी शक्तियों के दमन हेतु गायत्री मंत्र के साथ महाकाली गायत्री के क्लीं बीजमंत्र से भी आहुतियां सम्पन्न करवाईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ परिजन डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने गायत्री को अमृत, पारस एवं कल्पवृक्ष बताते हुए शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में घर-घर गायत्री एवं घर-घर यज्ञ को पहुंचाने की महत्ता पर जोर दिया। हरिनारायण चौकरया ने धर्म एवं अध्यात्म के तत्वज्ञान का वैज्ञानिक विश्लेषण करने वाली मासिक पत्रिका अखंड ज्योति के नियमित स्वाध्याय करने की बात कही। इस अवसर पर दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर लौटे छात्र चिरंजीव लोमेश पटेरिया का इक्कीसवां जन्मदिन संस्कार भी सम्पन्न हुआ। महायज्ञ में सपत्नीक पधारे पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय ने कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना की। बाबा जगदीश पटेल के प्रज्ञा गीतों ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित डेढ़ दर्जन गांव के परिजनों के प्रति पंडित गिरधर पटेरिया ने आभार व्यक्त करते हुए 6 से 9 जनवरी तक संपन्न होने वाले इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ नोहटा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया।

# सामान्य व्यक्ति की तरह कलेक्टर ने ग्राम घोघरा में बिताई रात

## घोघरा में कलेक्टर की पहल से आधार, आयुष्मान समग्र व स्वास्थ्य सेवाओं का ग्रामीणों को मिला एक साथ लाभ

दमोह (स्वतंत्र मत)

कुम्हारी मंडल अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में स्थित घोघरा गांव, जहां गड़ाघाट के बाद वनांचल क्षेत्र में करीब 8-9 किलोमीटर का दुर्गम मार्ग तय करना पड़ता है, वहां प्रशासनिक शिविर के दौरान ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 31 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगातार आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रात्रि चौपाल के दौरान एक सामान्य व्यक्ति की तरह जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से रूबरू हुए और ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं के तहत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, समग्र



आईडी, स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं प्रदान की गईं। रात्रि में चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण भी कराया गया।

कलेक्टर ने एक सामान्य व्यक्ति की तरह ग्राम घोघरा में ही रात विताई, 1 जनवरी को प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक उन्होंने ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव सांझा किए। समस्याओं को मुख्यतः तीन भागों में विभाजित किया गया। पहला, अधोसंरचना से संबंधित विषयए जिसमें सीसी रोड, सामुदायिक भवन और किचन शेड निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। दूसरा हितग्राही मूलक सेवाएं, जिसमें सबसे गंभीर समस्या जन्म प्रमाण पत्र का अभाव होना सामने आया। जन्म प्रमाण पत्र न होने से आधार, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं जिससे बच्चों की स्कूल में पढ़ाई और योजनाओं का लाभ बाधित हो रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जनवरी माह में घोघरा गांव में कोई भी व्यक्ति बिना जन्म प्रमाण पत्र के नहीं रहेगा और सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र इसी माह तैयार कराए जाएंगे। कलेक्टर कोचर ने बताया ग्रामीणों का स्नेह अत्यंत भावुक करने वाला था। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक देर रात तक आयोजित जनचौपाल में उपस्थित रहे और सुबह फिर जल्दी आकर गांव भ्रमण में साथ चले। ग्रामीणों द्वारा गाया गया बुंदेली गीत, जिसमें उनके जाने की पीड़ा और पुनः आने की कामना व्यक्त की गई, भाव विभोर करने वाला क्षण था। कलेक्टर कोचर ने कहा जब लोग अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इतनी अपेक्षाएं रखते हैं तो यह हमारी बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि उनकी समस्याओं का अधिकतम समाधान किया जाए। उन्होंने इस पूरे दौरे में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस ने क्रान्तिज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

भोपाल (स्वतंत्र मत)

आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में क्रान्तिज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया गया इस अवसर पर अनुसूचित जाति विभाग के नेतृत्व में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण एवं नियुक्ति आदेश वितरण का कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व गृहमंत्री महेंद्र बौद्ध, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, प्रकोष्ठ प्रभारी महेंद्र चौहान, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, अनुसूचित जाति सेल की प्रभारी भगवती चौधरी एवं हेमंत नरवरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता की ऐतिहासिक लड़ाई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दशकों पहले शुरू की थी, आज भाजपा के शासन में उसी विचारधारा और संवैधानिक मूल्यों को कुचलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में आदरणीय राहुल गांधी पूरे देश में संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की उस लड़ाई को मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी क्रान्तिज्योति सावित्री बाई फुले जी के शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार, सम्मान और अवसर पहुँचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति विभाग की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। इसी दौरान कांग्रेस पार्टी ने इंदौर में हुई गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर भाजपा सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें तथा इंदौर की महापौर पर एफआईआर दर्ज की जाए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास करती रही, तो कांग्रेस पार्टी 11 जनवरी को इंदौर में लोकतांत्रिक तरीके से जंगी आंदोलन करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने दलित और आदिवासी परिवारों को जमीन के पट्टे वितरित किए थे, ताकि उन्हें उनका अधिकार सुरक्षित रूप से मिल सके। हालांकि, वर्तमान समय में ये पट्टे भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों के कब्जे में चले गए हैं, जिससे कानून और व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठते हैं। दिग्विजय सिंह ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि यह स्थिति सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के अधिकारों के खिलाफ है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान की घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहब का अपमान हम किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे। जो लोग बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। ज़रूरत पड़ी तो हम बाबा साहब के सम्मान की रक्षा के लिए सीने पर गोली खाने को भी तैयार हैं और सीने पर गोली तानने से भी पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी गईं तथा संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# नपा टीम ने सांड़ों को पकड़कर गौ अभ्यारण्य भेजा

हटा (स्वतंत्र मत)

लंबे इंतजार के बाद सोते से जागे नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के आवारा सांडों को पकड़कर गौ अभ्यारण्य भेजा गया। नगर में लगभग सभी गली चौराहों पर आवारा सांडों के आतंक से नगर बासी पीड़ित थे पिछले दिनों रामगोपाल जी वार्ड निबासी 55 वर्षीय मोहन रैकवार पर आवारा सांड ने प्राणघातक हमला भी किया



था जिसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। था इन्हीं घटनाओं पर अंकुश लगाने सीएमओ राजेन्द्र खरे के नेतृत्व में नपा से बलराम सोनी, कुलदीप पटेल सतीश नहरिया आदि ने हांका लगाकर आवारा सांडों को मंगल भवन में अवरुद्ध किया और पशु विभाग के सहयोग से मंगल भवन में ही सांडों का बधिया करण कराया और उन्हें हारट टोल की कैटल हाइड्रॉलिक ट्रॉली द्वारा गौ अभ्यारण्य भेज दिया।


**OFFICE OF THE PRESIDENT HITKARINI SABHA, CIVIC CENTRE, JABALPUR**

**TENDER NOTICE**

Item rate sealed tenders are invited from firms of repute of contractors, so as to reach the Office of Hitkarini Sabha, Civic Centre, Jabalpur by 3.30 P.M. on 20-01-2026 and shall be opened on 21-01-2026 at 3.30 p.m. in the office of Hitkarini Sabha at Civic Centre in presence of tenderers.
Tenders shall be issued from 05-01-2026, up to 5.30 p.m. on15-01-2026 from Office of Hitkarini Sabha at Civil Centre, Jabalpur during office hours.

| Name of Work | Estimated Cost | Cost of Tender Document | Type of Contract | Earnest Money | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| Re-Construction & Renovation of School Building including Water Supply, Sanitary Works and Internal Electrification at Gorakhpur, Jabalpur | RS. 86.00 Lacs | Rs. 1000/- | PERCENTAGE RATE | Rs. 86000/- | 7 months |

- The details of the project can be seen in the office of the Hitkarini Sabha, Civic Center, Jabalpur during working days from 4pm to 6pm.
- The cost of Tender Document is not refundable.
- The President, Hitkarini Sabha reserves the right to accept or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

**President**
**Hitkarini Sabha, Civic Centre, Jabalpur**

# चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

## भेड़ाघाट के सहजपुर फ्लाईओवर के पास वारदात, आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्रमत)

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर फ्लाईओवर के पास अज्ञात बदमाशों ने स्कॉर्पियो चालक की चाकूओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी। हत्या किसने और किन कारणों से की है गई है, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय अभिषेक उर्फ महेंद्र साहू निवासी पाटन भुवारा गांव का स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 04 टीब-0383 लेकर उज्जैन जाने का कहते हुए घर से निकला था। रास्ते में उसकी गाड़ी खराब हो गई थी वे जब सहजपुर फ्लाईओवर के पास वाहन को सुधरवा रहा था। मिस्त्री सामान लेने के लिए गया था, तभी दोपहर 12 से 1 बजे के बीच बदमाश पहुंचे और चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। मृतक को गले, पीठ, कान के पास चोट के निशान है। हत्या किसने किन कारणों से की है इसका पता नहीं चल सका । प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि शहपुरा स्थित शराब दुकान में मृतक का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### सीसीटीव्ही में दिखे आरोपी

सीसीटीव्ही में आरोपी कैद हो गए है। दो बाइकों से आधा दर्जन आरोपी पहुंचे थे। आरोपियों ने महेंद्र साहू को कार से जबरन नीचे उतारा और चाकुओं से गले पर ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों का भागते हुए सीसीटीवी भी सामने आया है।



### मौके पर पहुंची एएसपी, सीएसपी, एफएसएल टीम

घटना की सूचना मिलते ही एएसपीए अंजना तिवारी, सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा, भेड़ाघाट थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# देर रात अगरबत्ती कारखाने में भीषण आग



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** पनागर के समीप ग्राम मनियारी खुर्द में स्थित एक अगरबत्ती कारखाने में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे भीषण आग लग गई। पिछले करीब 15 वर्षों से संचालित इस कारखाने में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग की लपटों में अगरबत्ती बनाने की तीन मशीनें और लगभग लाखों रुपये का कच्चा माल जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कारखाने के संचालक के रिश्तेदार रात के समय अपने खेत से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर कारखाने पर पड़ी, जहां टीन शेड तक आग की ऊंची लपटें उठती दिखाई दीं। उन्होंने तत्काल कारखाना संचालक विकास पटेल को फोन कर कारखाने में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पानी के पंप चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण उस पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलने के करीब 30 मिनट के भीतर दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। आग बुझने के बाद कारखाने को सुरक्षित किया गया।



# छात्राओं ने लिया सावित्रीबाई फुले के आर्दशों पर चलने का संकल्प

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मनाई गई प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस समय समाज में शिक्षा की अलख जगाई, जब महिलाओं को पढ़ाना पाप समझा जाता था। उन्होंने विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए नारी शिक्षा और समानता के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### जीवन में आत्मसात करें उनके विचार

प्राचार्य ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे सावित्रीबाई फुले के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें, शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भी कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन एवं कार्यों पर विचार व्यक्त किए गए तथा उनके योगदान को याद किया गया। अंत में सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में शिक्षा के प्रसार हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सीजीएचएस सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि एम एन सिंह, अनिल शुक्ला, दिलीप कुंडे, मदन गोपाल शर्मा अर्जुन सिंह के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई । प्रतिनिधिओं ने मुख्य चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ आरपी रावत को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए नव वर्ष की सौहार्दपूर्ण शुभकामनाएं दी। डॉ रावत ने पिछले मुददों की समीक्षा,समाधान करते हुए कार्यान्वयन की कार्यवाही से अवगत कराया। वही सलाहकार प्रतिनिधि एम एन सिंह, अर्जुन सिंह, दिलीप कुंडे,अनिल शुक्ला, मदन गोपाल शर्मा ने डॉक्टरों व स्टाफ जनों के सहयोगात्मक कार्य व्यवहार की सराहना कर इलाज,मेडिसन व परामर्श से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अनिल शुक्ला ने बताया की बैठक में डिस्पेंसरी स्टाफ के मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, आनन्द कुमार का योगदान सराहनीय रहा । बैठक का संचालन मनोज कुमार व सभी के प्रति प्रदीप सिंह ने आभार व्यक्त किया ।

# युवक के साथ मारपीट कर ईंट से हमला

**जबलपुर।** रांझी थानातंर्गत रिछाई क्षेत्र में आग ताप रहे 20 वर्षीय राज कोल के साथ मोहल्ले के शंभू कोल, आजाद उर्फ चीकू कोल, निखिल व लकी कोल ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान ही आरोपी शंभू कोल ने ईंट से हमला कर राज के सिर में चोट पहुंचा दी। इसके बाद चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रांझी पुलिस का खौफ, हाथ जोड़ता दिखा बदमाश

## बदमाश का निकाला जुलूस, जनता से कान पकड़कर मांगी माफी

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

रांझी पुलिस ने कुख्यात बदमाश बाबू मराठा को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला। आरोपी युवक बाबू मराठा रास्ते भर कान पकड़कर अपराध न करने का कहते हुए लोगों से माफी मांगता रहा। रांझी थानाप्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि झंडा चौक रांझी निवासी वैभव उर्फ बाबू मराठा क्षेत्र का कुख्यात बदमाश है, जिसका लम्बे समय से क्षेत्र में आतंक लगातार बढ़ता जा रहा था। दो दिन पूर्व आरोपी ने झंडा चौक क्षेत्र में एक दुकान पर तोड़फोड़ कर कांउटर से कैश लूट लिया, इसके बाद चाकू निकालकर धमकी देते हुए भाग निकला। इस मामले में पुलिस ने सरगर्मी से आरोपी बाबू मराठा को तलाश करते हुए बंदी बना लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट व अवैध वसूली शामिल है। इसके अलावा मोहल्ले के एक सामुदायिक भवन पर आरोपी द्वारा ताला लगाकर कार्यक्रमों को रोकने की शिकायत भी सामने आई थ।. पुलिस ने आरोपी के घर से चाबी मंगवाकर ताला खुलवाया और भवन को उसके कब्जे से मुक्त कराया। आमजन में बदमाश का भय खत्म करने पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकाल दिया, उसे उन क्षेत्रों से पुलिस लेकर निकली जहां पर उसका आंतक रहा। आरोपी बाबू मराठा को कान पकड़कर चलते देख लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार के सामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# चौधरी फर्टिलाइजर्स का लाइसेंस निलंबित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

किसानों को ई-टोकन से बुक की गई खाद के स्थान पर दूसरी साथ खाद तथा खाद के साथ अन्य सामग्री लेने को मजबूर करने की किसानों से प्राप्त शिकायतों पर उप संचालक कृषि ने दीनदयाल चौक स्थित मेसर्स चौधरी फर्टिलाईजर का लाइसेंस तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों से शिकायत प्राप्त हुई थी कि चौधरी फर्टिलाइजर द्वारा ई-टोकन जनरेट करने के बावजूद बुक की गई खाद के जगह दूसरी खाद तथा अन्य सामग्री लेने के लिये दबाव डाला जाता है। दूसरी खाद क्रय करने से मना करने पर प्रतिष्ठान के प्रोप्राइटर द्वारा पीओएस मशीन खराब होने का हवाला देकर खाद नहीं दी जाती। जबकि, इस प्रतिष्ठान से आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से निरंतर उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है।

# स्कूल शिक्षा मंत्री का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का आज रविवार 4 जनवरी को सुबह 11 बजे नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह सीधे ममानस भवन पहुंचेंगे जहां वे वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह दोपहर 1 बजे गुरुद्वारा मदनमहल में दशम सिख गुरु गोविंद सिंघजी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 2 बजे कार द्वारा ग्राम लोलरी प्रस्थान करेंगे।



# कलेक्टर-निगमायुक्त ने जांची पीने के पानी की गुणवत्ता

## इंदौर में दूषित पानी से अब तक हो चुकी 16 मौतें

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** इंदौर में दूषित पानी पीने से अब तक 16 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इधर जबलपुर में नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शनिवार को रमनगरा, भोंगाद्वार और गौर नदी स्थित जल शोधन संयंत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि स्वयं पानी पीकर उसकी शुद्धता को परखा। पानी के विभिन्न मानकों की जांच के बाद रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर श्री सिंह ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में की जा रही जल आपूर्ति पूरी तरह से पीने योग्य और मानक स्तर की है।

# ठंडे भजिए ने गर्म कर दिया बड़े फुआरा क्षेत्र का माहौल

## होटल में हुआ विवाद सड़क तक पहुंचा, पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज

## कोतवाली के कमानिया में देररात हुई घटना, सड़क पर उतरा जैन समाज

जबलपुर (स्वतंत्रमत)



कोतवाली थाना क्षेत्र में कमानिया गेट के पास बड़कुल होटल में बीती रात ठंडे भजिया को लेकर ग्राहक और होटल मैनेजर के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद बवाल मच गया। दरअसल आरोप है कि होटल के कर्मी ने अपने साथियों को बुला लिया, जो कि बेसबाल के डंडे लेकर पहुंचे और मारपीट कर दी, इतना ही नहीं आरोप है कि उन्होंने जैन समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसने मामले को गर्मा दिया और देखते ही देखते जैन समाज के सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई और विरोध जताया। वहीं भीड़ देखकर आरोपी होटल में दुबक गये, जिन्हें आक्रोशित लोग बाहर निकालने की जिद करने लगे। वहीं सूचना पर कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उन्होंने स्थिति को नियंत्रण करने लाठीचार्ज कर दिया। इसके बाद आरोपियों को होटल से सुरक्षित बाहर निकालकर थाने ले जाया गया। लाठीचार्ज की खबर ने भीड़ को और बढ़ा दिया और भारी संख्या में जैन समाज के लोग सड़कों पर उतर आये, जिन्होंने पुलिस पर पक्षपात का का आरोप लगाते हुए पुलिस की कार्रवाई की निंदा की।

### कहासुनी के बाद बढ़ा विवाद

जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी राजकुमार जैन रात करीब 11 बजे बड़कुल स्वीट्स पहुंचे थे। वहां मौजूद मैनेजर रोहित से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। राजकुमार का आरोप है कि विवाद के दौरान उनके साथ गाली-गलौज की गई। विवाद बढ़ने पर रोहित ने किसी को कॉल किया। जिसके बाद उसके साथी बेसबॉल के डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और मारपीट की। घटना को लेकर जैसे ही जैन समाज के लोगों को पता चला तो सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और मैनेजर रोहित राजपूत के साथियों पर टूट पड़े। जिसके जान बचाकर युवक दुकान में घुस गए। राजकुमार जैन का आरोप है कि मारपीट के दौरान समाज विशेष के खिलाफ अपशब्द कहे गए, जिससे जैन समाज में भारी आक्रोश फैल गया।

### तीन लोगों पर प्रकरण दर्ज

एडिशनल एसपी सिटी आयुष गुप्ता ने बताया कि राजकुमार जैन की शिकायत पर फिलहाल तीन लोग अतुल पटेल, रोहित राजपूत और सचिन शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के दौरान कुछ लोग गिरकर घायल हुए है। हालांकि अभी तक किसी को गंभीर चोट की पुष्टि नहीं हुई है। इसके साथ ही सब इंस्पेक्टर अनिल गौर और कुछ पुलिस कर्मियों को भी चोटे आई है, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### मौके पर पुलिस बल तैनात

देररात तक मचे बवाल से मौके पर भगदड़ के हालात बन गये थे। पुलिस द्वारा किये गये बल प्रयोग के बाद कुछ लोग घायल हुए, वहीं पुलिसकर्मियों को भी चोट लगने की चर्चा है। हंगामा बढ़ता देख मौके पर दो एडिशनल एसपीए चार सीएसपी सहित 8 से अधिक थानों और पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त बल क्षेत्र में लगाया गया है। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया सहित अन्य गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए है, ताकि किसी तरह की अफवाह या भड़काऊ सामग्री से माहौल और खराब न हो सके। बहरहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रित है।

### ठंडी भजिया को लेकर हुआ था विवाद

वहीं बताया जा रहा है कि राजकुमार जैन बड़कुल स्वीट्स में कुछ खाने के लिये गये थे। जहां ठंडी भजिया को लेकर उनकी मैनेजर रोहित से कहा सुनी हो गई। जिस पर उनका आरोप है कि कर्मी रोहित ने उनके साथ अभद्रता करते हुए समाज के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। जिसके बाद सैकड़ों की तादाद में जैन समाज के लोग मौके पर पहुंचे गये। भीड़ से बचने रोहित व उसके साथी होटल में ही छिप गये। जिन्हें लोग बाहर निकालने की बात करने लगे। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन भीड़ आरोपियों को उनके हवाले करने की मांग करने लगी। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर युवकों को सुरक्षित बाहर निकालकर अपनी हिरासत में लिया।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**